ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक कृष्ण पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 08 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-24 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'डॉन-3' में रणवीर के साथ नजर आएंगी ... पेज 10 पर

गागर में सागर

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार का हेड क्लर्क ईडी कार्यालय पहुंचा, पूछताछ शुरू

रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) का हेड क्लर्क दानिश रिजवान मंगलवार को रांची के हिनू स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचा। ईडी ने उससे पूछताछ शुरू कर दी है। वह ईडी के खिलाफ साजिश के आरोप में पूछताछ के लिए हाजिर हुआ है। इससे पूर्व सोमवार को बड़ा बाबू सहित तीन को ईडी ने समन भेजा था। इसमें दानिश को मंगलवार को ईडी के जोनल कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया था। ईडी के छापेमारी में इस बात का खुलासा हुआ कि हेड क्लर्क दानिश अपने मोबाइल से ईडी के गवाहों को धमकी देता था। छापेमारी के दौरान ईडी ने दानिश का मोबाइल जब्त किया था। ईडी को जांच के दौरान उसके मोबाइल में कई गवाहों के नंबर और बातचीत की रिकॉर्डिंग भी मिली है। पूछताछ के दौरान मोबाइल से मिले साक्ष्य के आधार पर ईडी उससे पूछताछ कर रही है।

पश्चिमी सिंहभूम में दो आईईडी बम बरामद

पश्चिमी सिंहभूम। पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा)के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के लेमसाडीह के समीप से सुरक्षाबलों ने दो आईईडी बम बरामद किया है। बरामद आईईडी बम में एक छह किलो और दूसरा एक किलो का बताया गया है। दोनों आईईडी बम को डिफ्यूज कर दिया गया है। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ सर्च के दौरान सुरक्षाबलों को लक्षित करने के लिए लगाये गये दो आईईडी बम को पुलिस ने बरामद किया। दोनों आईईडी बम को घटनास्थल पर ही सुरक्षाबलों ने डिफ्यूज कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के सफाये तक इलाके में सर्च अभियान जारी रहेगा।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये आईपीएस अफसर आर रामकुमार

रांची। आईपीएस आर रामकुमार को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए विरमित कर दिया गया है। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से मंगलवार को आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आर रामकुमार केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के तहत सीबीआई एसपी के पद पर योगदान देने के विरमित किए गए हैं। वह 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी है।

एशियन हॉकी फेडरेशन ने जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के साथ साझेदारी की घोषणा की

रांची। एशियन हॉकी फेडरेशन ने भारत सहित पूरे एशिया में युवा और महत्वाकांक्षी महिलाओं को सशक्त बनाकर हॉकी में क्रांति लाने के दृष्टिकोण के तहत जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सामाजिक विकास शाखा के साथ साझेदारी की घोषणा की। दातो इकराम के प्रेसिडेंट ने कहा कि जेएसडब्ल्यू के साथ यह साझेदारी उन महत्वाकांक्षी महिलाओं को सशक्त बनाकर हॉकी के खेल में न सिर्फ खिलाड़ी के रूप व अन्य भूमिकाओं में है, बल्कि सामाजिक विकास में जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का ज्ञान और अनुभव अभूतपूर्व है। चेयरपर्सन संगीता जिंदल ने कहा कि लैंगिक समानता को प्रखरता से बढ़ावा देना, भारत और एशिया के 30 देशों में हॉकी के क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाना है।

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023

आस्ट्रेलिया - 293/7 (46.5ओवर)
अफगानिस्तान - 291/5 (50 ओवर)

आज का मैच

इंग्लैंड बनाम नीदरलैंड : पुणे (2:00 बजे से)

बीआइटी लालपुर में खेल महोत्सव

टीम यूरेका व ज्यूस बनी विजेता

रांची । बीआईटी लालपूर के खेल महोत्सव में फाइनल मुकाबला में महिलाओं की टीम यूरेका और रोप वारियर्स के बीच हुआ। दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। इस रोमांचक मुकाबले में रोप वारियर्स की टीम ने फाइनल का खिताब जीत लिया। इस खेल में इशानी कपूर, अभिलाषा, खुशी सृष्टि ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। वहीं, उपविजेता टीम की ओर से अपूर्वा, मीनल और विश्वा ने काफी मेहनत किया पर रस्सी अपने पाले में खींच न सकी। जबकि, पूरूषों का मुकाबला टीम ज्यूस ने खिताब जीता। आज के इस आयोजन में शामिल डॉ संदीप नाथं शाहदेव, डॉ प्रशान्त कुमार , दीपक कुमार मिश्र, शांतनु कुमार, अनामिका कुमारी, मिनी दुबे, डॉ संजय, शांतनु सिन्हा, कलेस्व्र , डॉ प्रदीप मुंडा, डॉ आशुतोष मिश्रा मनोज कुमार, निखिल , आस्था मिश्रा ,दीपक जेना, आदित्य कुमार उपस्थित होकर खेलाडियो को उत्साहित किया।

रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में अब नहीं होगा फर्श पर इलाज, पुरानी इमरजेंसी में 50 बेड लगेंगे

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रभारी निदेशक बनने के बाद डॉ आरके गुप्ता ने रिम्स की व्यवस्था को बदलने का हर संभव प्रयास किया है। सेंट्रल इमरजेंसी से लेकर न्यूरोसर्जरी विभाग तक मरीजों को कैसे बेहतर इलाज मिल सके, इसपर ब्लूप्रिंट तैयार कर काम किया जा रहा है। बता दें कि यहां के न्यूरोसर्जरी विभाग में सालों भर मरीजों को फर्श पर इलाज करने की मजबूरी बनी रहती है। ऐसे में इस समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रबंधन ने कदम उठाया है। पुराने सेंट्रल इमरजेंसी को डेडीकेटेड न्यूरोसर्जरी वार्ड के रूप में विकसित किया जा रहा है। युद्ध स्तर पर रिनोवेशन का काम किया जा रहा है। एक महीना के अंदर काम पूरा कर प्रबंधन को हैंडओवर कर दिया जाएगा। जहां 50 बेड की व्यवस्था होगी।

50 बेड की होगी व्यवस्था : निदेशक

रिम्स निदेशक डॉ। राजीव गुप्ता ने कहा कि पुराने इमरजेंसी में अभी 50 बेड की व्यवस्था शुरू की जाएगी। करीब इतने ही रोगी फर्श पर इलाज कराते हैं। वार्ड शुरू होने से फर्श पर इलाज बंद कराया दिया जाएगा। पुराने इमरजेंसी में ऑक्सीजन प्वाइंट पहले से लगे हैं, इन्हें भी दुरुस्त कराया जा रहा है। यहां हर बेड पर वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है। 8 नवम्बर से वॉलीबॉल के मैच का शुभारंभ होगी जो 12 टीमों के बीच मुकाबला होगा।

पुरानी सेंट्रल इमरजेंसी को लेबर रूम में करना था तब्दील

शुरूआत में पुराने सेंट्रल इमरजेंसी को लेबर रूम में तब्दील करने की तैयारी थी। क्योंकि दर्द से कराहती गर्भवती महिलाओं को भी चौथे तल्ले पर ले जाने की नौबत आती है। कई बार लिफ्ट खराब होने के कारण गर्भवती को रैंप से चलाकर ले जाना पड़ता है, जिससे उनकी पीड़ा और बढ़ जाती है। इसलिए लेबर रूम को ग्राउंड फ्लोर में लाने की तैयारी थी। हालांकि, प्रबंधन ने न्यूरोसर्जरी के रोगियों की पीड़ा को समझते हुए इसे न्यूरोसर्जरी वार्ड में तब्दील करने का फैसला लिया है।

चंदवा थाना के चौकीदार की गोली मारकर हत्या

चंदवा-मैकलुस्कीगंज पथ पर अज्ञात अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी की अज्ञात अपराधियों ने गोलीमार कर हत्या कर दी है। घटना चंदवा माल्हन-मैकलुस्कीगंज मुख्य पथ पर दूबी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार शाम चार बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाने में चौकीदार के पद पर कार्यरत थाना क्षेत्र के माल्हन निवासी सदीक अंसारी मंगलवार की शाम अपने गृह क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार लोहरसी से चंदवा की ओर अपनी बाइक से लौट रहा था। इसी बीच दूबी पेट्रोल पंप के नजदीक अज्ञात अपराधी उसे गोली मारकर फरार हो गए। गोली लगने से घायल चौकीदार वहीं सड़क के किनारे गिरा पड़ा था, जिसे मैकलुस्कीगंज की ओर से लौट रहे से किसान नेता प्रमोद साहू ने आटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया, जहां डॉक्टर मनोज कुमार ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। उनके परिजन और अन्य लोग अस्पताल परिसर पहुंचे। लोगों में इस घटना के प्रति आक्रोश बढ़ रहा था और इस घटना को कायरतापूर्ण कृत्य बताया जा रहा था। थाना प्रभारी शुभम कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मुआयना किया। घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल भी बरामद किया है। घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने सड़क को थोड़ी देर के लिए जाम कर दिया। ग्रामीण अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

झारखंड हाई कोर्ट ने जेल से ईडी अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने के मामले में सील बंद रिपोर्ट मांगी

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद मनी लाउंड्रिंग केस के आरोपितों प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल की सक्रियता के मामले में सील बंद रिपोर्ट मांगी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने मंगलवार को इस मामले में ईडी को सील बंद रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। झारखंड में लैंड स्कैम, बालू के अवैध कारोबार, शराब टेंडर में हुए कथित घोटाले और अवैध खनन जैसे करोडो रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी ईडी के अधिकारियों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रची जा रही थी। इस सूचना के बाद ईडी ने जेल में छापेमारी भी की, जिसके बाद जेल के तीन अधिकारियों को एजेंसी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। छापेमारी के दौरान यह जानकारी मिली कि ईडी के एक अफसर को धुर्वा थाने के द्वारा एसटी-एससी केस में आरोपित करने के बाद एक बार फिर नये सिरे से एक गंभीर किस्म के आरोप में फंसाने की साजिश जेल से ही रची गयी थी।

अफसरों को क्रिप्टो और निवेश संबंधी ठगी की जांच की ट्रेनिंग

आज साझा रणनीति बनाने को लेकर होगी बैठक

रांची। साइबर अपराध पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस अफसरों व अन्य स्टेकहोल्डरों को क्रिप्टोकरेंसी व निवेश संबंधी फजीर्वाड़ों की जांच व उससे बचाव की ट्रेनिंग दी गई। मंगलवार को जैप वन ऑडिटोरियम में केंद्रीय गृह मंत्रालय के साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), सीआईडीके अधिकारियों के द्वारा ट्रेनिंग आयोजित की गई थी। ट्रेनिंग के दौरान क्रप्टोकरेंसी व निवेश के अलग अलग पहलुओं, पार्ट टाइम नौकरी के पर हो रही जालसाजी के विषयों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान तकनीकी- कानूनी पहलुओं पर केस का अनुसंधान किस तरह किया जाएगा, इसकी जानकारी दी गई। पहले दिन की ट्रेनिंग में 14 डीएसपी, 37 प्रोबेशनर डीएसपी, 48 लोक अभियोजक, 14 इंस्पेक्टर, 128 दरोगा, पश्चिम बंगाल के एस डीएसपी व दो दरोगा व ईडी के एक पदाधिकारी ट्रेनिंग में शामिल हुए। झारखंड के सभी पुलिस पदाधिकारी वेबेक्स पर ऑनलाइन शामिल हुए। ट्रेनिंग के बाद सेशन बेस्ड एसेस्मेंट टेस्ट भी हुआ। जिसमें जीतने वाले पुलिस पदाधिकारियों को उचित पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के समापन में राज्य के एडवोकेट जनरल राजीव रंजन, डीजी पुलिस भवन निगम प्रशांत सिंह उपस्थित हुए।

आज छह राज्यों के साथ बैठक

साइबर अपराध पर लगाम कसने के लिए बुधवार को झारखंड, बंगाल, बिहार, ओडिसा, यूपी और छतीसगढ़ पुलिस के पदाधिकारियों की बैठक होगी। आई4सी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में होने वाली संयुक्त साइबर अपराध समन्वय टीम की बैठक में साइबर अपराध पर नियंत्रण की रणनीति बनायी जाएगी।

वन भूमि खरीद-बिक्री मामले में सीबीआई और निजी स्टील कंपनी को

प्रतिवादी बनाने पर केंद्र सरकार ने मांगा समय

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव की जनहित याचिका पर मंगलवार को चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुनवाई की। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से सीबीआई और निजी स्टील कंपनी को प्रतिवादी बनाने को लेकर हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की गई, जिस पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से समय की मांग की गई। याचिका में उठाए गए बिंदुओं पर जवाब के लिए भी केंद्र सरकार ने जवाब देने के लिए समय मांगा है।

मामले में जीवीके पावर की ओर से भी जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से ज्ञानरंजन नाथ शहदेव ने पैरवी की। पूर्व में कोर्ट ने सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज और नेशनल मिनिरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को मामले में प्रतिवादी बनाया था। कोर्ट को बताया गया था कि कुछ प्राइवेट कंपनियों और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि को खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है,जिसकी जांच कराई जानी चाहिए, जिसके बाद कोर्ट ने उक्त प्राइवेट कंपनियों को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट के समक्ष राज्य के फॉरेस्ट का ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई थी। इसमें बताया गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक के तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। राज्य में 62952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमणकारियों ने रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन को खरीद लिया है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया एवं राज्य सरकार के कुल फॉरेस्ट एरिया में लगभग 2.5 लाख का अन्तर है।

शिक्षण संस्थान में भ्रष्टाचारमुक्त वातावरण और पारदर्शिता आवश्यक : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भ्रष्टाचार कैंसर के समान होता है। किसी भी शिक्षण संस्थान में विकास के लिए वहां भ्रष्टाचारमुक्त वातावरण के साथ पारदर्शिता के साथ कार्य का होना आवश्यक है। कुलपति की नियुक्ति में सिर्फ एक मानदंड योग्यता होगा। सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए नियुक्ति की जायेगी। सारी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जो योग्य होंगे, उनकी नियुक्ति की जायेगी।

राज्यपाल मंगलवार को राजभवन की ओर से यूनिवर्सिटी विजन एंड स्ट्रेटेजी डेवलपमेंट विषय पर रांची के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड का कोई भी विश्वविद्यालय देश के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों की सूची में नहीं है, हमें इसे गंभीरतापूर्वक लेना होगा और उन कारणों एवं विसंगतियों को दूर करना होगा। इससे इनकी उत्कृष्टता में बाधा उत्पन्न हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में नित्य हो रहे बदलाव और तकनीकी विशिष्टताओं को भी अंगीकृत करना होगा। साथ ही लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रतिबद्ध होकर दूरदर्शिता और समर्पण की भावना के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अब हमें सिर्फ राष्ट्रीय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों पर भी खड़ा उतरना होगा।

उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का लगभग 100 एकड़ के कैम्पस में शिफ्ट होना तय हुआ है। संरचना अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा और विद्यार्थी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अन्य जगहों पर कटौती करते हुए छात्रहित में विश्वविद्यालय को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार राशि उपलब्ध कराती है ताकि विद्यार्थियों का भविष्य बन सके। यह विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है कि इन राशि का उपयोग विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में करें। राज्यपाल ने कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षाविदों से कहा कि सभी कठिनाइयों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए भविष्य का ऐसा रोडमैप बनाएं कि उस पर चलकर यहां के विश्वविद्यालय नित्य-नया मुकाम हासिल करें। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विकास हो। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वंचित वर्ग विशेषकर अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लड़के-लड़कियों की सहभागिता को सुनिश्चित करें। उन्होंने छात्रहित में एकेडमिक कैलेंडर के पालन के लिए निर्देश दिया। उन्होंने पिछड़े सुदूरवर्ती क्षेत्रों में तकनीकी संस्थान की स्थापना की बात कही। कार्यक्रम को राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार ने भी संबोधित किया।

कभी कांग्रेस की गढ़ रहे पलामू लोकसभा को लेकर राजद व झामुमो की भी सक्रियता

आईएनडीआईए घटक दलों में रार के आसार

अखिलेश चौबे

मेदिनीनगर। एससी के लिए आरक्षित प्रतिष्ठापरक पलामू लोकसभा सीट को लेकर आईएनडीआईए घटक दलों में रार के प्रबल आसार नजर आ रहे हैं। कभी कांग्रेस का गढ़ रही सीट पर राजद व झामुमो भी गिद्ध दृष्टि लगाये बैठे हैं। 1952 के पहले लोकसभा चुनाव से लेकर 1984 तक पलामू लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने अपना दबदबा बनाये रखा। इस दौरान अपवाद स्वरूप 1962 में स्वतंत्र पार्टी व आपात काल के बाद 1977 में हुए संसदीय चुनाव में जनता लहर पर सवार जनता पार्टी के उम्मीदवार अपना विजय पताका फहराने में अवश्य सफल हुए। किंतु कहते हैं किसी का भी समय सदैव एक समान नहीं होता। 1989 के लोकसभा चुनाव में एकीकृत बिहार में तत्कालीन सत्ताधारी राजद के जोरावर राम ने कांग्रेस की झोली से पलामू सीट छीन ली। तब से कांग्रेस जोर लगाने के बाद भी इस सीट पर वापसी करने में असफल रही है। यहां तक कि चुनाव दर चुनाव उसका ग्राफ भी गिरता रहा है। उसके बाद हुए लोक सभा चुनावों में तीन बार राजद तो 2009 के लोकसभा चुनाव में झामुमो ने बाजी मारी। वर्तमान में कांग्रेस, राजद व झामुमो का संयुक्त गठबंधन जहां बिहार में सरकार चला रहा है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए के प्रतिउत्तर में गठित आईएनडीआईए गठबंधन के भी तीनों महत्वपूर्ण घटक हैं। पलामू लोकसभा को लेकर सभी के अपने-अपने दावे बताये जा रहे हैं।

सीएम हेमंत की खास नजर, एक माह में दो दौरा से कयासों का बाजार

बढ़े भाई की भूमिका में रहना चाहता है झामुमो

झारखंड विधान सभा में 30 सीटों के साथ बड़े भाई की हैसियत रखने वाले झामुमो की चाहत लोकसभा चुनाव में भी इसी भूमिका में रहने की है। शीर्ष स्तर पर तो नहीं गाहे-बगाहे स्थानीय स्तर पर पार्टी के पदाधिकारी अपनी हसरत बयां भी कर देते हैं। तीन बार प्रतिनिधित्व करने वाले राजद भी खुद को कमतर नहीं आंक रहा है।

सीएम की सक्रियता से लग रहे कयास

पलामू क्षेत्र को लेकर सीएम हेमंत सोरेन की बढ़ती सक्रियता से भी कयासबाजी का दौर शुरू हो गया है। अक्टूबर माह में दो बार पलामू का दौरा कर मुख्यमंत्री ने जहां पलामू के प्रति अपने गंभीर रूख का संकेत दिया है। वहीं वे कार्यकर्ताओं को संदेश देने के साथ जनमानस का नब्ज भी टटोल रहे हैं।

झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के अफसरों को फंसाने की साजिश

गवाहों को धमकाने के मामले में मांगी रिपोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद मनी लाउंड्रिंग के आरोपियों द्वारा ईडी के अफसरों को फंसाने की साजिश और गवाहों को धमकाने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी से रिपोर्ट मांगी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने एजेंसी को इस पूरे मामले पर सीलबंद रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सनद रहे कि ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में बीते दिन दिए गए आवेदन में कहा था कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद कुछ अभियुक्त ईडी के अफसरों को झूठे मुकदमे में फंसाने और उन्हें नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं। ईडी का कहना है कि मनी लॉन्ड्रिंग के अभियुक्त उनके अफसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों और अपराधियों के भी संपर्क में हैं। इसकी पूरी रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी थी। कोर्ट में दिए गए इसी आवेदन के आलोक में ईडी को बीते 3 नवंबर को जेल में छापेमारी की इजाजत दी गई थी। इस दौरान एजेंसी ने जेल के कुछ सीसीटीवी फुटेज और जेल के हेड क्लर्क दानिश का मोबाइल फोन जब्त किया था। जांच में जानकारी मिली कि दानिश अपने मोबाइल से मनी लॉन्ड्रिंग के गवाहों को धमकी दे रहा था। उसके मोबाइल में कई गवाहों के नंबर और बातचीत का रिकॉर्डिंग मिली है।

गागर में सागर

विधायक ने किया नाली निर्माण योजना का शिलान्यास

हरिहरगंज। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खड़गपुर पंचायत के भांवर गांव में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने नाली निर्माण योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया। मौके पर मौजूद एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर कार्य योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का निर्माण विधायक निधि से किया जाएगा। लोगों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उनकी इच्छा है कि हरिहरगंज क्षेत्र में बेहतर योजनाओं के माध्यम से विकास की गति तेज हो। इस अवसर पर एनसीपी के जिला सचिव अजय सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, अरविंद शर्मा, राजकुमार, मुरारी यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

सहायक अध्यापकों की बैठक अभिषेक शर्मा बने अध्यक्ष

हुसैनाबाद। आंकलन परीक्षा के सफल सहायक अध्यापकों की बैठक वरिष्ठ सहायक अध्यापक सुनील पाठक की अध्यक्षता में राजकीय कन्या मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम सलाह समिति का गठन कर आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघ हुसैनाबाद का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अभिषेक शर्मा को अध्यक्ष, रामप्रवेश राम व उपेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष,अनिल कुमार को मीडिया प्रभारी, वैद्यनाथ पासवान को सचिव, विंध्याचल सिंह को सह सचिव, अविनाश सिन्हा को कोषाध्यक्ष,रजनीश कुमार को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। चुनाव कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ सहायक अध्यापक राजेश सिन्हा,संजय पासवान,रामचंद्र राम,अनिल कुमार सिंह,रंजीत कुमार सिंह,गोविंदा सिंह,रंजन कुमार सिंह,पप्पू पासवान,दिलीप भगत,कृष्ण कुमार राम,विनय शर्मा,अभिषेक सिंह, सुनील यादव, जयकुमार, संतोष पासवान,अभय पासवान, अखिलेश यादव, मुरली अध्यापक सुनील पाठक द्वारा शपथ दिलाई गई।

एसएसएमएस डिग्री कालेज में सेमीनार का आयोजन

स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका पुरुषों से कम नहीं : डा. अवध किशोर

सेमीनार के निर्धारित विषय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका विषय पर वक्ताओं ने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया

नवीन मेल संवाददाता

सगालीम। तरहसी के सुखदेव सहाय मधेश्वरा सहाय डिग्री महाविद्यालय के सभा कक्ष में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इतिहास विभाग द्वारा आयोजित सेमीनार के निर्धारित विषय भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका विषय पर वक्ताओं ने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। मुख्य प्रवक्ता एनपीयू के इतिहास विभाग के प्रमुख डा. अवध किशोर पांडे ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका पुरुषों से कम नहीं है। कस्तूरबा गांधी, रानी दुर्गावती, सरोजिनी नायडू, रानी लक्ष्मीबाई, एनी बेसेंट सहित कई गुमनाम महिलाएं हैं। जिन्होंने देश को आजाद कराने में अहम भूमिका का निर्वहन किया है। कुछ ने तो अंग्रेजों के खिलाफ हथियार तक उठाए हैं। परंतु कई गुमनाम महिलाएं ऐसी हैं जो पुरुष क्रांतिकारियों को पीछे से मजबूती प्रदान किया है। जीएलए कॉलेज इतिहास विभाग के प्रमुख डा. राजेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं के सहयोग के बिना आजादी की लड़ाई में सफलता पाना आसान नहीं था। कस्तूरबा गांधी सहित कई ऐसी वीर महिलाएं हैं जिन्हें जेल तक की यात्रा करनी पड़ी थी। एसएसएमएस कालेज इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा.अरुण कुमार तिवारी व प्रभारी प्राचार्य प्रभाकर ओझा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया। छात्रा शाहिद खातून, मीरा कुमारी, अनामिका कुमारी, छात्र शिवम पांडे एवं सलाहकार संतोष अग्रवाल ने भी उपयोगी जानकारी दी। इसके पूर्व कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर सहायक प्राध्यापक बजरंगी गुप्ता, नेहा कुमारी, कमला कुमारी, प्राजंलि कुमारी, रामजन्म पांडे,नियाज अहमद,अर्चना कुमारी, सुषमा कुमारी, धर्मेंद्र कुमार,सुशीला कुमारी,कुसुम शर्मा, सरिता कुमारी, अमरनाथ गुप्ता, सविता पांडे, राजकुमार,अंजनी पाठक, संदीप कुमार,वसीम अकरम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिंपी गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. अरुण कुमार तिवारी ने किया।

प्रखंड परिसर में रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन कैम्प का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत मंगलवार को रोजगार मेला सह प्रखंड स्तरीय मोबिलाइजेसन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,उप प्रमुख इंदु देवी, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ने कहा कि युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत कई तरह के प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर जेएसएलपीएस के प्रखंड कॉर्डिनेटर अंजनी कुमार ने बताया कि रोजगार मेला में 52 युवक- युवतियों का रजिस्ट्रेशन किया गया व 9 लोगों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवा सिक्योरिटी गार्ड, ऑटोमोबाइल समेत अन्य सेक्टर में रोजगार पाना चाहते है तो वह जेएसएलपीएस कार्यालय में पहुचकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। उन्होंने कैंप में उपस्थित

माहवारी स्वच्छता विषय पर दी गई जानकारी

गुरहा में किशोरियों के लिए उन्मुखीकरण शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। प्रखंड अंतर्गत गुरहा पंचायत के बुलबुलिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में केतात बाबा मकरंद सेवा समिति व प्रोजेक्ट बाला के संयुक्त तत्वावधान में माहवारी स्वच्छता विषय पर किशोरियों के लिए उन्मुखीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षकों ने किशोरियों को माहवारी के बारे में बताते हुए उस दौरान बरते जाने वाले सावधानियों की भी जानकारी दी। इस दौरान किशोरियों के बीच पुनः उपयोग में लाये जाने वाले सैनेटरी पैड का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रशिक्षु बालिकाओं को को स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं पर्यावरण के महत्व पर भी जागरूक किया गया। मौके पर मुखिया राधा साव, बाबा मकरंद सेवा समिति के अभिषेक चौबे, हितेश चौबे, मनीष चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

विश्रामपुर। नप मुख्यालय में राजद के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश गुप्ता के आवासीय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा मे स्व.जगनारायण प्रसाद गुप्ता के चित्र पर लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। स्व.गुप्ता के आकस्मिक निधन पर मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। बताते चलें कि पिछले दिनों वरीय राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता के बड़े भाई जगनारायण गुप्ता का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा,जिला पार्षद विजय रविदास अन्य कई लोग मौजूद थे।

अनुमंडल अधिकारी ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

नपं के पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। नगर पंचायत छतरपुर के गठन के 6 साल के बाद भी नगर का विकास अधूरा है। नगर पंचायत द्वारा महज खानापूर्ति की जा रही है। करोड़ों खर्च करने के बाद भी इलाके का हाल बेहाल है। आलम यह है कि खरीदी गई गाड़ियां पार्किंग में सड़ रही हैं। नगर के विकास हेतु नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने नव पदस्थापित एसडीओ हीरा कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। अरविन्द ने जिन समस्याओं की ओर कार्यपालक अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है। उनमें नगर क्षेत्र में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटों की खरीदारी में लगभग दो करोड़ 48 लाख की अनुमानित लागत आयी है। अगर प्रति लाइटों की कीमत देखें तो प्रति लाईट की कीमत लगभग 85 सौ पड़ रही है। जबकि वास्तविक मूल्य बेहद कम प्रतीत होता है। कहीं न कहीं यह घोटाले की ओर संकेत करते हैं। लाइटें लगने के साथ खराब हो रही है। ऐसे में उनके गुणवत्ता पर भी सवालिया निशान लग रहा है। नगर में ऑटो स्टैंड का निर्माण कर मूलभूत सुविधाएं बहाल करने। जलसंकट के मद्देनजर पीएचईडी द्वारा पांच पांडव पहाड़ी पर निमार्णाधीन पानी टँकी का निर्माण अविलम्ब सुनिश्चित कराने ताकि नगर में व्याप्त जल संकट से निबटा जा सके। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर में चारो तरफ कूड़े व गंदगी का अम्बार पसरा है। उसकी सफाई सुनिश्चित कराई जाए। नगर में टाउनहाल और नगर पंचायत के कार्यालय का निर्माण सुनिश्चित कराने। नगर में स्वच्छ वातावरण बनाने व लोगों के सेहत के मद्देनजर पार्क का निर्माण कराने, नगर में आवंटित पीएम आवास के सभी लाभुकों को उनकी किस्त का भुगतान सुनिश्चित कराकर आवास पूर्ण कराने की मांग की गई है।।

ट्रेन की चपेट में आये वृद्ध की हुई शिनाख्त

हुसैनाबाद। सोमवार को जपला-सोननगर रेलखंड के जपला-काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन के बीच अघेरिया गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से मृत 65 वर्षीय वृद्ध की शिनाख्त हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के तकेया सबानो गांव निवासी रामजतन मेहता के रूप में की गई। मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जहां से उनके परिजन शव को अपने घर ले गए।

एसडीओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

हरिहरगंज। पिपरा प्रखंड स्थित सभागार में मंगलवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, बीडीओ अनिता केरकेट्टा आदि मौजूद थे। बैठक में मतदाता सूची में नाम जोड़ने पर बल दिया गया। एसडीओ ने निर्देश दिया कि बीएलओ घर- घर जा कर मतदाता सूची में सुधार करें। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के साथ ब्लैक एंड व्हाइट फोटो की जगह रंगीन फोटो लगायें। हर हाल में मृत मतदाताओं का सूची से नाम विलोपित करें। साथ ही 18 वर्ष उम्र के सभी लोगों का मतदाता सूची में नाम अंकित कर वर्ष 2024 में वोटर लिस्ट को हेल्दी बनाऐं।

संत तुलसीदास कॉलेज में छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने किया रक्तदान

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में स्थापित संत तुलसीदास महाविद्यालय में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कई छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में शिक्षिका अस्मिता पाण्डेय, साधना मिश्रा,अमीना खातून, शबनम निशा,संत कुमार मिश्रा शामिल रहे। वहीं छात्र रोहित कुमार, सौरभ कुमार,साजन कुमार, दीपक कुमार, शिव चौधरी, विरेंद्र कुमार ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य संतोष मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री मिश्रा ने कहा की रक्तदान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं होता है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश शुक्ला ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में दो बार जरूर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा रक्तदान भी राष्ट्र सेवा है। इससे कई सैनिकों व जरूरमंद भाई-बहनों की जान बचाई जायेगी। मौके पर प्रोफेसर रंजन दुबे, कृष्ण कुमार चौबे, संतोष शुक्ला, शशि रंजन सिंह, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, रामजी चौबे, अजय ओझा के अलावा प्रधान सहायक अमित कुमार, जितेंद पाठक, सुनील कुमार,संजय पांडे,रामेश्वर राम,नरेंद्र मिश्रा, विनय कुमार, सुधीर यादव,संगीता कुमारी, आशीष पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद थे।

मौलाना अब्दुल शकूर के नमाज ए जनाजा में हजारों शामिल

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। मंगलवार को सैखुल हदीस मुफ्ती मौलाना हजरत अब्दुल शकूर अलैहे रहमतो रिजवान को बंजारी स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इसके पहले हजारों लोग उनकी आखिरी जियारत के लिए हरिहरगंज सीता प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित नमाज-ए-जनाजा में शरीक हुए। हर कोई हजरत के जनाजे को कंधा देने के लिए उत्सुक था। ज्ञात हो कि सौ वर्षीय मौलाना शकूर के निधन की खबर सुनते ही भारी संख्या में लोग हरिहरगंज के सतगांवा स्थित उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। जनाजे की नमाज अदा करने के बाद सुपुर्द-ए-खाक के लिए मौलाना की वसीयत के मुताबिक बंजारी स्थित कब्रिस्तान ले जाया गया। लोगों ने नम आखों से उनके जनाजे को सुपुर्द- ए-खाक किया। मालूम हो कि वे यूपी के आजमगढ़ अरबी यूनिवर्सिटी में सैखुल हदीस के पद पर दायित्व निर्वहन किया था। लोगों ने बताया कि उनके शागिर्द हिंदुस्तान के अलावे अन्य देशों में भी फैले हुए हैं। इनके जनाजे नमाज में हिंदुस्तान, सउदिया, बांग्लादेश, नेपाल सहित कई देशों से लोग शामिल हुए। मौके पर मौलाना इफ्तिखार अहमद नूरी, राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, मुखिया सरोज कुशवाहा, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, बुधन यादव ,महादेव यादव, विकास यादवडा. रिजवान, रामवृक्ष मस्ताना, मो. इसरार, टुडे आलम शामिल थे।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।

आवश्यक सूचना।

(लापता महिला उनीता कुमारी, उम्र–करीब 22 वर्ष)

मेराल थाना दैनिकी सनहा सं0–13/23 दिनांक–03.11.2023 में लापता महिला उनीता कुमारी, उम्र–करीब 22 वर्ष, पति–छोटे कुमार, ग्राम–छपरवार खुर्द, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, की रहने वाली है। लापता महिला के पति–छोटे कुमार के द्वारा आवेदन में बताया गया की इनकी पत्नी उनीता कुमारी दिनांक–28.10.2023 को समय करीब 03:00 बजे घर से चुड़ी पहनने के लिए निकली और घर वापस नहीं आयी है। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता महिला उनीता कुमारी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

हुलिया:–रंग–सांवला, लम्बाई–05 फीट,
पहनावा–लाल साड़ी एवं लाल बलाउज
एवं पैर में हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 310817 Police(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

निविदा रद्द की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-16/2023-24 दिनांक–17.10.2023 **Construction of Gravel Packed tube well of 300x125 mm dia and 60 mtrs (av.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine with mud pump mounted on Truck) and D.T.H. Rig machine with installation of india Mark-II Hand pump under D.W.& S.Division, Garhwa for the year 2023-24** कार्य जो **PR No. 309395 Drinking Water and Sanitation 23-24 (D)** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है :–

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा।

PR 310917 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 309798 Building (23-24)_D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,
डालटनगंज

PR 310837 Building (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 309090 Building (23-24)D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 310834 District(23-24)#D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9
ईमेल–jepcpalamau@rediffmail.com

संविदा पर चयन हेतु शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1428 दिनांक 02.11.2023 के द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ सदर पलामू में शिक्षक/शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के संविदा पर चयन हेतु दिनांक 07.11.2023 को राष्ट्रीय नवीनमेल अखबार पत्र में विज्ञापन सं0–PR 310732 District(23-24)D निर्गत विज्ञापन में टंकणीय भूलवंश **सहायक रसोईया के एक (1) पद SC कोटि के जगह BC-I में** अंकित हो गया था। सहायक रसोईया का एक पद SC कोटि के नाम से जाना जाएगा। शेष आदेश पूर्ववत रहेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR 310880 (District)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा
सहिजना मोड़,गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

निविदा रद्द की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-15/2023-24 दिनांक–17.10.2023 **Construction of 125/115 mm dia and 70 mtrs deep Drilled Tube well, Construction of 125/115 mm dia and 90 mtrs deep Drilled Tube well and Construction of 125/115 mm dia and 120 mtrs Exta deep Drilled Tube well with installation of IM-II Hand pump with 32mm dia. GI Medium class riser pipe under D.W.& S.Division, Garhwa for the year 2023-24** कार्य जो **PR No. 309392 Drinking Water and Sanitation 23-24 (D)** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है :–

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गढ़वा

PR 310919 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय) गढ़वा

राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर।

भर्ती कैम्प सूचना – 2023

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–09.11.2023 (दिन–गुरुवार) को पूर्वाह्न –10.30 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय,गढ़वा परिसर में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प– 2023" आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

S. No.	Name and Add. Of the Employer	Name of the Post	No. Of Vacancy	Qualification		Experience	Age	Salary	Job Location
				Essential	Desirable				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	Life Insurance orporation of India (LIC) Garhwa	Normal Agent	100	10th Pass + 750/- Exam Fee	12th Pass	Fresher	18-35 year	As Per Commission	Garhwa

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट –www.rojgar.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर लें। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

नोटः–निजी नियोक्ता कृपया, झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना अनिवार्य है।
(आयोजन स्थल पर भी निबंधन की व्यवस्था)

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

PR.NO.310818 Labour Employment and Traning(23-24):D

जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा।

गागर में सागर

वेलफेयर फाउंडेशन ने निकाह में की मदद

मेदिनीनगर। कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन डालटनगंज द्वारा पलहेकला की मदद से पाटन निवासी मो. आजाद अंसारी की पुत्री रूही खातून का निकाह सुगा कोड़िया निवासी मो. शफीक अंसारी के पुत्र मो. साजिद अंसारी के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान संस्था द्वारा नवदंपति को उपहार स्वरूप घरेलू उपयोगी सामग्री ट्रैक,टेबल,कुर्सी,तोसक,रजाई,तकिया,बेडसीट,मच्छरदानी ,शरबतसेट,वस्त्र व श्रृंगार बॉक्स आदि सामान भेंट किया गया। मौके पर मौजूद संस्था के पदाधिकारी सुनील प्रजापति व संतोष कुमार ने वर-वधु को स्नेहाशीष दिया। उन्होंने ग्रामीणों को किसी भी स्थिति में बाल विवाह न करने की नसीहत भी दी। संस्था के निदेशक मिथिलेश कुमार ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, प्रताड़ना, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना एवं महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना है। कन्याओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

नवांकुर उत्सव में छात्राओं ने दर्शायी प्रतिभा

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू द्वारा सोमवार को मेदिनीनगर स्थित सैंट मरियम स्कूल एवं कोयल रिवर फ्रंट पर राष्ट्रीय कला मंच के बैनर तले नवांकुर उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली, गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संचालन अभाविप पलामू की विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा सिंह ने किया। बतौर मुख्य अतिथि मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य सुषमा कुमारी , कवयित्री अनुपमा जी, किरण राज एवं निकिता पाठक ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपए्न संबोधन में अरुणा शंकर ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम प्रशंसनीय है। प्रतिभागियों की प्रस्तुती अत्यंत मोहनीय है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्रतिभा की पहचान स्वयं ही करनी होगी। आयोजन में विभिन्न विद्यालयों की सौ छात्राओं ने अलग-अलग स्पर्धाओं में भाग लिया। इस अवसर पर सुहानी कुमारी,सिया कुमारी, किशोर गोरिया, चंद्रकांत सिंह, शुभम प्रसाद, कल्पना, साक्षी, अनामिका उपस्थित थीं।

गरीबों का वोट लेकर विधायक की दूर हो गई गरीबी : रूचिर

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो व एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने सदर प्रखंड के ग्राम चियांकी अंतर्गत बैगा टोला में आम सभा कर व्याप्त समस्याओं पर गहरा रोष जताया। जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि सदर प्रखंड के सबसे नजदीक गांव चियांकी के बैगा टोला विकास से कोसों दूर है। टोले की सड़कें जहां बदहाल हैं। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से स्थानीय लोग वंचित हैं। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई चरम पर है। रसोई गैस की कीमत एक हजार रूपये पार हो जाने से गरीब महिलाएं लकड़ी पर खाना पकाने को विवश हैं। स्थानीय भाजपा के विधायक गरीबों का वोट लेकर अपनी गरीबी तो दूर कर लिये। जन समस्याओं को लेकर भाकपा द्वारा नवंबर क्रांति पर 9 नवंबर को उपायुक्त पलामू के समक्ष प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने कहा कि चियांकी पंचायत में विकास का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। मौके पर दिनेश सिंह, महेश सिंह, प्रमिला देवी, अनिता देवी, मनीता देवी, फागुन राम जगदेव राम उपस्थित थे।

महिलाओं को सिखाये कराटे के गुर

मेदिनीनगर। इंटरनेशनल टाईगर फुल कांटेक्ट कराटे फेडरेशन असम के तत्वावधान में धेमाजी जिला के ऑडिटोरियम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित शिविर में स्थानीय प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने महिलाओं को कराटे के गुर सिखाये। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देना था। ताकि आपदा के समय वे अपनी रक्षा कर सकें।

फांसी लगाकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम टंडवा गांव निवासी बाबूलाल सिंह के पुत्र गुड्डू सिंह उम्र 22 वर्ष ने सोमवार की देर शाम फांसी लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने बताया की गुड्डू की सोमवार की शाम किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे मानसिक तनाव में आकर वह घर के एक कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गया। संयोग ठीक था कि तुरंत परिजनों की नजर उस पर पड़ गई व उन्होंने तत्काल उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा। आनन-फानन में परिजन उसे पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन बेहतर इलाज के लिए युवक को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

आधार सेवा केंद्र चालू कराने की लगाई गुहार

मेदिनीनगर। कंकारी पंचायत समिति सदस्य सह आम आदमी पार्टी डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता मुन्ना कुमार ने डीसी से मुलाकात कर पंचायत भवन में बंद आधार सेवा केंद्र को पुनः चालू कराये जाने की मांग की है। उनके आवेदन को संज्ञान में लेते हुए डीसी शशिरंजन ने जल्द ही गांव में आधार सेवा केंद्र की सेवा शुरू कराये जाने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि पंचायत भवन पर पहले बेलालुद्दीन खान द्वारा आधार सेवा केंद्र का संचालन किया जा रहा था। किंतु कतिपय कारणों से 6 माह पूर्व उक्त केंद्र को बंद कर दिया गया। इससे समीपवर्ती कुरका, बसरिया कला, चांदो, अवसाने व भड़गावा पंचायत के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

डीसी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

बाल विवाह के प्रति जागरूकता के लिए पलामू जिले में निकला रथ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन अभियान तहत जनजागरूकता के लिए जिले में रथ निकाला गया। उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ,बाल विवाह मुक्त पलामू-बाल शोषण मुक्त पलामू आदि नारों के साथ जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों में लोगों को बाल विवाह के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह समाज के लिये अभिशाप है इसे मिटाने के लिये जन सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने पलामू को बाल विवाह मुक्त बनाने में सभी से सहयोग करने की बात कही।

डीसी ने दिया आश्वासन, जनता दरबार का आयोजन

दो वर्ष बाद भी महिला को नहीं मिली आपदा राहत की राशि

जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं को बताते हुए समाधान करने का अनुरोध किया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं को बताते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे उंटारी प्रखंड क्षेत्र के जमडीहा निवासी अंजू कुमारी ने उपायुक्त को बताया कि वर्ष 2020 में वज्रपात से उनके पति की मृत्यु हो गई थी। लेकिन अभी तक आपदा राहत कोष से उन्हें कोई लाभ नही मिला है। जिस पर उपायुक्त ने अंजू कुमारी को आपदा राहत कोष से तत्काल राहत दिलाने का आश्वाशन दिया। इसी तरह चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुन्ना कुमार ने उपायुक्त से अपने पंचायत कंकारी में आधार सेवा पुनः सुचारू रूप से चालू करवाने का अनुरोध किया। पाटन प्रखण्ड क्षेत्र के नरेश कुमार प्रजापति ने उपायुक्त से पशुशेड योजना का लाभ देने का निवेदन किया तो मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कौशल्या देवी ने उपायुक्त से केसीसी ऋण माफ करवाने का अनुरोध की।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये।

पूर्व मंत्री के भाई के शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

पूर्व मेयर पति समेत तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के भाई एवं पंडित जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज मेदिनीनगर के सचिव नंद गोपाल त्रिपाठी ने षड्यंत्र रचकर बदनाम करने का आरोप लगाते हुए पूर्व मेयर पति सहित तीन लोगों के खिलाफ शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिक में नंद गोपाल त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि उनके परिवार की छवि को धूमिल किया जा रहा है। उनके बीएड कॉलेज के पूर्व महिला कर्मचारी राजनीतिक प्रभाव में आकर कॉलेज के पूर्व सचिव धनंजय त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्ष पर शोषण का आरोप लगाई है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि उक्त महिला कर्मचारी उनके महाविद्यालय में दो-तीन महीने ही सेवारत थीं। वे तय वेतन से अधिक की मांग कर रही थीं। नहीं देने पर उनके पिता ने पूर्व सचिव को फोन करके फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी थी। कुछ लड़कों के साथ कॉलेज के बाहर गलत हरकत करते देखे जाने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया था। जिसका जबाब देने की जगह 10 अक्टूबर से उन्होंने कॉलेज जाना बंद कर दिया। इस बीच वह शहर के पूर्व मेयर पति आनंद शंकर के शरण में गई। जहां रेडमा निवासी दिलीप तिवारी व एक समाचार पत्र से संबद्ध संजीव नयन ने मिलकर षड्यंत्र रचा। श्री त्रिपाठी ने बताया कि धनंजय त्रिपाठी को इस बार नगर निगम के मेयर पद का चुनाव लड़ना है। इसलिए पूर्व में ही उन्होंने कॉलेज के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। इस दौरान वे पूर्व मेयर के निगम कार्यालय में व्याप्त अनियमितता को उजागर करने में लगे थे। पूर्व मेयर पति आनंद शंकर, संजीव नयन व दिलीप तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

समिति तर्कशील समाज के निर्माण के लिये प्रतिबद्ध

ज्ञान विज्ञान समिति चलायेगी 'साइंटिफिक टेंपर अभियान'

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि समाज में वैज्ञानिक मानसिकता का विकास, सामाजिक परिवर्तन एवं समता मूलक, विविधतापूर्ण-न्यायपूर्ण व तर्कशील समाज के निर्माण के लिए समिति प्रतिबद्ध है। इसके लिए भारत ज्ञान विज्ञान समिति ने राष्ट्रीय 'साइंटिफिक टेंपर अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। चार माह तक चलने वाला यह अभियान विश्व की महान वैज्ञानिक मैडम क्यूरी के जन्मदिन 7 नवंबर से शुरू होकर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2024 तक चलेगा। उक्त निर्णय विज्ञान एवं वैज्ञानिक मानसिकता पर ऑल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क द्वारा 11 एवं 12 अक्टूबर को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक हरियाणा में आयोजित हिंदी भाषी राज्यों के लिए आयोजित विशेष कार्यशाला में लिया गया है। अभियान का उद्देश्य समाज में अवैज्ञानिक सोच में बदलाव सहित वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास एवं विस्तार है।

विभिन्न संगठनों की होगी भागीदारी

झारखंड में इसके लिए राज्य आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें भारत ज्ञान विज्ञान समिति, साइंस फॉर सोसायटी, झारखंड एवं झारखंड साइंस फोरम समेत विभिन्न संगठनों की भागीदारी होगी। विभिन्न सामाजिक एवं जन संगठनों को शामिल कर इसे व्यापक रूप दिया जायेगा।

समाज के सभी वर्गों की रहेगी सहभागिता

कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज व यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकों के साथ-साथ किसानों, मजदूरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य कमजोर एवं वंचित समूहों की भी भागीदारी रहेगी।

आदर्श मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बाल विवाह के खिलाफ छात्राओं को दिलाई गई शपथ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। समाज कल्याण विभाग, बाल संरक्षण इकाई, जेएसएलपीएस एवं यूनिसेफ एक्सआईएसएस के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह रोकने एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन अभियान के तहत मंगलवार को आदर्श मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय मेदनीनगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 300 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी केडी पासवान ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के लिए एक अभिशाप है। लोग बच्चों की पढ़ाई छुड़वाकर शादी करवा देते हैं। जिससे बच्चों का भविष्य खराब होता है। बाल विवाह एवं बाल शोषण को रोकने के लिए गांव स्तर से लेकर जिला स्तर तक बाल संरक्षण समिति का गठन किया कर पदाधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं। बाल विवाह रोकने के लिए सरकार द्वारा सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना, स्पॉन्सरशिप छात्रवृत्ति सहित कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। बाल विवाह एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए सभी लोगों को आगे आकर अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। यूनिसेफ के डॉक्टर तबरेज ने बाल विवाह तथा उसे रोकने के लिए बने कानून एवं बच्चों के साथ होने वाले हिंसा व शोषण तथा पास्को एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन करने में विद्यालय के शिक्षको का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही सभी बालिकाओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलायी गई । कार्यक्रम में छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एवं कई शिक्षक,शिक्षिका सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

किशुनपुर मुखिया ने छठ घाट की कराई साफ-सफाई

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। स्थानीय किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता द्वारा हेठला आहर छठ घाट की साफ-सफाई कराई गई। मुखिया ने बताया कि हर वर्ष यहां आहर में महिलाओं व पुरुषों द्वारा छठ पर्व मनाया जाता है। यह आस्था का महान पर्व है। इस पर्व को झारखंड, बिहार के लोग बहुत धूमधाम से मनाते हैं। आहर के सफाई अभियान में वार्ड सदस्य पुतुल कुंवर, जलसाहिया निर्मला देवी, प्रमोद सोनी, सुधीर कश्यप, लव कुमार सोनी, गौतम गुप्ता, मनोज राम, भोला कश्यप, पिंटू, अमित आदि ने अहम भूमिका निभाई।

आस्था

कथाकार देवकीनंदन ठाकुर 21 को शिवाजी मैदान में हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे

जल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं पर होगी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

स्थानीय गिरवर स्कूल स्थित कोयल नदी के तट पर महिला व पुरुष श्रद्धालुओं का पूजन सह कलश जलभरन देवकीनंदन ठाकुर के निर्देशन में संपन्न होगा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के तत्वावधान में स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी परिसर में 21 नवंबर से आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में वृंदावन के कथाकार देवकीनंदन ठाकुर शामिल होंगे। स्थानीय गिरवर स्कूल स्थित कोयल नदी के तट पर महिला व पुरुष श्रद्धालुओं का पूजन सह कलश जलभरन देवकीनंदन ठाकुर के निर्देशन में संपन्न होगा। इस दौरान भारत के पवित्र सप्त नदियों के जल को कलश में भरा जाएगा। उक्त जानकारी वृंदावन से पधारे देवकीनंदन ठाकुर के व्यवस्थापक सह सलाहकार विष्णु शर्मा ने दी। वे मंगलवार को यज्ञ व कथा सहित अन्य पंडालों का निरीक्षण करने मेदिनीनगर स्थित हाउसिंग कॉलोनी यज्ञ स्थल पर पहुंचे । उन्होंने मुख्य कथा पंडाल व अन्य पंडालों के निर्माण से संबंधित दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि आज से मुख्य कथा पंडाल का काम शुरू हो जाएगा। जबकि अन्य पंडालों का 70 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यज्ञ मंडप का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। विष्णु शर्मा ने बताया कि कथाकार देवकीनंदन ठाकुर हेलीकॉप्टर से कोयल नदी स्थित शिवाजी मैदान में उतरेंगे। श्रद्धालुओं को कलश में जल भरवाने के बाद महाराज जी जल यात्रा के आगे-आगे अश्वमेध रथ पर सवार होकर यज्ञ स्थल तक पहुंचेंगे। इस दौरान हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इसके पूर्व संध्या आरती सह भक्ति गीत कार्यक्रम में यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक गुरु पांडेय ने विष्णु शर्मा जी को राधा नाम का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। महायज्ञ समिति के प्रवक्ता आशुतोष पाण्डेय लक्की ने ओ पालन हारे निर्गुण और न्यारे, तुम्हरे बिन हमरा कौनो नाहीं भक्ति गीत प्रस्तुत किया । परशुराम सेना युवा वाहिनी के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि शोभा यात्रा में महिलाओं का नेतृत्व महिला विंग की प्रभारी मीना गुप्ता, श्वेता तिवारी, रानी शर्मा, अंजू सांगा व पुरुष विंग का नेतृत्व यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक गुरु पांडेय, संरक्षक कृष्णकांत चौबे, मनु प्रसाद तिवारी, प्रवीण सिंह, बलराम पाण्डेय, नवीन तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, महासचिव शैलेश दुबे, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, आशुतोष पांडेय लक्की आदि करेंगे। जबकि शैलेश तिवारी, अनिल दुबे, चंदन तिवारी, बृजेश शुक्ला, संजय मिश्रा, आशीष भारद्वाज, संजय पांडेय, विकास दुबे, चंदन तिवारी , आरके चंदन, विक्रांत, दिलीप, बिट्टू, मुन्ना, ज्ञानेश तिवारी, विशाल पांडेय, गोलू, सतीश पांडेय, लल्लू पांडेय, सुनील पांडेय, सतीश पांडेय, गोरख पाठक, सुधांशु पाण्डेय, वीरमणि तिवारी व राजीव रंजन पांडेय आदि श्रद्धालुओं को यज्ञ स्थल पर सही तरीके से लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मीडिया से संबंधित सभी प्रकार का कार्य अवधेश शुक्ला के जिम्मे है।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने की बैठक

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू की मंगलवार को आयोजित मासिक बैठक में आगामी 16 दिसंबर को विजय दिवस धूमधाम से मनाने की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र व संचालन दिनेश गुप्ता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि परिषद के कार्यालय के बारे में प्रशासन से फिर से संपर्क किया जायेगा। स्थानीय विधायक और सांसद से भी इस संदर्भ में वार्ता करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सहमति जताई गयी कि जिला सैनिक बोर्ड शुरू होने में हो रहे विलंब के बारे में सरकार को ज्ञापन देने के साथ झारखंड में सरकारी नौकरियों में पूर्व सैनिकों के आरक्षण की मांग भी प्रदेश सरकार से की जाएगी। 1971 में पाकिस्तान पर भारत के अभूतपूर्व विजय की याद में आगामी 16 दिसंबर को युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया जायेगा।

गागर में सागर

दुर्घटना में मौत पर भारतीय स्टेट बैंक ने आश्रितों को दिया 12 लाख का चेक

गढ़वा। भारतीय बैंकिग व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग स्टेट बैंक ऑफ इंडिया समय-समय पर उपभोक्ताओं के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं लागू करता है और उनका लाभ पहुंचाने का काम करता है। इसी कड़ी में बैंक द्वारा दुर्घटना बीमा योजना भी चलाई जा रही है। स्टेट बैंक सोनपुरवा गढ़वा द्वारा अपने एक उपभोक्ता की हादसे में मृत्यु हो जाने पर उसके परिवार को 10 लाख रुपये की बीमा राशि दी गई। जानकारी अनुसार संदीप ठाकुर जून 2023 को सड़क पार करने के क्रम में कार की धक्के से दुर्घटना का शिकार हुआ था। उनकी जिसके बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। संदीप ठाकुर की मृत्यु होने के बाद उसके परिजनों द्वारा स्टेट बैंक सोनपुरवा में जाकर सितंबर माह में बीमा राशि का क्लेम किया गया। इसके उपरांत मृतक के परिजनों को एसबीआई ब्रांच द्वारा दुर्घटना बीमा राशि 10 लाख रुपये सहित प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपये यानी कुल 12 लाख की राशि प्रदान की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक रूपेश कुमार ने बताया कि इनके द्वारा 2021 मे स्टेट बैंक द्वारा चलाई जा रही दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 500 रुपये का दुर्घटना बीमा कराया गया था। इसकी जानकारी पीड़ित परिवार को नहीं थी। जब उनका परिवार बैंक में किसी कार्य के लिए गया तो बैंक अधिकारी द्वारा उन्हें इस बीमा के बारे में बताया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक निशा कुमारी केशियर अश कुमार झा, श्वेता कुमारी बीमा कंपनी से वेद प्रकाश सिंह, अनीश कुमार, ममता देवी, बसंत राम आदि उपस्थित थे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता ने दिया योगदान

श्री बंशीधर नगर। अनुमंडल कार्यालय में अब्दुस समद ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता के पद पर योगदान दिया। ज्ञात हो कि वर्ष 2017 से यह पद रिक्त था। इसके प्रभार में तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी हुआ करते थे। अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह से अब्दुस समद ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता का प्रभार ग्रहण किया। भूमि सुधार उपसमाहर्ता स्थायी होने से भूमि संबंधी का कार्यों का निष्पादन तेजी से होगा।

बिरसा जयंती मनाने को लेकर की बैठक

चिनिया। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा प्रखंड इकाई चिनिया द्वारा बिरसा जयंती भव्य तरीके से मनाने को लेकर मंगलवार को टोला अनहारीदह में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह खरवार ने की। मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 15 नवंबर को बिरसा जयंती भव्य रूप से मनाने के लिए हम लोगों को तन मन से लगना होगा। उन्होंने आदिवासी महासभा के अधिकारी व पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रखंड कमेटी की सभी ग्राम कमेटी के बैठक कर बिरसा जयंती के बारे में चर्चा होनी चाहिये तभी हमारा बिरसा जयंती ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। मौके पर उपस्थित मुद्रिका बैगा, कविता कुमारी, मंजू देवी, सुरेंद्र सिंह, राजू सिंह, राजाराम सिंह, रामेश्वर सिंह, विनोद सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, बीरबल कोरबा, रंजीता कुमारी, इंद्रावती देवी, बंशीधर सिंह, पारस सिंह, यशवंत सिंह आदि मौजूद थे।

मुखिया ने श्राद्ध कर्म को किया सहयोग

चिनिया। प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह में मंगलवार को गढ़वा जिले के 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह की धर्मपत्नी सह मुखिया पमी देवी ने बरवाडीह निवासी मृतक के परिजनों को श्राद्ध कर्म के लिए सहयोग किया। बताते चलें कि उक्त गांव निवासी देवधारी कोरवा का आकस्मिक निधन बीते दिनों हो गई था। इसकी सूचना मिलते ही मुखिया ने अपने कार्यकर्ताओं द्वारा मृतक के परिजनों को 50 केजी आटा, 50 किलो आलू, एक टीन रिफाइंड तेल सहित 5000 रुपये का सहयोग किया गया है। बताते चलें कि पंचायत क्षेत्र में कहीं किसी गरीब घर की लड़की की शादी हो या किसी गरीब परिवार में मृत्यु, मुखिया द्वारा लगातार लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाई जा रही है। मौके मुखिया ने बताया कि हमें पंचायत के लोगों से अपार स्नेह और आशीर्वाद मिला है जिस पर मैं खरा उतरने के लिए पूरी तरीके से कोशिश कर रही हूं। मैं अपने पंचायत के लोगों के हर सुख दुख में साथ रहती हूं और आगे भी रहूंगी। मौके पर झामुमो कार्यकारनी अध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, सचिवचंद्र देव यादव, विनोद पासवान, रमाशंकर गुप्ता, मुख्तार अंसारी, उमेश यादव, किशोर साह,भरदुल शाह, मेराज अंसारी, बिंदेश्वर सिंह, नितेश सिंह, कुलदीप यादव, विनोद रवि आदि मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ में मतदान को लेकर पुलिस की चप्पे-चप्पे पर नजर

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
छत्तीसगढ़ में बुधवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण मतदान को लेकर थाना क्षेत्र के खूरी गांव के सीमावर्ती इलाका कनहर नदी पर पुलिस मंगलवार को पूरी तरीके से मुस्तैद नजर आई। पुलिस की चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर थी। इस दौरान आने-जाने वाले सभी दोपहिया, तीन पहिया सहित अन्य वाहनों की जांच गहनता से दंडाधिकारी अनुज कुमार रवि के नेतृत्व में की गई। इस दौरान दोपहिया वाहनों में मौजूद सामानों की जांच विधिवत रूप से की गई।

बताते चलें कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर झारखंड के सीमावर्ती इलाके में पुलिस काफी मुस्तैद है। इस दौरान संदिग्ध लोगों से भी कड़ाई से पूछताछ की गई। दंडाधिकारी अनुज कुमार रवि ने बताया उपयुक्त के निर्देश के बाद चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार व पुलिस बल के सहयोग से खुरी गांव के कनहर नदी पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। इस दौरान सभी वाहनों की जांच गहनता पूर्वक की जा रही है। मौके पर दयानंद यादव आदि मौजूद थे।

गोहाना में आयोजित प्रतियोगिता में जीते एक स्वर्ण सहित तीन पदक

हरियाणा में गढ़वा के मुक्केबाजों ने दिखाया दमखम

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
हरियाणा में सोनीपत जिले के गोहाना में 3 नवंबर से 5 नवंबर तक आयोजित द्वितीय आमंत्रण अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता गढ़वा के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक अपने नाम किए।

जूनियर वर्ग के 57 से 60 किलोग्राम भार वर्ग में नौशाद आलम ने स्वर्ण पदक, सब जूनियर के 28 से 30 किलोग्राम भार वर्ग में ऋषि बाबू ने कांस्य पदक और सब जूनियर के 22 से 24 किलोग्राम भार वर्ग में नैतिक कुमार ने कांस्य पदक जीता। नैतिक कुमार को शानदार प्रदर्शन पर बेस्ट लिटिल बॉक्सर से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर जिला बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मुमताज राही, अध्यक्ष शिवकुमार पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडे, वरीय उपाध्यक्ष लव कुमार दुबे, सचिव रामप्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी, सहसचिव पुनीत जायसवाल, गढ़वा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, सचिव आलोक मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद ओमप्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, शिवकुमार, राजेश कुमार चंद्रवंशी, संतोष कुमार, अजयकांत, सुशील तिवारी आदि ने बधाई दी।

चार करोड़ की लागत से शहर की 43 सड़कें होंगी पक्की, प्रशासनिक स्वीकृति

गढ़वावासियों को दिवाली का तोहफा शहर में अब नहीं दिखेगी कच्ची सड़क

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
गढ़वा शहर वासियों को दिवाली का बेहतर तोहफा मिला है। पूरे शहरी क्षेत्र में तीन करोड़ 74 लाख 91 हजार 530 रुपये की लागत से 43 कच्ची सड़कों का पक्का निर्माण किया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा शहर का सर्वे कराने के बाद यह बात सामने आयी कि पूरे राज्य भर में गढ़वा ही एकमात्र ऐसा शहर हैं जहां सबसे अधिक कच्ची सड़कें मौजूद हैं। इस रिपोर्ट के सामने आते ही उन्होंने तत्काल शहर की सभी कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कराने का निर्णय लिया। इसके पहले चरण में पूर्व में 54 कच्ची सड़कों के पक्कीकरण की स्वीकृति प्रदान करायी गई थी, जिसका कार्य प्रारंभ है। अब 43 अन्य कच्ची सड़कों का पक्का निर्माण कराने की स्वीकृति सरकार ने प्रदान कर दी है। मंत्री ने बताया कि गढ़वा में अब एक भी कच्ची सड़क देखने को नहीं मिलेगी। जहां नई कॉलोनी बसी है या बस रही है सिर्फ उन्हीं क्षेत्रों में ही कच्ची सड़क बच गई है। अगले चरण में उन सब का भी पक्का निर्माण कराया जाएगा। गढ़वा शहर अब पूरी तरह से कच्ची सड़क मुक्त हो गया है। यह गढ़वा वासियों के लिए दिवाली का अमूल्य तोहफा है। अब शहर में लगभग 160 कच्ची सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के विकास कार्य में लगातार विकास विरोधियों द्वारा टांग अड़ाई जा रही है। फिर भी वे अपने एक सूत्री अभियान संपूर्ण गढ़वा का विकास करने में पूर्ण मनोयोग से लगे हुए हैं। इस कार्य में गढ़वावासियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। विकास विरोधी लोग चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, उनके रहते गढ़वा का विकास कभी अवरुद्ध नहीं होगा, बल्कि विकास के पथ पर गढ़वा और तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। चाहे शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र आज पूरी तरह से सभी क्षेत्रों में गढ़वा की तस्वीर बदल गई है। गढ़वा वासियों ने परिवर्तन चाहा और 2019 में परिवर्तन कर भी दिया। अब लोगों के परिवर्तन की उम्मीद पूरी तरह से पूर्ण हो रही है। वे लगातार गढ़वा वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। यहां के लोगों का इसी तरह से प्यार एवं आशीर्वाद मिलता रहा तो गढ़वा विकास की नई बुलंदी को छुयेगा।

इन 43 सड़कों का किया जाएगा निर्माण

मंत्री ने बताया कि वार्ड सात में देव कुमार के घर से दिलीप केशरी के घर तक पीसीसी सड़क का निर्माण, एनएच 75 सरसतिया पुल (जोड़ा पुल) आदर्श होटल से मटकोड़वा स्थान होते हुए जरासंध भवन तक, वार्ड 11 में प्रमोद तिवारी के मकान से एंगलेश सिंह के घर तक, कुश सिंह के मकान से भुनेश्वर सिंह के घर तक, छोटे लाल तापी के घर से दिवाकर तिवारी के घर तक, चिनिया रोड शिव मंदिर पीसीसी पथ से अभिमन्यु सिंह के घर तक, मुन्ना तिवारी के घर से रामनाथ तिवारी के घर तक, विनोद सिंह के घर से अनुज चौबे के घर तक, शैलेश सिन्हा के घर से रामाशीष तिवारी के घर तक, गढ़वा-चिनिया मेन रोड से रमेश सिन्हा के घर तक, गोविंद पांडेय के घर से ब्रह्मस्थान तक, कृष्णा बैठा के घर से बीरबल राम के घर तक, वार्ड 14 में धनंजय सिंह के घर से सतेंद्र तिवारी के घर तक, संतोष तिवारी के घर से अभय द्विवेदी, पीएचईडी चहारदीवारी, राजू राम के घर होते हुए विजय तिवारी के घर तक, अजय महतो के घर से भिखारी महतो के घर तक, ममता के घर से प्रेम राम के घर तक, पीएचईडी चहारदीवारी से नागेश्वर भुईयां के घर तक, रवींद्र के घर से राधेकृष्ण के जमीन तक, वार्ड 18 में गोपाल सोनी के घर से मनोज मेहता के घर होते हुए ब्रह्म कुआ तक, वार्ड 14 में विश्वनाथ राम के घर (छठ घाट) से कामेश्वर राम के घर तक, सहिजना शिव मंदिर से अनिल सिन्हा एवं अजीत सिन्हा के घर तक, सहिजना अनिल सिंह के घर से उमेश सहाय के घर तक, वार्ड 18 में प्रदीप दास के घर से काशीनाथ केशरी के घर तक सहित 43 पीसीसी सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

विकास विरोधी चाहे जितनी ताकत लगा लें, अवरुद्ध नहीं होगा विकास : मिथिलेश

बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने किया सड़क का शिलान्यास

गढ़वा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रंका प्रखंड के बहाहारा, मानपुर एवं दूधवल में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली तीन सड़कों का शिलान्यास किया। मौके पर सिंह ने कहा कि गढ़वा का कोई भी गांव बेहतर आवागमन की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। जिले के प्रत्येक गांव में बेहतर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने संपूर्ण गढ़वा का कायाकल्प कर दिया है। पूर्व से विकास के मामले में सबसे पिछले पायदान पर खड़े गढ़वा की मंत्री ठाकुर ने तस्वीर बदल दी है। उनके प्रयास से जिले भर में सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा सभी क्षेत्रों में काफी तेजी से कार्य हो रहा है। आज गढ़वा के जिस कोने में भी खड़ा हो जायें वहां हर ओर विकास दिखाई देता है। मौके आशीष गुप्ता, कार्तिक पाण्डेय, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह, मानपुर मुखिया हासिम अंसारी, बीस सूत्री रंका प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली, अनुमडल अध्यक्ष जैनुलला अंसारी, मुमताज अंसारी, इरफान अंसारी, लीलावती देवी, मालती देवी आदि लोग उपस्थित थे।

पंचायत समिति की बैठक में उठा राशन चोरी का मामला

नवीन मेल संवाददाता। रमना
प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समितियों की बैठक सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय की उपस्थिति में संपन्न हुई। सभा में प्रमुख करुणा सोनी ने सरकारी राशन गोदाम से राशन चोरी होने का मामला उठाया। करुणा सोनी ने कहा कि राशन की चोरी हो जाने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं होना संदेह उत्पन्न कर रहा है, जबकि यह मामला चर्चा का विषय है।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी-पदाधिकारी या प्रतिनिधि के उपस्थित नहीं रहने से करुणा सोनी सहित सभी सदस्यों ने नाराजगी जाहिर करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। साथ ही घर के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार को हटाने की मांग को प्रमुखता से रखा। बैठक में उपस्थित मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा ने प्राथमिक विद्यालय कोरगा में अतिरिक्त शिक्षक नियुक्ति की मांग की, जबकि कर्णपुरा मुखिया अजीत कुमार पांडेय ने पंचायत के सिद्धी टोला, वियार टोला आंगनबाडी केंद्र की स्थापना कराने तथा भागोडीह की बीडीसी कविता विश्वकर्मा ने मुरली टोला में आंगनबाडी केंद्र की छत ढलाई का मामला उठाया। इस संबंध में सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय ने कहा कि सदस्यों द्वारा बैठक में लाए गए प्रस्ताव को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। बैठक से अनुपस्थित रहने वालों के विरुद्ध विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

विधायक आलोक चौरसिया आज रखेंगे पुलिया की नींव

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़
डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया अपने चुनावी वाद के अनुसार बुधवार को पुलिया के निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश ने बताया कि विधायक 8 नवंबर को एक दिवसीय दौरे के क्रम में सुबह 11:00 बजे सदर पंचायत के बढ़नी गांव में बिरहा नाला पर 3 करोड़ 6 लाख 91542 रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1:00 बजे से प्रखंड कार्यालय बड़गड़ में सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों सहित अन्य विषयों पर समीक्षा बैठक करेंगे। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि अगले महीने तक इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। कनहर नदी पर पुल निर्माण का टेंडर विभाग द्वारा निकला जा चुका है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही विधायक द्वारा इसका भी शिलान्यास जल्द ही किया जाएगा।

एक पंचायत ऐसी, जहां पीएम आवास पूरा करने की लगी होड़

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचयतो में जहां हठी लाभुकों के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना अधर में लटकी हुई है, वहीं प्रखंड की एक पंचायत ऐसी भी है, जहां पंचायत सचिव अजीत कुमार सिंह की पहल पर अब तक 1203 पीएम आवास को पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 87 लंबित व अधूरे पीएम आवास के लाभुकों द्वारा अपने-अपने आवास को पूर्ण करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र की बनसानी पंचायत में जरूरतमंद परिवारों को वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 1290 प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुए थे, जिनमें से ज्यादातर लाभुकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास को ससमय पूर्ण कर लिया गया, जबकि कई ऐसे हठी लाभुक थे, जो आवास योजना की पहली किस्त की राशि लेने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं करा पाये थे। लंबित व अधूरे पड़े पीएम आवास को अविलंब पूर्ण कराने संबंधी जिला प्रशासन के कड़े निर्देश के बाद भवनाथपुर प्रखंड प्रशासन सख्त हो गया। बनसानी पंचायत सचिव और पंचायत के मुखिया पति द्वारा लंबित और अधूरे पड़े पीएम आवास के लाभुको आवास को पूर्ण करने को प्रेरित किया गया।

बीडीओ ने श्रमदान से बन रहे पथ का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने मंगलवार को कोल्हुआ ग्राम के सांडो टोला में ग्रामीणों के श्रमदान से बन रहे मिट्टी-मोरम पथ का निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से बन रहे पथ की जानकारी मिलने पर बीडीओ कोल्हुआ ग्राम के सांडो टोला पहुंचे। ग्रामीणों ने बीडीओ को अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि आजादी के वर्षों बाद भी इस टोला के लिए आज तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। आने-जाने का जो रास्ता था उसे भी कुछ लोगों द्वारा कभी घेरा बंदी कर दिया जाता था तो कभी खाड़ काट कर रास्ता बंद कर दिया जाता था। पंद्रह-बीस दिन पूर्व भी जेसीबी से बांध काट कर रास्ता बंद कर दिया गया था। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में किसी के बीमार पड़ जाने पर उसे अस्पताल तक पहुंचाना बहुत ही मुश्किल काम था, क्योंकि वाहन आने जाने का कोई रास्ता नहीं था। रोगी को खटिया पर डालकर अस्पताल पहुंचाना पड़ता था। इस परेशानी को देखते हुये ग्रामीणों के सहयोग से श्रमदान कर इस पथ का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों ने बीडीओ से किसी भी योजना अंतर्गत इस पथ को पूरा कराने का अनुरोध किया। ग्रामीणों की परेशानियों को समझते हुये बीडीओ ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उक्त पथ का निर्माण किसी न किसी मद से जल्द से जल्द कराने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी, मुखिया पति राजकुमार राम, श्रीराम पासवान, छोटे लाल पासवान, शंकर पासवान, यमुना सिंह, रमेश पासवान, युगल किशोर सिंह, दशरथ पासवान, धर्मेंद्र पासवान, राजेंद्र राम, प्रेम चंद पासवान, प्रेमचंद्र भोगता, भरदुल पासवान, राम पवन गुप्ता, उपेंद्र राम, धीरेंद्र गुप्ता, रमेश राम, दशरथ पासवान, बसंत राम, रोहित पासवान, नागेंद्र राम, राजेंद्र राम, देव खेरवार, विश्वनाथ राम, रघुनाथ पासवान, कमला सिंह, कामेश्वर राम, बबलू राम, अरुण राम, परसु राम सिंह, राजन गुप्ता, बुधनी देवी, हमशानिया देवी, मीना देवी आदि मौजूद थे।

विडंबना चपरी पंचायत में 51 लोग पात्रता व अहर्ता पूरी नहीं करने के बावजूद वर्षों से उठा रहे लाभ

पात्रों की हो रही अनदेखी, फर्जी पेंशनधारियों की मौज

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
प्रखंड अंतर्गत चपरी पंचायत के कई ऐसे जरूरतमंद महिला पुरुष जो सरकार द्वारा मिलने वाली वृद्धा व दिव्यांगता पेंशन पाने के लिए प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला प्रशासन तक अपनी गुहार लगाते रहे और पेंशन का लाभ लिए बिना ही वे इस दुनिया से रुखसत भी हो गए। लेकिन इसके विपरीत उसी पंचायत में वृद्धावस्था के 40 और दिव्यांग पेंशन योजना के 11 सहित कुल 51 ऐसे लोग हैं, जो वृद्धा व दिव्यांगता पेंशन की पात्रता व अहर्ता पूरी नहीं करने के बावजूद फर्जी ढंग से पिछले छह-सात वर्षों से लगातार सरकार द्वारा मिलने वाली पेंशन की राशि का लाभ उठा रहे हैं। पेंशन का लाभ लेने वाले ऐसे फर्जी और अयोग्य व्यक्तियों के कारण बीपीएल सूची में नाम होने के बाद भी जरूरतमंद वृद्ध और दिव्यांग लोग पेंशन का लाभ लेने से वंचित रह जा रहे है। फर्जी तरीके से वृद्धा व दिव्यांगता पेंशन पाने वाले अयोग्य व्यक्तियों का सूची से नाम काटने को लेकर पंचायत के कई लोगों द्वारा बीडीओ को लिखित आवेदन देने के बावजूद प्रखंड प्रशासन द्वारा पेंशन का लाभ उठा रहे फर्जी लाभुकों के विरुद्ध बिना कोई कार्रवाई किये मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता रहा है।

पेंशन पात्रता के प्रावधान

चपरी पंचायत में वृद्धावस्था पेंशन योजना जरूरतमंदों के लिए मील का पत्थर साबित रहा है। समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना का संचालन किया जा रहा है। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत सभी अहर्ता पूरा करने वाले 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति लाभ ले सकते हैं। इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक का नाम बीपीएल सूची में होना अनिवार्य है। वहीं दिव्यांगता पेंशन योजना के तहत जो शरीर से 80 फीसदी से अधिक दिव्यांग हैं, उन्हें चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत होने के बाद ही वे लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि इसकी मुझे जानकारी नहीं थी, अगर आवेदन दिया गया है, तो कमेटी गठित कर जांच कराई जायेगी। फर्जी लाभुकों के नाम काटकर पात्रों को जोड़ा जायेगा।

डॉ. गोखुल रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. गोखुल प्रसाद को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर सम्मानित किया गया। सदर अस्पताल परिसर में स्थित ब्लड बैंक में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, विशिष्ट अतिथि डीएलएसए सचिव विपुल सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार के द्वारा डॉ गोकुल प्रसाद को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। 26 सितंबर ट्रॉमा सेंटर में रक्तदान शिविर में 12 यूनिट ब्लड देने के उपलक्ष में दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। बधाई देने वाले में डॉ संतोष कुमार, डॉ कैसर आलम, डॉ रामानुज प्रसाद,राजेश कुमार, बीपीएम करुणा कुमारी आदि शामिल हैं।

गागर में सागर

स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

बारियातु। टोंटी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विधालय इटके में मंगलवार को वर्ग एक व दो के अध्ययनरत 26 छात्र-छात्राओं के बीच मुखिया शांति देवी, स्कूल के अध्यक्ष मो. ओजैर, एचएम प्रेम जिवनधर लकड़ा ने संयुक्त रूप से पोशाक का वितरण किया। पोशाक में दो-दो सेट ड्रेस, एक-एक स्वेटर व एक-एक सेट जूता-मौजा उपलब्ध शामिल हैं। मौके पर शिक्षक चंद प्रकाश पांडेय, मो. साजिद, राजदेव उरांव, लिलि सुशिला कुजुर आदि मौजूद रहे।

जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

बारियातु। प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत गार्डन गर्व पब्लिक स्कूल सभागार परिसर में रविवार को जसलोक अस्पताल, रांची के सौजन्य से स्वास्थ्य जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जसलोक अस्पताल सह ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ जितेंद्र सिन्हा व सचीव डॉ आर एन प्रसाद की उपस्थिति रही। इस मौके पर ग्रामीण चिकित्सक, दवा विक्रेता, लैब टेक्निशियन व चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे।

मोर्चा के सदस्य मगध पीओ से मिले

बालूमाथ। रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्य मंगलवार को मगध परियोजना पदाधिकारी से मिले। इस दौरान रोजगार, शिक्षा, नौकरी- मुआवजा, पानी, बिजली, स्कूल बस, प्रदूषण आदि ज्वलंत मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। पीओ ने सीसीएल के वरीय अधिकारी को जानकारी देकर समस्याओं का समाधान का आस्वाशन दिया। मोर्चा के केंद्रीय सचिव और झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन मगध संघमित्रा क्षेत्रीय सचिव गुरुदयाल साव, केंद्रीय सदस्य विजय साव, रैयत विस्थापित मोर्चा मगध परियोजना अध्यक्ष रामचंद्र उरांव, उपाध्यक्ष बीरेंद्र गंझू, दीपा देवी, चंदा देवी कोषाध्यक्ष कुलदीप गंझू, उपकोषाध्यक्ष कुलेश्वर गंझू, संयुक्त सचिव सुशीला, हीरामनी, संगठन सचिव प्रदीप गंझू, कार्यकारिणी सदस्य खुशियाल गंझू, कार्यकारी अध्यक्ष राजमनी देवी, कोलियरी मजदूर यूनियन मगध परियोजना अध्यक्ष राजकुमार उरांव, सचिव राजेश गंझू उपस्थित रहे।

स्टूडेंट्स डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

महुआडांड़। संत जेवियर कॉलेज में मंगलवार को स्टूडेंट्स डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया। इसका शुभारंभ संत अन्ना लुजरेन के मदर जेनरल एलिजाबेथ एंटनी ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एम के जोस ने मदर जेनरल एलिजाबेथ एंटनी का स्वागत किया। इस दौरान हिंदी विभाग और इतिहास के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबका मन मोह लिया। अपने-अपने क्षेत्र की संस्कृति को लोक परिधानों और लोक गीतों में पिरोकर खूब वाहवाही बटोरी। मौके पर कॉलेज के प्रो सिस्टर कैसलिन, प्रो फादर समीर, प्रो रोस एलिस, प्रो प्यारी, प्रो मोती उपस्थित थे।

प्रभातफेरी निकालकर किया जागरूक

सिमरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देशन में मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड के बगरा में संचालित गुरु नानक अकैडमी के बच्चों द्वारा विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में प्रभात फेरी निकालकर विशेषकर महिला, बच्चे और दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कानून की जानकारी भी दी गई । मौके पर प्रधानाचार्य पंकज तिवारी, अरविंद कुमार, शिक्षक सचिन कुमार, मोहम्मद मुबारक, रीता कुमारी, ममता कुमारी, नीतू देवी एवं मिस शब्बा ने अहम योगदान दिया।

ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, ग्रामीणों में हर्ष



कुंदा। मंगलवार को ग्रामीणों की मांग पर कुंदा प्रखंड के तारादोहर गांव में लगाए गए 25 केवीए के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र यादव ने विधिवत फीता काटकर किया। पिछले 2 महीने से तारादोहर के ग्रामीण अंधेरा में रहने को मजबूर थे। इसकी सूचना ग्रामीणों ने विभाग समेत सांसद प्रतिनिधि को दी थी।वहीं सांसद सुनील कुमार सिंह के पहल पर ट्रांसफार्मर मुहैया कराया गया। ट्रांसफार्मर मुहैया करवाने में जिला सांसद प्रतिनिधी राकेश झा व कुन्दा सांसद प्रतिनिधि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मौके पर भीम महतो, विजय यादव, रामस्वरूप यादव, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

हत्या प्रकरण का पुलिस ने किया खुलासा, चार गिरफ्तार

रेलवे ट्रैक पर से बरामद क्षत विक्षत शव की गुत्थी सुलझी

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
थाना क्षेत्र के उकामांड रेलवे ट्रैक में बीती 1 नवंबर को बरामद शव की पहचान करते हुए पुलिस ने इस हत्या प्रकरण मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतक सुखदेव सिंह के पुत्र बबलु सिंह ने उक्त सिर कटे शव की अपने पिता के रूप में पहचान की। इसके बाद शव को पोस्टमार्ट हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया। इससे पहले बबलू सिंह ने अपने पिता सुखदेव सिंह, ग्राम छिपादोहर, टोला छिटियांटांड, थाना छिपादोहर के लिखित आवेदन के साथ सुखदेव सिंह की हत्या के मामले में प्राअभि नितेश खलको, पिता विनोद खलको, थाना छिपादोहार, हंसराज टोला के विरुद्ध कांड दर्ज कराया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड में शीघ्र उद्बभेदन हेतु पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह दिल्लु लोहरा के नतृत्व में टीम का गठन कर मामले का उद्वेदन किया गया। मामले में चार

अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें नितेश खुलको, मतियस उरांव, विनेश्वर सिंह, शिवराज सिंह शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने हत्या में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि मृतक सुखदेव सिंह (60) नितेश खालको एवं बिनेश्वर सिंह के घर जाकर उसकी मां के साथ छेड़छाड़ करता था। यही नहीं कुछ दिनों पूर्व बिनेश्व सिंह के पिता के मरने के बाद मृतक सुखदेव सिंह बिनेश्वर सिंह की मां को रखैल बनाकर रखना चाहता था। इसी बात को लेकर आरोपियों ने मृतक की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए उसके शव एवं हाथ को दूसरी जगह जबकि शरीर के पूरे भाग को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। छापामारी दल में लोहार, अनु पु पदा, उरांव, पुलिस निरीक्षक, अभिषेक कुमार, थाना प्रभारी छिपाडोहर श्री निवास सिंह, थाना प्रभारी, रंजीत राम, पुअनि, काशी महली, (अनुसंधानकर्ता) आदि शामिल थे।

चोरी करते तीन चोरों को ग्रामीणों ने धर दबोचा

टंडवा। थाना क्षेत्र के सेरनदाग निवासी मनोज कुमार साहू के घर चोरी करने गए तीन चोरों को ग्रामीणों ने धर दबोचा। इसकी सूचना स्थानीय थाना में देकर तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया। सोमवार देर रात्रि मनोज कुमार साहू अपने घर में सपरिवार खाना-पीना खा कर सो रहा था, कि तीन चोरों ने घर में घुस कर सो रही महिला के जेवरात को खोलने की कोशिश कर रहे थे, जैसे ही लोगों की नींद खुली वैसे ही तीनों चोर कुछ समान लेकर फरार हो गये और दूसरे घर मे चोरी करने चल दिये। इस दौरान वहीं बगल में एक गरीब बुढ़े के घर से कुछ पैसा व समान चुरा कर भाग रहे थे। जो सुबह होते ही ग्रामीणों ने मुख्य चोर टंडवा हरिनगर के विशाल दास को धर दबोचा एवं उसी के ब्यान के अनुसार कुमारंग के दो सगे भाई प्रवीण मिश्रा एवं निशांत मिश्रा को भी पकड़ लिया। ततपश्चात तीनों चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। मनोज कुमार साव ने तीनों चोर के खिलाप थाना में मामला दर्ज कराया है। जिसपर पुलिस द्वारा त्वरित कर्रवाई करते हुवे तीनो चोर को जेल भेज दिया गया।

साव गैंग पर रेलवे साइट पर फायरिंग और रंगदारी मांगने को लेकर केस दर्ज

सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी का किया गया गठन

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा
थाना क्षेत्र अंर्तगत रेलवे निर्माण कार्य स्थल पर गोलीबारी करने व रंगदारी मांगने को लेकर अमन साहू अपराधी गैंग के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। मिलेनियम कंपनी के साइट इंजीनियर दिव्य प्रकाश के बयान के आधार पर टंडवा थाना कांड संख्या 255/ 2023 दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि बीते सोमवार को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों द्वारा रकसी गांव स्थित रेलवे ब्रिज साइट पर कंपनी के सर्वेयर तथा इंजीनियर के ऊपर फायरिंग की गई थी, जिसमें कंपनी के सर्वेयर अमित झा घायल हुए थे। स्थानीय पुलिस के द्वारा घटनास्थल से चार खोखा भी बरामद किया गया है।

रेलवे निर्माण में लगे कंपनी के साइट इंजीनियर दिवय प्रकाश की शिकायत पर स्थानीय थाना में रंगदारी मांगने को लेकर अमन साव तथा मयंक सिंह के ऊपर मामला दर्ज करते हुए न्याय की गुहार लगाया है। पुलिस इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के धर पकड़ के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। कानून को हाथ में लेने वाले किसी भी सूरत में बक्से नहीं जाएंगे। पुलिस अपना कार्य कर रही है और मामले की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। घटना को अंजाम देने में जो भी अपराधी शामिल है उन्हें जल्द हीं सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। वहीं उपरोक्त मामले में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी टीम में कई थानों के पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया है। टीम के द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। घटना के बाद रेलवे निर्माण कार्यस्थल पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

कोमर डैम के किनारे लगे सोलर पैनल अज्ञात ने किया क्षतिग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
थाना अंतर्गत कोमर ग्राम में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने सोलर पैनल को क्षतिग्रस्त किए जाने को लेकर प्राथमिकी की दर्ज करने के लिए ग्रामीणों ने जिला परिषद उपाध्यक्ष को आवेदन सौंपा है। जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने थाना पुलिस ने इस संबंध में जांच कर

कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कोमर गांव में डैम के किनारे सोलर पैनल से सिंचाई की व्यवस्था की गई है। सोमवार रात्रि में कुछ असामाजिक तत्वों ने सोलर प्लेट को पत्थर से तोड़ दिया है। इसके कारण सिंचाई व्यवस्था ठप हो गई है। इससे किसान मायूस एवं परेशान हैं। ज्ञात हो डैम के आसपास सैकड़ों एकड़ जमीन में खेती बारी की जाती है और सिंचाई का मुख्य साधन सोलर पैनल ही है। अभी किसानों के द्वारा कई एकड़ में टमाटर की फसल भी लगाई गई है। इस प्रकार इस घटना से एक तरफ जहां सार्वजनिक संपत्ति की क्षति हुई है, वहीं किसानों में आक्रोश भी है। उपाध्यक्ष जिला परिषद अनीता देवी ने भी दोषी व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

डीसी ने समस्याओं के जल्द समाधान का दिया आश्वासन

लातेहार। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं।

सदर प्रखंड के पोचरा पंचायत स्थित हुटार निवासी डिलर मिथलेश प्रजापति के विरोध में ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया। उपायुक्त ने सभी की शिकायतें सुनीं एवं जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। गणेशपुर ग्राम निवासी मिथिलेश भुइंया ने वन विभाग के क्षेत्र में आ रहे अपने मकान को ध्वस्त किए जाने की जानकारी डीसी को देते हुए मामले की जांच तथा आवास निर्माण की मांग उपायुक्त से मांग की। दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद संबंधित, मुआवजा भुगतान, नियोजन आदि से संबंधित आवेदन आये।

असंतुलित होकर सड़क किनारे पलटा कोयला लदा ट्रक, चालक की हुई मौत

एनएच 75 पर अमझरिया तालाब के समीप की घटना मप्र से कोयला लोड कर हजारीबाग जा रहा था ट्रक

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर अमझरिया तालाब के समीप मंगलवार सुबह एक कोयला लोड अठारह चक्का ट्रक असंतुलित होते हुए सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में ट्रक चला रहे युवक की दबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश सिंह, पिता स्व. रामबहादुर सिंह, अनपरा सोनभद्र (यूपी) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के एक कोयला खदान से कोयला लोड कर तीन ट्रक एक साथ हजारीबाग स्थित नरसिम्हा स्टील प्लांट के लिए निकले थे। इसी दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के अमझरिया तालाब के समीप एक ट्रक चालक ने गाड़ी से अपना संतुलन खो दिया और सड़क किनारे एक पेड़ से टकराते हुए

दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में ट्रक चला रहा युवक गाड़ी के अंदर ही दब गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि ट्रक का मालिक ट्रक चालक को दूसरे ट्रक में आराम करने के लिए भेजकर खुद गाड़ी चला रहा था। दुर्घटना में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। गाड़ी में नंबर प्लेट भी अंकित नहीं था। इधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुभम कुमार के नेतृत्व में पुअनि रामप्रसाद राम, नरेंद्र शर्मा समेत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक के अंदर फंसे शव को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला।

चतरा कॉलेज के बीएड संभाग में स्वागत सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
चतरा कॉलेज चतरा के बीएड संभाग में मंगलवार को स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राधानाचार्य डॉ. आरपी राय, 2021-2023 के टापर, अन्य विभाग के विभागाध्यक्ष का स्वागत फूल मालाओं के साथ चंदन टीका से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. राय, बीएड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह एवं सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बीएड संभाग के प्रोफेसर शोभा कुजूर, डॉ मुमताज अंसारी, कंचन सोय मुरुम, अमित कुमार सिंह एवं कॉलेज के अन्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश झा, डॉ. मनीष दयाल आदि मौजूद थे। इस कार्यक्रम में बीएड संभाग के 2022-24 एवं 2023-25 के सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम

का सफल संचालन अलफीया मीनत ने किया। जिसमें सत्र 2021-23 के परीक्षा में उच्च अंक लाने वाले चार विद्यार्थियों क्रमशः प्रथम स्थान पर प्रियंका कुमारी, द्वितीय सोविता श्रीवास्तव एवं संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही कुमारी गोल्डी,अमित कुजूर को सम्मानित किया गया। चतरा कॉलेज के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बधाइय व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपने हूनर और शब्दों से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। जीवन में आगे भी अपने देश समाज का नाम रोशन करते रहें और अपने कार्य को सफल रूप से करें। बीएड संभाग के विभागाध्यक्ष ने इस कार्यक्रम के आगमन के लिए सभी अतिथि गण, विद्यार्थियों को धन्यवाद एवं अनंत बधाइयां दी। डॉ. मोहम्मद मुमताज अंसारी ने विद्यार्थियों को बधाइयां देते हुए कहा 2-4 साल खूब मेहनत करें तभी जीवन सफलता और आराम से कटेगी। प्रो. शोभा कुजूर ने कहा जो मेहनत करते हैं उन्हें ही सफलता मिलती है। प्रो. चंदन कुमार सिंह ने कहा अपनी प्रतिभा को समझने की जरूरत है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर अमित सिंह ने किया। समारोह को सफल बनाने में 2023- 2025 के विद्यार्थियों ने मुख्य भूमिका निभाई।

उपायुक्त से हर घर नल जल योजना में बरती जा रही धांधली की शिकायत

लातेहार। चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत के ग्राम भुसाढ़, चटुआग, हिसरी में जल जीवन मीशन, हर घर नल जल योजना में बरती जा रही धांधली को लेकर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने सोमवार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन कार्यालय को सौंपकर कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत के, ग्राम भुसाढ़ में जल जीवन मीशन, हरघर नलजल योजना में लगाए गए सभी टावर एंगल की गुणवत्ता और टावर की फाउंडेशन, चापानल की प्लेट फार्म एवं हरघर पानी की जांच करने, ग्राम भुसाढ़ के हरघर नलजल के संवेदक पर कार्रवाई करने, संवेदक ने खुद काम लेकर दुसरे को काम का जिम्मा दे दिया है। ग्राम हिसरी में हरघर नलजल योजना के लगे सभी टावर एंगल की गुणवत्ता और फाउंडेशन, चापानल प्लेट फार्म एवं हरघर पानी की जांच करने, ग्राम चटुआग में लगे हरघर नलजल योजना के सभी टावर एंगल की गुणवत्ता और फाउंडेशन एवं चापानल प्लेट फार्म, हरघर पानी की जांच करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा है कि कामता पंचायत की ग्राम चटुआग, भुसाढ़, हिसरी में जल जीवन मीशन योजना, हरघर नलजल का कार्य का हाल बहुत ही खराब है। घटिया सामान का उपयोग किए जाने से ग्राम चटुआग के टोला डुमरखाड़ के आंगनबाड़ी केंद्र के पास लगे टावर के टंकी का फुटबॉल लगते ही खराब हो गया।

जिला एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के फिर अध्यक्ष बने संतोष

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का चुनाव जिले के सभी 90 एमपीडब्ल्यू की सहमति से कराया गया। संघ के तत्कालीन अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि यह चुनाव निष्पक्ष संपन्न कराया गया है। मतदान बैलेट पेपर द्वारा कराया गया। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार संतोष कुमार, यहेजकल तिग्गा, रवि प्रकाश मैदान में थे। वहीं सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार अनिल कुमार, संजय कुमार रवि, विकेश कुमार, सीताराम कुमार और कोषाध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार विकास कुमार तिवारी, विशाल कुमार अग्रवाल चुनावी मैदान में थे। अध्यक्ष पद के लिए कुल डाले गए 87 मतों में संतोष कुमार को 71 मत प्राप्त हुए, रवि प्रकाश को पांच मत प्राप्त हुए, जबकि यहेजकेल तिग्गा को कुल 11 मत प्राप्त हुए।वहीं सचिव पद के लिए सीताराम कुमार को पांच मत, विकास कुमार को 18 मत, अनिल कुमार को 24 मत और संजय कुमार रवि को 39 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए विकास तिवारी को 19 मत और विशाल अग्रवाल को 64 मत प्राप्त हुए।

49 वां स्थापना दिवस | **निशानेबाज शोभा कुजूर को किया गया राइफल भेंट**

'उर्जा की जरूरतों को पूरा कर रहा है एनटीपीसी'

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा
प्रखंड मुख्यालय स्थिति नार्थ करनपुरा पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की टंडवा ईकाई में मंगलवार को 49 वां स्थापना दिवस परियोजना के प्रशासनिक भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख स्वप्नेंदु कुमार पांडा द्वारा किया गया। साथ हीं सीआइएसएफ की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

अपने संबोधन में पांडा ने कहा कि एनटीपीसी राष्ट्र निर्माण में उर्जा की जरूरतों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रहा है। जिसके लिए सभी कर्मियों समेत संविदा एजेंसियों का उन्होंने उत्साहवर्धन किया। यूनिट 1 से वित्तीय वर्ष

2023-24 में अबतक 2983.58 मेगा यूनिट का विद्युत उत्पादन किया जा चुका है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर निशानेबाजी में परचम लहराने वाली चतरा की शोभा कुजूर को 2,94,000 रुपए का राइफल भेंट कर सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया। वहीं प्रभावित गांवों के 17 बच्चों को प्रशस्ति पत्र व छात्रवृत्ति भी दिये गये। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मानव संसाधन विभाग के अनिल चावला द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर विभागीय कर्मियों समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य मौजूद थे।

पंचायतों के स्वयंसेवकों ने अर्धनग्न होकर जेएमएम कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। कुंदा
रांची स्थित झामुमो केंद्रीय कार्यालय के समक्ष मंगलवार को पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों ने अर्धनंद होकर प्रदर्शन किया, जिसमें कुंदा प्रखंड के स्वयं सेवक भी शामिल थे। विगत 124 दिन से लागतार अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रतिनिधि मंडल से वार्ता, स्थाई सेवा, उचित मानदेय, पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक, पंचायती राज विभाग में समायोजन, को लेकर धरना प्रदर्शन पर हैं। स्वयं सेवक संघ के कर्मियों ने बताया की अपनी मांगों को लेकर सरकार को पूर्व में ही चेताया था की यदि सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो इस तरीके का प्रदर्शन राजधानी में होगा और आखिरकार संघ ने मजबूरन इस

तरह का प्रदर्शन किया। आगे काहा है कि यदि सरकार समय रहते हम लोगों की मांगों पर विचार नहीं करती है तो आगामी 15 नवंबर को मोराबादी मैदान में अर्धनग्न होकर पुनः उग्र आंदोलन किया जाएगा।

गागर में सागर

कैंसर दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

लोहरदगा। लोहरदगा के एकागुड़ी स्थित ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मंगलवार को राष्ट्रीय कैंसर दिवस के मौके पर जागरूकता रैली निकालकर समाज में जागरूकता अभियान चलाया। रैली स्कूल परिसर से निकलकर बक्शीडीपा, एकागुड़ी, मिशन चौक होते हुए न्यू रोड गई जहां रैली का समापन हुआ। रैली में बच्चों द्वारा स्लोगन बोलकर तथा पोस्टर द्वारा समाज में लोगों के बीच कैंसर जैसे खतरनाक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाया गया। शराब, तंबाकू, गुटखा खाने का बहिष्कार करने संबंधी भी बच्चों ने नारे लगाए। विद्यालय के संचालक मुकेश गुप्ता ने कहा कि इस रैली के माध्यम से कैंसर के प्रति समाज को जागरूक करने और साथ ही समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए अपील की है ताकि कैंसर जैसे भयावह रोग से हमारा समाज और देश मुक्त हो सके और हम लोग एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सके।

जिला खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जूम मीटिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अंचलवार और थानावार अवैध बालू उठाव/परिवहन, बॉक्साईट खनन/परिवहन, पत्थर का खनन/परिवहन, कोयला का अवैध परिवहन से संबंधित पृच्छा की गई। इसमें अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा उक्त संबंध में की गई छापेमारी, एफआईआर, दंड आदि के संबंध में जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को औचक निरीक्षण की संख्या बढ़ाने, बालू के साथ-साथ बॉक्साइट/कोयला/पत्थर के अवैध खनन व परिवहन की जांच करने का निदेश दिया गया। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के चेकनाका में जांच करने का निदेश दिया गया। जिन अंचलों की उपलब्धि शून्य है, वैसे अंचल अधिकारियों व थाना को छापेमारी की संख्या व की गई कार्रवाई की संख्या में सुधार लाने का निदेश दिया गया। जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

नियोजनालय में रोजगार मेला 11 को

लोहरदगा। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड अंतर्गत जिला नियोजनालय लोहरदगा द्वारा शनिवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे से रोजगार मेला का आयोजन जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में किया जाएगा। इसमें इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्रालि लोहरदगा, रक्षा सिक्योरिटी सर्विसेज लिमिटेड आंध्र प्रदेश, शिवमंगल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन खूंटी, आमधानी प्रालि दिल्ली, बजाज एलियांज लाईफ इंश्योरेंस लोहरदगा, एलआईसी लोहरदगा, मिलेनियम स्किल एनसीआर दिल्ली, निपन मल्टीसर्विसेज, ग्रामीण शिक्षा एवं प्रशिक्षण फाउंडेशन गुजरात और रांची सिक्युरिटीज प्रालि को कुल 1930 विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु नियोजक कंपनी के रूप में आमंत्रित किया गया है। शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास/इंटरमीडिएट पास/आईटीआई पास/स्नातक आदि है। रोजगार मेला में शामिल होने के लिए विभिन्न पदों में उम्र सीमा 18-40 वर्ष है। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा दी गई।

विद्युत चोरी के खिलाफ चला अभियान

कैरो। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया। इसके लिए उन्होंने छापेमारी दल का गठन कर मंगलवार को थाना क्षेत्र के कैरो पंचायत के कैरो व नयाटोली गांव में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की। बकाया पर लाइन काटे जाने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले कन्हैया प्रसाद सोनी पिता मथुरा प्रसाद सोनी, कबीर खान पिता चमा खान, सबीर खान पिता चमा खान, रोजनी खातून पति कबीर खान, दमना खातून पति शरीफ खान, बुधु महली व सोमरा महली पिता डूसू महली, अताउल्लाह पिता शमशेर अंसारी समेत कुल 8 लोगों के विरुद्ध धारा 135, 137 के तहत मामला दर्ज कराने की बात कही। इस मौके पर जौहर अंसारी, सुनील कुमार सहित कैरो पीएसएस में कार्यरत लोग मौजूद थे।

लोगों को मतदान व मतदाता सूची में जुड़ने को जागरूक करने की अपील

भंडरा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने बीएलओ के साथ एक समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में सभी बीएलओ को पूर्व किए गए मतगणना सर्वेक्षण के संदर्भ में पूरी जानकारी ली गई। साथ ही उन्हें निर्देश दिया कि जल्द से जल्द छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ते हुए निरीक्षण कार्य पूरा करें। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रखंड भर के सभी बूथ स्तर पर एक पाठशाला का आयोजन कर लोगों को मतदान और मतदाता सूची में जुड़ने के लिए जागरूक करें ताकि लोगों का शत प्रतिशत नाम मतदाता सूची में जुड़ सकें और सभी मतदान कर सके। सभी बीएलओ को मतदान जागरूकता किट देकर सभी चौक चौराहों पर कीट लगाकर लोगों को जागरूक करने की भी बात कही गई।

उपायुक्त ने कुम्हारों को मुख्य बाजार के आसपास दुकान मुहैया कराने का दिया आश्वासन

प्रजापति समाज ने डीसी-एसपी को भेंट किए दीये, ग्वालिन व खिलौने

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
झारखंड कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति का प्रतिनिधिमंडल जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को कुम्हार द्वारा निर्मित दीपक ग्वालिन मिट्टी से बने हुए खिलौने को भेंट कर दीपावली की शुभकामना दी। उपायुक्त से संरक्षक विनोद प्रजापति के द्वारा शहरी क्षेत्र पर कुम्हार समाज को मुख्य बाजार के आसपास दुकान मुहैया कराने की मांग की। डीसी ने आश्वासन दिया है की निश्चित रूप से इस समाज को दुकान मुहैया कराया जाएगा।

इधर समिति के लोगो ने जिले के पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, डीएसपी, डीएसओ, डीएमओ, विशेष पदाधिकारी नगर परिषद, सिटी मैनेजर समेत जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन के मुखिया, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि को मिट्टी के दीपक, खिलौने आदि देकर सम्मानित किया। उनसे बैठकर माटी कला बोर्ड को यथाशीघ्र कैबिनेट में लाकर बहाल करने की मांग की। वहीं लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों में कुम्हार को इलेक्ट्रॉनिक चाक मुहैया कराने की बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने जिले के सभी सनातनियों से एवं अन्य वर्गों से भी अपील करती है कि चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करें एवं मिट्टी से बने हुए दीये का अधिक से अधिक उपयोग करें एवं खिलौने को कुम्हार से खरीदे जो महीना पहले से समाज के लिए बना रहे हैं, जिससे उनके मनोबल बढ़ेगी और लोकल स्तर पर बाजार में सुधार भी आएगी। इस प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक बासुदेव प्रजापति, देवानंद प्रजापति, कमल महतो, राधेश्याम प्रजापति, विनोद प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापति, राजू प्रजापति, पीतांबर महतो, जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति, महासचिव नागेंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष रामदेव प्रजापति, सरोज प्रजापति, परोज प्रजापति, संजय प्रजापति, रियांश प्रजापति, आदित्य नारायण प्रजापति, अमित महतो, मुकेश कुमार, अनिल प्रजापति इत्यादि थे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दीपक 100 से लेकर 300 रुपये तक, ग्वालिन 30 से लेकर 600 रुपये तक, मिट्टी के अन्य खिलौने 10 से 15 रुपये तक एवं धूपदानी 10 से लेकर 50 रुपये तक बाजार में बेचे जा रहे हैं।

दीपावली में घरों को सजाने के लिए सज गया लोहरदगा का बाजार

पैचवर्क व वॉल कंट्रॉस्ट पर्दे डिमांड में, स्टाइलिश फर्नीशिंग की खरीदारी शुरू

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
इस दीपावली घर का मेकओवर करने के लिए बाजार सज चुका है। घर में टंगे बोरिंग पर्दे सोफा कवर और कुशन को लोग बदलने की होड़ में लग गए हैं। घर की सुंदरता बढ़े इसलिए स्टाइलिश फर्नीशिंग की खरीददारी भी लोगों ने शुरू कर दी है। इस बार बाजार में स्टाइलिश फ्लोरिंग से लेकर कर्टेन, कारपेड, डाइनिंग टेबल रनर, टेबल स्टैंड, टेराकोटा की साइड स्टैच्यू की बड़ी रेंज मार्केट में आई है। बजट के हिसाब से लोग अपने घर के इंटीरियर में चार चांद लगा सकते हैं। फर्नीशिंग आयटम में इस बार कई ब्रांडेड कंपनियां ग्राहकों को 40 से 50 प्रतिशत की छूट दे रही हैं, तो वहीं लोकल कंपनियां भी 15 से 30 प्रतिशत का डिस्काउंट ऑफर कर ग्राहकों को लुभा रही हैं। घर को सजाने की बात की जाए तो सबसे पहले ड्राइंग रूम से इसकी शुरुआत होती है। ड्राइंग रूम को सजाने के लिए पर्दे, सोफा कवर, सोफा कुशन, टेबल मैट, डोर मैट के डिजाइनर पीस बाजार में हैं। ब्रांडेड हों या लोकल सभी की डिमांड ज्यादा है। शहर के अपर

बाजार, महावीर चौक, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक में ब्रांडेड से लेकर लोकल आयटम का बड़ा कलेक्शन है। दुकानदार ने बताया कि लोग कम बजट में अच्छे पर्दे खोज रहे हैं। पर्दे के रंग दीवार के कंट्रॉस्ट में चल रहा है। इसमें ब्राइट कलर के पर्दे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इसके अलावा कैटलॉग को देखकर ग्राहक पर्दे सिलने का भी ऑर्डर दे सकते हैं। इसमें सिलाई का एक्स्ट्रा चार्ज 100 रुपये लगेगा। पर्दे में पैचवर्क पर्दा ज्यादा पसंद किया जा रह है। इसमें फूल और पत्तियों का पैच लगा होता है। इसके अलावा रॉयल लुक देते हुए प्लेन पर्दे के साथ बनारसी और जयपुरी टच वाले कपड़ा लगा पर्दा काफी पसंद किया जा रहा है।

ये है दाम : पैचवर्क पर्दा 600 रुपये प्रति पीस, प्लेन पर्दे के साथ बनारसी कपड़े और जयपुरी कपड़े का टचअप 1000 रुपये प्रति पीस, नेट के पर्दे 600 रुपये प्रति पीस, सामान्य पर्दे 250 से लेकर 500 तक, पर्दे का टाइ बैग्स मोती और वुडेन वर्क वाला 40 से 150 तक, सोफा कुशन हुआ स्टाइलिश, सामान्य सोफा कुशन सेट 189 से लेकर 299 रुपये तक, राजस्थानी सोफा कुशन 1000 में पांच पीस, बेबी सोफा कुशन 600 जोड़ा, प्लेन सिल्क सोफा कुशन 600 पांच पीस, तिकोना सोफा कुशन जेब्रा डिजाइन 400 रुपये जोड़ा, डाइनिंग टेबल रनर प्लास्टिक फैब्रिक में 650 रुपये, डाइनिंग टेबल रनर कपड़े में 700 रुपये।

घर के पोर्च को दें पार्क जैसा ग्रीन लुक

घर के पोर्च को सुंदर बनाने के लिए ग्रीन ग्रास विनायल फ्लोरिंग लोगों का भा रहा है। यह एंटीबैक्टेरियल होता है। घर की छत और बरामदे में लगाकर आप अपने घर में ऐसा लुक दे सकते हैं जैसा कि किसी हरे भरे घास वाला पार्क हो। यह 50 से 70 रुपये स्क्वॉयर फीट के हिसाब से बिक रहा है।

टेराकोटा मूर्तियों से बढ़ाएं घर की शोभा

दीपक स्टैंड 15 से 856 रुपये तक, हैंगिंग डिजाइनर दीया 150 रुपये, बल्ब लगाने वाला लालटेन 80 रुपये, तुलसी पॉट 300 रुपये, वेलकम सेट में शहनाई वादक 150 रुपये, ढोलक पर बैठा शिव परिवार 1250 रुपये, कछुआ 50 रुपये, पानी का पॉट विद स्टैंड 1250 रुपये।

केंद्रीय प्रभारी केके सोन के आगमन को लेकर हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
10 नवंबर को आकांक्षी जिला अंतर्गत लोहरदगा जिला के केंद्रीय प्रभारी केके सोन, संयुक्त सचिव, श्रम एवं नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार के आगमन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडीकेटर्स, पिछली बैठक में संयुक्त सचिव केके सोन द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन और अवार्ड मनी से क्रियान्वयन किये जा रहे योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अवार्ड मनी अंतर्गत डेयरी प्लांट की स्थिति, ई-लाईब्रेरी की स्थिति, दीदी कैफे का संचालन, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, फैशन डिजाईनिंग स्किल प्रशिक्षण, 50 बेडेड आवासीय विद्यालय, कल्याण विभागीय विद्यालय में सौरचालित पेयजल, सोलर लाईट की व्यवस्था आदि की जानकारी ली गई जिसमें संबंधित पदाधिकारियों द्वारा अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई।

नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के निर्धारित इंडीकेटर्स की समीक्षा की गई जिसमें स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत संरचना, शिक्षा और वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास का इंडीकेटर शामिल है। सभी संबंधित विभागों को अपना प्रतिवेदन अद्यतन किये जाने का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन, लोहरदगा को स्वास्थ्य अंतर्गत प्रसव पूर्व जांच की स्थिति और संस्थागत प्रसव में सुधार लाये जाने का निदेश दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा जिला में चिन्हित कुपोषित बच्चों और उनके उपचार के अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। समाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक द्वारा जिला में केंद्र संपोषित और राज्य संपोषित योजनाओं अंतर्गत पेंशनधारकों के अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। वित्तीय समावेशन में संबंधित योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा दी गई।

श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ ध्वजारोपण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
आगामी 25, 26, 27 एवं 28 नवंबर को रामपुर गांव के प्राचीन शिव मंदिर एवं दुर्गा मंडप के प्रांगण में चार दिवसीय श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव 2023 के आयोजन के निमित्त ध्वजारोपण का विधिवत कार्यक्रम किया गया। यह हरि नाम रस अमृत महोत्सव कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी से प्रारंभ होकर कार्तिक पूर्णिमा रास पूर्णिमा देव दीपावली के दिन भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसमें 25 नवंबर को 1101 महिलाओं के द्वारा शंख एवं कोयल नदी के संगम पर स्थित प्राचीन उमानाथ मंदिर भक्सो से प्रारंभ होकर रामपुर गांव के आयोजन स्थल तक कलश यात्रा संपन्न होगी एवं इसी दिन पंचांग पूजन एवं विधि प्रवेश कर कलयुग के महामंत्र हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे महामंत्र का अनवरत 72 घंटे तक स्थानीय एवं अन्य जिलों के कीर्तन मंडलियों के द्वारा किया जाएगा। इस अनुष्ठान का समापन 28 नवंबर 2023 को हवन एवं पूणार्हुति के साथ भव्य भंडारे के रूप में किया जाएगा। रामपुर बाघा खखपरता ऐने इरगांव मुंदो अरकोसा भटखिजरी मनहो आदि गांव में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर पारंपरिक सरना झंडा का स्थापना भी किया गया जिसे गांव के पाहन बजरंगी पाहन के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के द्वारा स्थापित किया गया। इस अनुष्ठान में विभाकर पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से मुख्य यजमान कृष्णा चौधरी, किरण देवी, शंभू कुमार सिंह, अलका सिंह, प्रदीप कुमार साहू, ममता साहू, धनु साहू, लीलावती देवी, विगण महली, हेमंत महली आदि ने यजमान के रूप में पूजा अनुष्ठान संपन्न किया।

बोलेरो की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

भंडरा। थाना क्षेत्र अंतर्गत पलमी गांव के जहागीर मोड़ के समीप सोमवार देर शाम अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार एक 22 वर्षीय व्यक्ति गंभीर से जख्मी हो गया। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की पहचान भरनो थाना क्षेत्र के सुपा महुवा टोली निवासी शनि उरांव के 22 वर्षीय मंगल उरांव के रूप मे हुई। बाइक सवार को धक्का मारने के बाद अज्ञात बोलेरो के चालक वाहन समेत मौके से निकल भागने में सफल रहा। सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल की सहायता की तथा पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर भंडरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से जख्मी मंगल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसकी प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत बेहतर चिकित्सा के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया जाता है कि मंगरा भंडरा की ओर से बाइक से घर जा रहा था इसी क्रम में विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही अज्ञात बोलेरो ने धक्का मार दिया।

जीविकोपार्जन के लिये महिलाओं के बीच किया गया बकरी का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के माध्यम से कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं के बीच बकरी का वितरण किया गया। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव की मौजूदगी में प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप प्रखंड क्षेत्र के इंदु देवी, शिला उरांव, सम्पइत उरांव, सरिता उरांव, सुमरी देवी, सुनीता उरांव सहित 8 महिलाओं के बीच 4-4 बकरी व एक-एक बकरा तथा दवा, एक-एक डेग और एक-एक बाल्टी का वितरण किया गया। इस मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि जनता के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। आम जनता को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गाय, बकरी, मुर्गी, बतख, सूकर पालन सहित

कई योजनाएं सरकार द्वारा चलाई रही हैं। विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव ने कहा कि सरकार पलायन को रोकने के उद्देश्य से छोटी बड़ी विभिन्न तरह की योजनाएं चला रही है। सभी लोग जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें और विकास करें। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज सिंह, कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पशु चिकित्सक डॉ. अमरदीप तिग्गा आदि उपस्थित थे।

प्राचार्य,मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय का कार्यालय पलामू।
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)
निविदा संख्या– 07/2023–24

मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय पलामू के लिए चालु वर्ष 2023–24 में सामग्री/रसायन/ उपकरण आदि की क्रय हेतु निबंधित निर्माता/अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठान, एजेंसियों से निविदा दिनांक 29.11.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	सामग्री,उपकरण,रसायन का दर अनुमोदन हेतु।
1	निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	दिनांक 09.11.2023 समय 12.30 PM
2	निविदा शुल्क (डी0डी0) जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से देय होगा।	1000.00 Non Refundable
3	निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल	30.11.2023 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 03 P.M
4	अग्रधन की राशि (डी0डी0) जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से देय होगा।	20000.00 Refundable
5	निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118
6	हेल्पलाइन (निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0	9110199662
7	BD/DD (Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि	29.11.2023 5 P.M तक

1.निविदा शुल्क जामा कर निविदा का शर्ते आदि कार्यालय अवधि में प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2.उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रयसमिति द्वारा तकनिकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।
PR 310811 District(23-24)D

उपलब्धि एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इंटर कॉलेज की छात्रा को मिली सफलता

अल्पना शैली उरांव ने जीता स्वर्ण पदक

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में बेतिया बिहार में आयोजित 34वां राष्ट्रीय खेलकूद एथलेटिक्स समारोह 2023 के अंतर्गत तरुण वर्ग के भाला फेंक में उत्तर पूर्व क्षेत्र (बिहार एवं झारखंड) का प्रतिनिधित्व करते हुए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा की कक्षा 11वीं की छात्रा अल्पना शैली उरांव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही वह एसजीएफआई के लिए क्वालीफाई कर ली है।

भाला फेंक प्रतियोगिता में उसका मुकाबला देश भर के 11 क्षेत्र के 10 एथलीट् छात्राओं से था।

अल्पना ने 23.67 मीटर दूर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। उसकी सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र सचिव नकुल कुमार शर्मा, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, खेलकूद के क्षेत्रीय सह प्रमुख सुरेश मंडल, प्रांत संचालक सच्चिदानंद लाल, स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, लोहरदगा नगर क्षेत्र में विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अश्विनी कुमार, शोभा देवी, कृष्णा प्रसाद, डॉ शशि कुमार गुप्ता, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, महाविद्यालय में खेल विभाग के प्रमुख यशोदा कुमारी, रेणु कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, आरती भगत, ऋद्धि मिश्रा, चेतन प्रिया, कविता कुमारी, स्नेहा शर्मा शांडिल्य एवं रितेश पाठक सहित शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हैं।

गागर में सागर

धनतेरस से पहले गिरे सोने के दाम चांदी तो 900 रुपये तक हो गई सस्ती

नई दिल्ली। धनतेरस से पहले सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अच्छा मौका आया है। आज जहां सुनहरी मेटल सोना सस्ती होकर मिल रही है वहीं चमकीली मेटल चांदी के दाम में भी जोरदार गिरावट देखी जा रही है। त्योहारी सीजन और शादियों से पहले सस्ती खरीदारी करने का मौका आपको मिलने लगा है तो इस मौके का इस्तेमाल कर सकते हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 335 रुपये या 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ 60435 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर मिल रहा है। सोने के ये दाम इसके दिसंबर वायदा के लिए हैं। चमकीली मेटल चांदी तो आज बेतहाशा टूटकर कारोबार कर रही है। एमसीएक्स पर चांदी के रेट 888 रुपये सस्ते होकर 71229 रुपये प्रति किलो के रेट पर दिख रहे हैं। चांदी के ये रेट इसके दिसंबर वायदा के लिए हैं। चांदी में 1.23 फीसदी की गिरावट बनी हुई है। त्योहारों पर सस्ता सोना खरीदने का मौका आपको मिल रहा है तो इसे हाथ से ना जानें दें। पिछले काफी समय से सोने के दाम लगातार बढ़ रहे थे लेकिन इस हफ्ते दूसरा दिन है जब गोल्ड और सिल्वर के रेट नीचे आ रहे हैं।

भारत का इस्पात का शुद्ध आयातक होना चिंता का विषयः टाटा स्टील सीईओ

नई दिल्ली। टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने मंगलवार को कहा कि भारत का इस्पात का शुद्ध आयातक होना चिंता का विषय है। नरेंद्रन ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय इस्पात संघ के सम्मेलन में कहा, सरकार ने भरोसा दिलाया है कि अगर आयात बढ़ता रहा, तो वह हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह थोड़ी चिंता की बात है क्योंकि चीन की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस्पात की कीमतें अभी भी थोड़ी नरम हैं... आपने (वाणिज्य) मंत्री पीयूष गोयल को यह कहते हुए सुना है कि अगर आयात बढ़ता है, तो सरकार इसपर विचार करेगी कि वह मदद के लिए क्या कर सकती है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को घरेलू उद्योग को भरोसा दिलाया कि भारत यूरोपीय संघ के कॉर्बन कर को स्वीकार नहीं करेगा, क्योंकि यह अनुचित है। गोयल ने कहा कि भारत पहले ही यूरोपीय संघ और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में कार्बन कर पर अपनी चिंता जता चुका है। कॉर्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) या कार्बन कर (एक तरह का आयात शुल्क) एक जनवरी, 2026 से लागू होगा। लेकिन सात कॉर्बन गहन क्षेत्रों मसलन इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, एल्युमीनियम और हाइड्रोकॉर्बन उत्पाद से जुड़ी घरेलू कंपनियों को इस साल एक अक्टूबर से ही कॉर्बन उत्सर्जन के आंकड़ों को यूरोपीय संघ के साथ साझा करना है। गोयल ने कहा, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम सीबीएएम को लेकर अत्यंत चिंतित हैं।

देश की इस्पात विनिर्माण क्षमता 16.1 करोड़ टन के पार हुई : सचिव

नई दिल्ली। देश की इस्पात विनिर्माण क्षमता 16.1 करोड़ टन को पार कर चुकी है और उद्योग लगातार वृद्धि की ओर अग्रसर है। इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने मंगलवार को यह बात कही। राष्ट्रीय इस्पात नीति के अनुसार, भारत का 2030 तक 30 करोड़ टन इस्पात विनिर्माण क्षमता स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। सिन्हा ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के चौथे इस्पात सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ह्यह्यहम पहले ही 16.1 करोड़ टन क्षमता पार कर चुके हैं। इसमें ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सिजन फर्नेस (बीएफ-बीओएफ) के जरिए 6.7 करोड़ टन, इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) से 3.6 करोड़ टन और इंडक्शन फर्नेस (आईएफ) के जरिए 5.8 करोड़ टन क्षमता शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश का इस्पात उद्योग लगातार वृद्धि की राह पर है। सिन्हा ने कहा कि भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा वाहन बाजार है और अगले 10 साल में इसके सालाना आठ से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा विनिर्माण क्षेत्र की सालाना वृद्धि दर सात से आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस वजह से दोनों क्षेत्रों में इस्पात की मांग बढ़ रही है। सिन्हा ने कहा कि इस्पात क्षेत्र में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) बेहतर तरीके से आगे बढ़ रही है। उद्योग ने इसके तहत 29,500 करोड़ रुपए में से 10,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस्पात सचिव ने कहा कि इस क्षेत्र को कार्बन उत्सर्जन और वैश्विक बाजार की मांग से संबंधित महत्वपूर्ण चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उद्योग की दीर्घावधि की स्थिरता और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणीय लक्ष्यों को पाने के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना, हितधारकों के साथ सहयोग और हरित व्यवहार को अपनाना जरूरी हो जाता है। यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) पर उन्होंने कहा कि इसने इस्पात उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती खड़ी कर दी है।

Office of the Executive Engineer
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding
(Short Term Tender)

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1133/2023-24
Date:- 07.11.2023

1.	Name of the work	**Construction of H.L. Bridge (with Approach Road) over Dhobni River at 12th km. in Ketar to Kandi Road under Road Division, Garhwa**
2a.	Approximate Value of Work	Rs. **6,93,21,383.00** (Rupees Six crore Ninety Three Lac Twenty One thousand Three hundred Eighty Three) only.
b.	Bid Security	Rs. **6,94,000.00** (Rupees Six Lac Ninety Four Thousand) only.
3.	Time of Completion	12 (Twelve) Months.
4.	Last date/Time for receipt of bids	14-11-2023, 12.00 Noon
5.	Date of Publication of Tender on website	28-11-2023, 10.30 A.M.
6.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114
7.	Contact no. of Procurement officer	**06561-295161**
8.	Helpline number of e-Procurement cell	**0651-2401010**

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR310921 (Road)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-17/2023–24
दिनांक–06.11.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 11-11.2023 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21.11.2023 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21-11.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का विवरण :–

कम संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Construction of Rural water Supply Scheme with 1.0 HP DC Solar motor pump set, Deep Tube well 125x115 mm dia & 90 mtr. Depth, RCC Foundation, Const. Of Galvanized tubular steel structure, Supplying & installation of 5000 ltr. Capacity water tank and Const. of Soak pit at village Siriyatonger, Panchayat Bahiyar khurd, Block Ramna Under D.W.&S.D, Garhwa for the year 2023-24.	9,85,151/-	20,000/-	1250/-	03 Months

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गढ़वा

PR 310916 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

e–Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer
Building Construction Department, Circle.-2, Combined Building,
Line Tank Road, Ranchi-834001 • Tel. : 0651-3512691

Letter No.- Date:-

शुद्धि-पत्र

e-Procurement Tender Reference No.-26 BCD/CIR-2/RANCHI/GARHWA ,DIV/ 2023-24 PR No.-309020 Building Dept Circle -2 (23-24) #D, Name of Work:- Repair & Renovation of Alpsankhya Boy's Hostel at Garhwa कार्य से संबंधित है, के क्रमांक–iii में अंकित वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय को विलोपित किया जाता है तथा कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारणवश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत है:–

क्रमांक	मद	पूर्व की तिथि	संशोधित तिथि
1	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	17.10.2023	30.11.2023
2	वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय	25.10.2023 3:00 PM	08.12.2023 3:00 PM
3	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	26.10.2023 3:00 PM	09.12.2023 3:00 PM

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building Construction Department, Circle-2, Ranchi

PR 310934 (Building Dept Circle - 2) 23-24 (D)

जिला खनन कार्यालय, गुमला

खनिज परिवहन वाहनों में GPS लगाने लगाने की अनिवार्यता के संबंध में सूचना।

एतद् द्वारा गुमला जिलान्तर्गत खनिज परिवहन में संबंधित सभी वाहनधारक/खनन पट्टेधारी, खनिज अनुज्ञप्तिधारियों, खनिज परिवहनकर्त्ता एवं खनिज व्यवसायियों को यह निदेश दिया जाता है कि "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rule-2017 के नियम–5(ii) के अनुसार खनिज परिवहन में प्रयुक्त होने वाले सभी Minerals Carrying Vehicle पर GPS/RFID Vehicle Tracking Device लगाये जाने की अनिवार्यता है। अतः सभी खनिज ढुलाई वाहनों पर 45 दिनों के अन्दर MoRTH द्वारा अधिकृत किसी भी Supplier से AIS 140 Certification युक्त GPS Vehicle Tracking Device (VTD) को Install किया जाए। Vendor द्वारा उपकरण की e-SIM Validity, गुणवता एवं Warranty को भी बनाये रखा जाए, साथ ही GPS VTD Device को खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा विकसित Vehicle Tracking Solution (VTS) से Integrate किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

ह0/–
जिला खनन पदाधिकारी,
गुमला

PR310813 (Mines and Geology)23-24*D

कार्यालय
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा
सदर अस्पताल परिसर, चतरा।

शुद्धि–पत्र

अधोहस्ताक्षारी के कार्यालय के पत्रांक 683/चतरा, दिनाँक 27.10.2023 **PR 310028 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D** के आलोक में अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना दैनिक समाचार पत्रों एवं जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर प्रकाशित की गयी थी। उक्त निविदा में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा आमंत्रण की तिथि को विस्तारित करते हुए दिनाँक 21 नवम्बर, 2023 के अपराहन् 3.00 बजे तक इच्छुक निविदादाता से सील बन्द लिफाफा में कोटेशन आमंत्रित की जाती है।
कार्य की प्रवृति :–108 एम्बूलेंस वाहन की मरम्मति।
चतरा एवं झारखंड के अन्य जिलान्तर्गत सभी गैराज/ऑटो रिपेयर सेंटर/सर्विस सेंटर।
निविदा की शर्तें की कंडिका–06 को विलोपित किया जाता है एवं प्रकाशित वाहन की सूची से किसी एक या अलग–अलग वाहन की मरम्मति का कोटेशन अलग–अलग समर्पित किया जा सकता है।
नोट :– पूर्व में प्रकाशित निविदा की शेष शर्ते यथावत् रहेंगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.310918 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0
Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.
(A Govt. of Jharkhand undertaking)
E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in
कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर, लातेहार स्थित रिचुघूटा वनागार, रिचुघूटा एवं अन्य अस्थायी वनागार में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागारों में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है:–

वनागार का नाम	समय	नवम्बर– 2023
1	2	3
चैनपुर वनागार एवं अस्थायी वनागार प्रादेशिक प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर चैनपुर ,कुन्दरी , पाटन एवं सरकारी परिसर	प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न	21-11-2023
रिचुघूटा वनागार एवं अन्य अस्थायी वनागार	प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न।	---------

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,डालटनगंज

PR310823 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।

(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–40, वर्ष 2023–24)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि : **22.11.2023** से **24.11.2023** तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिकी का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : **25.11.2023** को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : **25.11.2023** को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराहन में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद – : DMFT

क्र.	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	चतरा	–	–	K.G.B.V, CHATRA में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण।	1000000	2500	20000	03 माह
2	हण्टरगंज	–	–	K.G.B.V, HUNTERGANJ में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण।	1200000	2500	24000	03 माह
3	प्रतापपुर	–	–	K.G.B.V, PRATAPPUR में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य।	1555000	5000	31500	03 माह
4	कुन्दा	–	–	K.G.B.V, KUNDA में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य।	2200000	5000	44000	03 माह
5	लावालौंग	–	–	K.G.B.V, LAWALONG में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य।	2000000	5000	40000	03 माह
6	ईटखोरी	–	–	K.G.B.V, ITKHORI में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य।	1800000	5000	36000	03 माह
7	गिद्धौर	–	–	K.G.B.V, GIDHOUR में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य।	1600000	5000	32000	03 माह
8	पत्थलगड्डा	–	–	K.G.B.V, PATHALGADDA में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य।	1800000	5000	36000	03 माह
9	सिमरिया	–	–	K.G.B.V, SIMARIYA में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य।	1600000	5000	32000	03 माह
10	टण्डवा	–	–	K.G.B.V, TANDWA में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य।	1800000	5000	36000	03 माह
11	मयुरहण्ड	–	–	J.A.B.V, MAYURHAND में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य एवं Concertina Wire Fencing	3000000	5000	60000	03 माह
12	कान्हाचट्टी	–	–	J.A.B.V, KANHACHATTI में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य एवa Concertina Wire Fencing	3000000	5000	60000	03 माह
13	टण्डवा	धनगड़ा	खरीका	Construction of PCC Road from dhangadda hesatu road kali bagi to kanaudi PWD Road via house of Md Mumtaj Alam	9979200	10000	200000	04 माह

निविदा की शर्तें –
1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में **"जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा"** के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR 310821 (District) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, लोहरदगा।

रोजगार मेला संबंधी सूचना

दिनांक 11.11.2023 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

Sl. No	Name of the Employer & Address	Name of the Post	No. of Vacancy	Qualification Required	Age	Experience	Remarks (Pay Scale)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Instakart Services Pvt. Ltd., Lohardaga.	Delivery Executive	06	10th Pass	18-30	--	Salary not fixed basis on shipment delivered upto 10000/-to 15000/- Jobs Location Lohardaga District
2	Raxa Security Services Ltd., Andhra Pradesh	Security Guard	500	10th Pass	18-35	--	As per State Minimum Wages. Job Location All over India.
3	Shivmangal Group of Institution, Belhati Road, Khunti	Driver	01	10th Pass and Driving Licence	18-35	--	12000/- per month Job Location Khunti
		Designer	01	Graduate (Computer Training Certificate, Coral Draw, Photoshop, Hindi Typing)	18-35	--	15000/- per month Job Location : Khunti
4	Aamdhane Pvt. Ltd., Vaishnavi Building Road No. 36, Jubee Hill, Delhi.	Assembly Operator	50	10th / Desirable Diploma	18-28	--	11,000-27,000/- Job Location Gujarat.
		Picker Packer	50	10th / Desirable ITI	18-28	--	11,000-15,000/- Job Location Hyderabad.
5	Bajaj Alliance Life Insurance Ltd., Lohardaga.	A.S.O (Agency Sales Officer)	25	Graduate	21-35	1 year	18,000/- Job Location Lohardaga. (Required document- PAN, Aadhar, Matric to Graduation mark sheet, Bank passbook, photo, signature scan, email id
		Insurance Advisor	20	10th Pass	20-40	6 months	Commission Basis (Required document- PAN, Aadhar, Matric mark sheet, Bank passbook, photo, signature scan, email id
		S.S.M (Services Sales Manager)	05	Graduate	22-35	1 year	03 Lakh per year. (Required document- PAN, Aadhar, Matric to Graduation mark sheet, Bank passbook, photo, signature scan, email id
6	Life Insurance Corporation Of India, Lohardaga.	Financial Advisor.	20	10th Pass	18-35	--	Commission Basis.
7	Millennium Skill by G4S, NCR Delhi.	Security Guard	450	10th Pass	18-40	--	14,000-21,000/- Job Location Bhuneshwar, NCR Delhi, Gujarat, Chennai, Bangalore.
		Supervisor	50	10th and above	18-30	Fresher	
8	Nipun Multiservices.	Apprentice Trainee	200 +	10th/12th Pass, ITI, Diploma	18-28	Fresher	13000/- Job Location Aurangabad
		Apprentice Trainee	200 +	Diploma	18-23	Fresher	16000/- Job Location Aurangabad
9	Gramin Shiksha Avam Prashishan Foundation, Ahmadabad, Gujrat.	Machine Operator	80	10th /12th / ITI	18-35	--	15,000/- Job Location Ahmadabad.
		Quality	40	ITI/Diploma	18-35	--	16,000/- Job Location Ahmadabad.
		Assembly Line	120	10th /12th / ITI	18-35	--	15,000/- Job Location Ahmadabad.
		Mobilizer	04	Graduation	25-40	--	20,000/- Job Location Ahmadabad.
10	Ranchi Securities Pvt Ltd	MIS Executive	05	Graduation & Above	18 +	1 Year	180000/- to 200000/- per year Job Location: Ranchi & Gumla
		Center Manager	05	Graduation & Above	25 +	2 year	240000/- to 300000/- per year Job Location: Ranchi & Gumla
		Mobilizer	20	Inter & Above	20 +	1 Year	15000/- plus incentive per month Job Location: Ranchi & Gumla
		Driver	04	10th pass & above	20 +	2 Years	10000/- to 15000/- per month Job Location: Ranchi & Gumla
		Cook	04	No bar	20 +	1 Year	7000/- to 9000/- Job Location: Ranchi & Gumla
		Guard	50	10th Pass & above	18 +	Fresher	9000/- to 12000/- Job Location: Ranchi & other district of Jharkhand
	Total		1930				

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 310870 (Lohardaga) 23-24 (D)

पशुपालक व सरकार

झारखंड में पशुपालकों की स्थिति अच्छी नहीं है। यही कारण है कि कृषि के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को नहीं मिल रहे हैं। हालांकि नयी तकनीक से खेती को नया मुकाम मिल रहा है। मिलनी भी चाहिए। लेकिन आज भी पशु की महत्ता को खारिज नहीं किया जा सकता है। खेती से जुड़े लोगों के लिए पशु का रखना जहां जरूरी हो जाता है,वहीं इससे अच्छी आमदनी के द्वार भी खुलते हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार ने राज्य के लाखों पशुपालकों को राहत देने के लिए चिकित्कीय सहायता देने की नई योजना प्रारंभ की है। इससे जहां एक ओर पशुपालकों को अब पशु रखने में परेशानी कम होगी। इसके तहत जिलों में पशु चिकित्सालयों में सुविधायें बढ़ाई जा रही हैं। साथ ही पशुपालक किसी बीमारी की स्थिति में वाट्सअप मैसेज और काल के जरिये जानकारी ले सकते हैं। उन्हें दवाई का नाम भी लिखकर दिया जायेगा। झारखंड में पिछले दो तीन सालों से मौसम की बेरूखी के कारण कृषि कार्य में अनिश्चितता देखने को मिल रही है। इससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों की इस नुकसान की भरपाई के लिए पशुपालन का विकल्प लाभप्रद होने की संभावना है। लेकिन पशु स्वास्थ्य के लिए प्रशिक्षित लोगों की कमी होने की वजह से और आधारभूत संरचना के अभाव में अनेकों प्रकार की परेशानी उठानी पड़ती है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सकों की नियुक्ति भी की। उन्हें नियुक्ति पत्र भी सौंपा है। राज्य में सैकड़ों की संख्या में एंबुलेंस खरीदने के लिए विविदा की प्रक्रिया की जा रही है। इसमें पशु को उनके स्थान से उठाकर इलाज लिए अस्पताल पहंचाया जायेगा। गौवंश की स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के करीब है। पशु चिकित्सक प्रणाली को सुदृढ़ कर राज्य के किसान और सरकार दोनों अर्थव्यवस्था को बढ़ाया जा सकता है। रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय पहले से मौजूद है। कृषि मंत्री राज्य में और पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय खोलने की इच्छा रखते हैं। यह समय की मांग है। इसके खुल जाने से जहां एक ओर पशुपालकों को सुविधा होगी,वहीं विकास के कई द्वार भी खुलेगें। साथ ही इससे शोध के नये अवसर भी पैदा होगें। ऐसे में हम कह सकते हैं कि राज्य में अब पशुओं की सुध ली जायेगी। साथ ही दुग्ध उत्पादन से विकास के कई द्वार खुलेगें। यह देखा गया है कि हर जगह लावारिश पशु सड़कों पर विचरण करते रहते हैं। पशुपालक इन्हें छोड़ देते हैं। ऐसे में इनकी सुध लिया जायेगा। इससे अच्छी बात और क्या होगी? बहरहाल यह देखा गया है कि हमारा देश प्रारंभ से कृषि प्रधान रहा है। पशु हमारे सहचर रहे हैं। इनकी जरूरत को हम सब खारिज भी नहीं कर सकते हैं। लेकिन दुख होता है जब इनकी सुध नहीं ली जाती है। ऐसे में सरकार का पशुपालकों के प्रति ध्यान जहां एक ओर कृषि के क्षेत्र में विकास के द्वार खोलेगा,वहीं लोग आत्मनिर्भर बनेगें। इसमें सभी वर्ग के लोगों को आगे आने की जरूरत है।

खेती से जुड़े लोगों के लिए पशु का रखना जहां जरूरी हो जाता है,वहीं इससे अच्छी आमदनी के द्वार भी खुलते हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार ने राज्य के लाखों पशुपालकों को राहत देने के लिए चिकित्कीय सहायता देने की नई योजना प्रारंभ की है। इससे जहां एक ओर पशुपालकों को अब पशु रखने में परेशानी कम होगी।

जीवन को आसान बनाने की उपयोगिता सोच

ललित गर्ग

सरल को जटिल बनाना आम बात है लेकिन जटिल को सरल, अद्भुत रूप से सहज बनाना, यही रचनात्मकता है। इसी रचनात्मक सोच को विकसित करने के लिये विश्व उपयोगिता दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य प्रयोज्यता, प्रयोज्य इंजीनियरिंग, सार्वभौमिक प्रयोज्यता, उपयोगकर्ता-केंद्रित डिजाइन और बेहतर काम करने वाली चीजों के बारे में आम उपयोगकर्ता की जिम्मेदारी के मूल्यों को बढ़ावा देना एवं उनमें सावधानी, सतर्कता एवं जागरूकता पैदा करना ही इस दिवस का उद्देश्य है। आज प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी का युग है, नित-नयी उपभोग वस्तुओं, पदार्थों एवं सेवाओं का संसार विकसित हो रही, जिसमें प्रौद्योगिकी का सहजता एवं सरलता से उपयोग करना बहुत कठिन है। एक सेल फोन दरवाजे की घुंडी की तरह उपयोग में आसान होना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सरकार, संचार, मनोरंजन, कार्य और अन्य क्षेत्रों के लिए बुनियादी ढांचे के रूप में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाली दुनिया को मानवीय बनाने के लिए, हमें प्रौद्योगिकियों को इस तरह विकसित करने के लिए सहमत होना चाहिए जो पहले लोगों की सेवा करे। रोटी, कपड़ा और मकान की मूलभूत पर्याप्त जरूरतों के बाद प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी उत्पादों एवं पदार्थों का उपयोग, संग्रह और उनके भंडारण में भागदौड़ सभी मनुष्य आदतन करते हैं। क्योंकि ज्यादातर सुख-सुविधाएं शरीर की नहीं, केवल मन की मांग हैं, जो अन्तहीन तृष्णा को जन्म देती है। लेकिन मन से जुड़ी इन मांगों में ही इंसान के ठगे जाने, गुमराह होने एवं नुकसान होने की संभावनाएं सर्वाधिक होती है, इसलिये इन खतरों एवं संकटों से बचाना ही उपयोगिता दिवस का मूल ध्येय है। सुविधावादी जीवन को विस्तार देने के लिये विकसित हो रही प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी साधनों एवं सेवाओं के उपयोग में विवेक एवं समझ का होना जरूरी है। प्रौद्योगिकी एवं उपयोग के बीच उचित सामंजस्य, सहयोग एवं समन्वय का दृष्टिकोण अपेक्षित है। इसीलिये इस वर्ष इस दिवस की थीम 'सहयोग और सहयोग' है। इस दिवस की शुरूआत 2004 में यूपीए बोर्ड के दो सदस्यों, एलिजाबेथ रोसेनजवेग और निगेल बेवन के बीच एक चर्चा से उपजे विचार के रूप में हुई। प्रौद्योगिकी हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिये हो, न कि जीवन में तनाव एवं समस्याओं को बढ़ाये या खराब डिजाइन या खराब गुणवत्ता के माध्यम से खतरे का कारण बने। यह सुनिश्चित करना अपेक्षित है कि विकसित हो रही प्रौद्योगिकी एवं तकनीक प्रभावी, कुशल, संतोषजनक और विश्वसनीय हो और यह सभी लोगों के लिए उपयोग योग्य हो। यह विकलांग लोगों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रौद्योगिकी उनके जीवन को बेहतर बना सकती है, जिससे वे काम, सामाजिक और नागरिक अनुभवों में पूरी तरह से भाग ले सकते हैं। प्रौद्योगिकी का विकास यह जानकर किया जाना चाहिए कि मनुष्य की कुछ सीमाएँ हैं। यदि तकनीक उपयोग में आसान और समझने में आसान नहीं है तो मानवीय त्रुटि होगी। हमें खराब डिजाइन एवं गुणवत्ताहीन वस्तुओं के परिणामस्वरूप होने वाली मानवीय त्रुटि को कम करने की आवश्यकता है। हमारा मानना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकार, गोपनीयता, संचार, कार्य और मनोरंजन सहित लोगों को उनके जीवन के सभी पहलुओं में सेवा प्रदान करने के लिए विश्वसनीय, उपयोग में आसान तकनीक विकसित करने के लिए एकजुट एवं समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। हमें लोगों को डिजाइन के केंद्र में रखना चाहिए, शुरूआत उनकी जरूरतों और चाहतों से करनी चाहिए और परिणामस्वरूप ऐसी तकनीक तैयार करनी चाहिए जिससे हम सभी को फायदा हो। जो मनुष्यों को वास्तव में उनकी क्षमता का एहसास करने में मदद करती है, ताकि हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया बना सकें। यह एक अनूठा, विलक्षण एवं प्रासंगिक दिवस जो दुनिया भर की घटनाओं का एक विश्वव्यापी दिन प्रदान करते हुए पेशेवर, औद्योगिक, शैक्षिक, नागरिक और सरकारी समूहों के समुदायों को सामान्य उद्देश्य के लिए एक साथ लाता है। यह दिवस इसलिये भी है प्रौद्योगिकी लोगों को उनके अनुसार जीने में मदद करते हुए पूर्ण क्षमता और हर जगह सभी नागरिकों के लिए एक बेहतर उपयोग एवं उपभोग संसार की संरचना कर सके। शैक्षिक प्रौद्योगिकी न केवल सस्ती और सर्वसुलभ होनी चाहिए, बल्कि शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों द्वारा उपयोग करने योग्य भी होनी चाहिए। इसी तरह स्वास्थ्य सेवा दुनिया भर में हर किसी के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। चिकित्सा प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य में सुधार कर सकती है, लेकिन इसका उपयोग आसान होना चाहिए। इस क्षेत्र में छोटी-सी भी त्रुटि महंगी एवं जनजीवन के लिये बेहद हानिकारक हो सकती है। हमें स्वस्थ खाद्य आपूर्ति की आवश्यकता है जो हर जगह लोगों की भलाई में सुधार करेगी। ऐसी तकनीक जो सभी के लिए बेहतर भोजन का उत्पादन करती है, उसे ऐसे अनुसंधान पर बनाया जाना चाहिए जो संपूर्ण मानवता के हित में हो। विश्व उपयोगिता दिवस की परिधि में दुनिया भर की सरकारें एवं संचार व्यवस्थाएं भी आती हैं। सरकारों द्वारा नागरिकों को बेहतर सेवा देने और नागरिक अनुभव में भागीदारी बढ़ाने के लिए नई तकनीक का उपयोग होना चाहिए। दुनिया के कई देशों में नागरिक करों का भुगतान कर सकते हैं और ऑनलाइन व्यापार की देखभाल कर सकते हैं; यही क्षमता सभी के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, जिससे उस डिजिटल विभाजन को खत्म किया जा सके जो अमीरों को गरीबों से अलग करता है या सामाजिक समूहों को अलग करता है। मतदान प्रणालियों को चुनावों में विश्वास और भरोसा सुनिश्चित करना चाहिए। नागरिक सहभागिता का समर्थन करने वाली प्रौद्योगिकी को सभी नागरिकों को समान पहुंच और अवसर देना चाहिए। लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने में संचार-क्रांति ने व्यापक सहयोग किया है। संचार के लिए पहले से कहीं अधिक साधन विकसित हुए हैं जैसे फोन, इंटरनेट, मोबाइल, संदेश और मुद्रित माध्यम। लोगों के बीच संचार की सुविधा प्रदान करने वाली प्रौद्योगिकी का उपयोग सहज होना चाहिए। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ता है, वैसे-वैसे ई-कॉमर्स, ई-सरकार और ई-संचार के नये रूपों के बारे में चिंताएँ भी बढ़ती हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सुरक्षा उपाय करने चाहिए कि हमारी बातचीत सुरक्षित है, कि बच्चे और अन्य सुरक्षित हैं, और हमारे सिस्टम भरोसेमंद हैं। आधुनिक जीवनशैली में मनोरंजन के साधनों का भी आश्चर्यकारी विकास हुआ है, मनोरंजन केवल हमारे खाली समय के साधन नहीं है बल्कि लोग अपने दैनिक जीवन में कई कारणों से मनोरंजन का उपयोग करते हैं।

सुविधावादी जीवन को विस्तार देने के लिये विकसित हो रही प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी साधनों एवं सेवाओं के उपयोग में विवेक एवं समझ का होना जरूरी है। प्रौद्योगिकी एवं उपयोग के बीच उचित सामंजस्य, सहयोग एवं समन्वय का दृष्टिकोण अपेक्षित है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने गोवर्धन पूजा की विधि व कथा

तब उस दुष्ट राक्षस ने नहुष को ढूंढ निकाला और उसका अपहरण कर लिया। जिस समय हुंड ने नहुष को अगवा किया था उस वक़्त वह बालक थे। राक्षस की एक दासी ने किसी तरह राजकुमार को बचाया और ऋषि विशिष्ठ के आश्रम ले आयी जहाँ उनका पालन पोषण हुआ । जब राजकुमार बड़े हुए तब उन्होंने हुंड का वध कर दिया जिसके पश्चात माता पार्वती और भोलेनाथ के आशीर्वाद से उनका विवाह अशोक सुंदरी के साथ संपन्न हुआ। बाद में अशोक सुंदरी को ययाति जैसा वीर पुत्र और सौ रूपवान कन्याओ की प्राप्ति हुई। इंद्र के घमंड के कारण उसे श्राप मिला तथा जिससे उसका पतन हुआ। उसके अभाव में नहूष को आस्थायी रूप से उसकी गद्दी दे दी गयी थी जिसे बाद में इंद्रा ने पुनः ग्रहण कर लिया था।

(समाप्त)

आइये सुने भगवान धन्वंतरि की कथा

धन तेरस पर भगवान धन्वंतरि की विशेष पूजा होती है। उन्हें आयुर्वेद का जन्मदाता और देवताओं का चिकित्सक माना जाता है। भगवान विष्णु के 24 अवतारों में 12वां अवतार धन्वंतरि का था। समुद्र मन्थन से **उत्पन्न धन्वंतरि प्रथम :** कहते हैं कि भगवान धन्वंतरि की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुए थी। वे समुद्र में से अमृत का कलश लेकर निकले थे जिसके लिए देवों और असुरों में संग्राम हुआ था। समुद्र मंथन की कथा श्रीमद्भागवत पुराण, महाभारत, विष्णु पुराण, अग्नि पुराण आदि पुराणों में मिलती है।

धन्व के पुत्र धन्वंतरि द्वितीय : कहते हैं कि काशी के राजवंश में धन्व नाम के एक राजा ने उपासना करके अज्ज देव को प्रसन्न किया और उन्हें वरदान स्वरूप धन्वंतरि नामक पुत्र मिला। इसका उल्लेख ब्रह्म पुराण और विष्णु पुराण में मिलता है।

(क्रमशः)

आखिर कब तक गैस चैंबर बनता रहेगा दिल्ली एनसीआर?

योगेश कुमार गोयल

दिल्ली-एनसीआर की हवा में दीवाली से कुछ दिन पहले ही इस कदर जहर घुल चुका है और हवा इतनी दमघोंटू हो चुकी है कि लोगों को न केवल सांस लेना मुश्किल हो गया है बल्कि अन्य खतरनाक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार इस साल अक्तूबर में दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 2020 के बाद सबसे खराब स्तर पर था लेकिन नवम्बर की शुरूआत से ही प्रदूषण के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं और दिल्ली में एक प्रकार से सांसों का आपातकाल सा दिखाई दे रहा है, जहां चारों स्मॉग की घनी चादर छाई है। यह चादर कितनी खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सूर्य की तेज किरणें भी इस चादर को नहीं भेद पा रही हैं। करीब एक सप्ताह से देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता सूचकांक में तेजी से गिरावट आई है। इस तरह की वायु गुणवत्ता को सेहत के लिए कई प्रकार से बेहद खतरनाक माना जाता है। दिल्ली के कई हिस्सों में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक 800 के आंकड़े को भी पार कर चुका है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से कई गुना ज्यादा है। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी अगले 15-20 दिनों तक यहां ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। वैसे तो दिल्ली के साथ-साथ देश के कई अन्य राज्यों में भी प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है और देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में भी वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की जा रही है लेकिन दिल्ली पिछले कई वर्षों से दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बनी हुई है, जिसका सीधा सा अर्थ है कि करीब 3.3 करोड़ लोगों में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम बना हुआ है। लोगों की सांसों पर वायु प्रदूषण का खतरा इतना खतरनाक होता जा रहा है कि वैज्ञानिक अब दिल्ली में साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण के कारण बढ़ रहे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जताने लगे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है। केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (डीएसएस) ने पराली जलाये जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है। चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली सहित, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाये जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़ सी लगी दिखी, वहीं करवा चौथ के मौके पर चांद के दीदार होते ही दिल्ली तथा पड़ोसी राज्यों में लोगों जमकर आतिशबाजी की, जिसने प्रदूषण की स्थिति को और विकराल बनाने में आग में घी का काम किया। विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, खेतों में जलती पराली, खतरों को जानते-समझते हुए भी की जाने वाली भारी आतिशबाजी तथा वाहनों और औद्योगिक इकाइयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त 'स्मॉग' से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। न केवल दिल्ली-एनसीआर में बल्कि देशभर में वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण का खतरा निरन्तर मंडरा रहा है। वायु, जल तथा अन्य प्रदूषण के कारण अब हर साल देश भर में लाखों लोग जान गंवाते हैं।

करीब एक सप्ताह से देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता सूचकांक में तेजी से गिरावट आई है। इस तरह की वायु गुणवत्ता को सेहत के लिए कई प्रकार से बेहद खतरनाक माना जाता है।

दिल्ली

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



दीपावली हर तरफ फैलाता सद्भाव का उजाला

आर.के. सिन्हा

दीपोत्सव मूलतः और अंततः हिन्दू पर्व होते हुए अपने आप में व्यापक अर्थ लिए हुए है। यह अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला अनोखा त्योहार है। अंधकार व्यापक है, रोशनी की अपेक्षा। क्योंकि, अंधेरा अधिक काल। दिन के पीछे भी अंधेरा है रात का। दिन के आगे भी अंधेरा है रात का। दिवाली को ईसाई, मुसलमान और यहूदी भी अपने-अपने तरीके से मनायेंगे। सिख, बुद्ध और जैन धर्मावलंबियों के लिए तो इस दिन का खास महत्व है ही। राजधानी दिल्ली के बिशप हाउस पर दिवाली पर आलोक सज्जा की जायेगी। दीए भी जलाये जायेंगे। यही है भारत की विशेषता। क्या है बिशप हाउस? ये नई दिल्ली के जयसिंह रोड पर स्थित देश के प्रोटेस्टेंट ईसाई समाज के प्रमुख बिशप का मुख्यालय है। दरअसल प्रकाश पर्व हमें अपने देश के पवित्र मूल्यों, जरूरतमंद लोगों के प्रति मदद का हाथ बढ़ाने की हमारी जिम्मेदारी और अंधेरे पर रोशनी की ओर बढ़ने का, ज्ञान और रोशनी चुनने की हमारी ताकत, ज्ञान और बुद्धिमत्ता की तलाश, अच्छाई और अनुग्रह का स्त्रोत बने रहने की हमारी परम्परा की याद दिलाता है। इस पर्व को सिर्फ हिंदू धर्म से जोड़ना भी अनुचित होगा। भारत के लाखों मुसलमान भी दिवाली को मनाते हैं। वे दिवाली पर अपने घरों- दफ्तरों की सफाई करने के अलावा चिराग जलाते हैं। राजधानी के इमाम हाउस में भी चिराग जलाने की परंपरा है। इंडिया गेट से सटी इस मस्जिद के इमाम मौलाना उमेर इलियासी मानते हैं कि भारत में रहने वाला कौन इंसान होगा जो दिवाली न मनाता होगा। इसी तरह मुंबई की हाजी अली दरगाह और दिल्ली के निजामउद्दीन औलिया की दरगाहों को भी दिवाली पर सजाया जाता है। मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे इस्लामिक देशों में दीपावली पर सार्वजनिक अवकाश भी होता है। मेरे कुछ परिचित बता रहे थे कि बरेली शहर में दिवाली पर मुस्लिम समुदाय के लोग सूने घरों को भी दीयों से रोशन करते हैं। सच में प्रकाश और रोशनी का पर्व अंधकार से रोशनी में ले जाता है। इसलिए हम अपने घरों के आगे अंधकार को दूर करने के लिए दीये जलाते हैं। इसी तरह हमें दिवाली पर अपने मन मस्तिष्क से अज्ञानता का अंधेरा दूर करके ज्ञान रूपी प्रकाश फैलाना चाहिए। भारत में तो दीपोत्सव देशभर के ईसाई भी मनाते हैं। दीपोत्सव पर राजधानी के ब्रदर्स हाउस में रहने वाले अविवाहित पादरी भी दीये जलायेंगे। इनका कहना है कि दिवाली और क्रिसमस जैसे पर्व अब धर्म की दीवारों को लांघ चुके हैं। इन्हें सब मनाते हैं। दिवाली तो अंधकार पर प्रकाश की विजय दर्शाता है। दरअसल भारत में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इस संस्था का संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इन्होंने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की। इन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस कार्य किया है। चूंकि ये सब पादरी ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट से संबंध रखते हैं, इसलिये इन्हें ब्रदर भी कहा जाता है। यहां पर रहने वाले पादरी मानते हैं कि रोशनी के इस पर्व को खुशियों का पर्व भी कहा सकता है। दीपावली के आने से पहले ही सारे माहौल में प्रसन्नता छा जाती है। भारतीय संस्कृति में सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार दीपावली का पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की प्रेरणा देता है। भारतवर्ष में हजारों वर्षों से दीप प्रज्ज्वलित कर अंधकार को मिटाकर प्रकाशमान वातावरण का निर्माण किया जाता रहा है। दीपावली पर्व के दौरान धन की अनावश्यक बबार्दी को रोक कर उस राशि का प्रयोजन पुरुषार्थ और परमार्थ के सद्प्रयोजनों में कर आने वाली पीढ़ी को हम यज्ञमय जीवन की सौगात दे सकते हैं। दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने व वायु मंडल को प्रदूषण से बचाने का भी संकल्प लेना। गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करके दीपावली की रौशनी उनके घरों में भी पहुंचा सकते हैं। यूं तो यहूदी धर्म को इजराइल के साथ जोड़ कर देखा जाता है।

मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे इस्लामिक देशों में दीपावली पर सार्वजनिक अवकाश भी होता है। बरेली शहर में दिवाली पर मुस्लिम समुदाय के लोग सूने घरों को भी दीयों से रोशन करते हैं।

दीपावली

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

2 से 5 लाख रुपए के निवेश से शुरू करें ये बिजनेस

नौकरी की तलाश में भटकते-भटकते परेशान हो चुके हैं? आज इस आर्टिकल से जरिए हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आप कम निवेश में करके ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। कई लोग नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं। इसके बाद भी उन्हें सफलता नहीं मिल पाती। ऐसे में परेशान होने के बजाय आप खुद का बिजनेस शुरूकर हर महीने अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं। बता दें कि बिजनेश की शुरूआत करने के लिए आपको ज्यादा पैसों की भी जरूरत नहीं होगी। इन बिजनेस को आप 2 से 5 लाख रुपए में शुरूकर सकते हैं। इन बिजनेस से आपकी अच्छी खासी कमाई भी हो जाएगी और आपकी नौकरी की तलाश भी खत्म हो जाएगी। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको इन बिजनेस के बारे में बताने जा रहे हैं।

जिम या फिटनेस सेंटर : आज के दौर में हर व्यक्ति खुद को फिट और हेल्दी रखना चाहता है। वहीं बढ़ते पाल्यूशन और भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक जागरूक होते जा रहे हैं। वहीं कई लोग खुद को फिट रखने के लिए जिम और योगा भी करते हैं। इसलिए अब न केवल मेट्रो शहरों बल्कि छोटे-छोटे शहरों में भी जिम या फिटनेस सेंटर की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। आपको बता दें कि आप भी 5 लाख रुपए के निवेश से एक छोटा सा जिम शुरू कर सकते हैं। वहीं अधिक से अधिक लोगों के ज्वाइन करने पर आप इसका विस्तार भी कर सकते हैं।

डिस्पोजेबल पेपर प्लेट, कप, दोने बनाना : जैसा कि आप सभी जानते हैं कि शादियों, जन्मदिन समारोह और व्यावसायिक आयोजनों

में लोगों द्वारा डिस्पोजेबल कप और प्लेट का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं इन चीजों की ऑफिस आदि में भी जरूरत होती है। वहीं लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। जिस कारण लोग प्लास्टिक प्लेट, कप, गिलास यूज करने की जगह पेपर से बनी इन चीजों का इस्तेमाल करना अधिक पसंद करते हैं। ऐसे में आप भी इस बिजनेस को आसानी से शुरूकर सकते हैं। इनको बनाने वाली मशीनें आपको 5 लाख से कम के निवेश में एक मशीन आसानी से मिल जाएंगी।

पेस्ट कंट्रोल बिजनेस : अधिकतर घरों में तिलचट्टे, उड़ने वाले कीड़े और अन्य कीड़े पाए जाते हैं। यही कीड़े फसलों और सब्जियों को नष्ट कर देते हैं। इसलिए कीड़ों से बचाव के लिए लोग पेस्ट कण्ट्रोल सेवाओं की खोज करते हैं। ऐसे में बहुत से लोग उपकरण और कीटनाशकों का उपाय खोजते हैं। जो इन कीड़ों और चूहों आदि के नुकसान से बचा सके। कीटों को खत्म करने के संसाधनों और रासायनिक स्प्रे में निवेश कर सकते हैं। इस दौरान रेस्तरां, पब, कॉर्पोरेट कार्यालय, फर्म्स, होटल, हाउसिंग सोसाइटी और अन्य आपके उपभोक्ता हो सकते हैं। इस बिजनेस को भी आप 5 लाख के निवेश से शुरू कर सकते हैं।

फोटो स्टूडियो सर्विसेज : फोटोग्राफी के स्टाइल में पहले से काफी चेंज आया है। आजकल लोग शादी, बच्चों, प्री-वेडिंग, प्रेग्नेंसी शूट, जन्मदिन आदि की अच्छी फोटोग्राफी करवाते हैं। वहीं कुछ लोग हर पल को कैमरे में कैद करना चाहते हैं। इसके लिए लोग पैसै भी खर्च करने के लिए तैयार रहते हैं। इसलिए फोटोग्राफी के बिजनेस में आप हाथ आजमा सकते हैं। हालांकि इस काम को शुरू करने के लिए आपके पास पेशेवर कौशल का होना काफी जरूरी है। अगर आपको भी यूनिक तरीके से फोटो क्लिक करने का शौक है तो आप इस फील्ड में अपनी शुरूआत कर सकते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान : बता दें कि किसी भी क्षेत्र में अपना काम शुरू करने से पहले उस पेशे की सारी डिटेल्स होना जरूरी है। जिस भी काम को आप शुरू करने जा रहे हैं। उसे कैसे करते हैं, आगे कैसे बढ़ाते है इन सबकी बारीक जानकारी होने के बाद ही आप किसी भी काम को करें। क्योंकि अगर आपको अपने काम की नॉलेज नहीं होगी तो आप ज्यादा समय तक किसी भी फील्ड में अपने पांव नहीं टिका कर रख सकते हैं। कॉम्पटीशन के दौर में कुछ अलग और हटके काम करना आपको एक अलग पहचान देता है।

कुकिंग में हैं एक्सपर्ट तो करें

ऑनलाइन किचन बिजनेस की शुरूआत

वर्तमान समय में मार्केट में कई सारे ऑनलाइन फूड डिलीवरी पार्टनर जैसे जोमेटो, फूड पांडा, उबर और स्विगी आदि फूड डिलीवरी एप हैं। इन एप के मदद से आप घर का बना हुआ खाना सेल कर सकते हैं।

आप किचन का ये बिजनेस कैसे शुरू कर सकते हैं : कहते हैं कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। जिस काम से आपका और आपके परिवार का खर्च निकल जाए, तो वह काम सबसे अच्छे होता है। आज के दौर में सबका जॉब पाना सबसे थोड़ा मुश्किल काम है। ऐसे में लोग खुद का स्टार्टअप खड़ा करने की सोच रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी कम लागत के साथ अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज के समय में एक नहीं कई ऐसे ऑनलाइन बिजनेस हैं। जिनको आप घर बैठे-बैठे आसानी से चला सकते हैं। आज हम आपके लिए एक ऐसे ही होम बेस्ड बिजनेस आइडिया लेकर आए हैं। आप इस काम को घर बैठे कम से कम लागत के साथ शुरू कर सकते हैं। वहीं महिलाएं इस काम को शुरू करके अच्छा खासा मुनाफा भी कमा सकती हैं। आपको बता दें कि आप घर से ऑनलाइन किचन बिजनेस की शुरआत कर सकते हैं। इस बिजनेस में आपको अपने किचन में बने खाने को बेचना होगा। किचन खाने को बेचने के लिए आपको उसे पैककर ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप के जरिए लोगों तक पहुंचाना होगा। वर्तमान समय में मार्केट

में कई सारे ऑनलाइन फूड डिलीवरी पार्टनर जैसे जोमेटो, फूड पांडा, उबर और स्विगी आदि फूड डिलीवरी एप हैं। इन एप के मदद से आप घर का बना हुआ खाना सेल कर सकती हैं। आपका जो मैन्यू होगा उसी के हिसाब से आपके पास ऑर्डर आएगा।

कैसे शुरू करें बिजनेस : सबसे पहले इस बिजनेस को शुरू करने के लिए अपना किचन तैयार करें। फिर उस किचन रेस्टोरेंट का नाम तय कर लें। अब आपको FSSAI से फूड लाइसेंस लेना होगा। इसके लिए आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद फूड डिलीवरी पार्टनर जैसे जोमेटो, उबर, स्विगी और फूड पांडा आदि से अपने किचन रेस्टोरेंट को रजिस्टर करवा लें। फिर आपके यहां फूड डिलीवरी पार्टनर का एग्जीक्यूटिव विजिट करेगा। सब कुछ सही पाए जाने पर आपको अप्रूवल मिल जाएगा। जिसके बाद आपको ऑनलाइन ऑर्डर मिलने शुरू हो जाएंगे

ऐसे काम करेगा बिजनेस : बता दें कि जैसे ही आपको मोबाइल पर कोई ऑर्डर आता है, तो आप उस ऑर्डर के फूड को पैक कर दें। फूड पैकिंग के लिए आप किसी ऑनलाइन वेबसाइट से या मार्केट से जरूरी सामान खरीद सकते हैं। खाने का ऑर्डर लेने के लिए आपके पास डिलीवरी बॉय आएगा। डिलीवरी बॉय आपके ऑर्डर लेकर उस कस्टमर को देगा, जिसने खाना ऑर्डर किया था। इसके साथ ही फूड डिलीवरी एप और आपके बीच जो खाने के रेट को लेकर करार हुआ होगा। उसी हिसाब से वीकली आपके अकाउंट में पैसा आएगा।

हर दिन होगी इतनी कमाई : किचन रेस्टोरेंट की शुरूआत में हो सकता है कि आपको कम ऑर्डर मिले। लेकिन अगर आपके किचन से रोजाना 29 ऑर्डर मिले और आप हर ऑर्डर पर 50 रुपए की बचत करते हैं, तो हर दिन 1000 रुपए आपके पक्के होंगे। इस तरह के काम में किसी भी दिन छुट्टी नहीं होती है। ऐसे में आप महीने में कम से कम 30000 रुपए तक कमा सकते हैं। हांलाकि अगर आप चाहें तो शाम का समय भी फूड सर्विस के लिए चुन सकते हैं।

❖ **अनन्या मिश्रा**

क्लैट परीक्षा में शामिल होने से पहले फॉलो करें ये टिप्स

वकालत के क्षेत्र में कॅरियर बनाने की चाह रखने वाले छात्रों के लिए हर साल क्लैट 2024 परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा के जरिए स्टूडेंट्स देश के टॉप लॉ कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इस परीत्रा में हर साल लाखों की संख्या में छात्र शामिल होते हैं। वकालत के क्षेत्र में कॅरियर बनाने की चाह रखने वाले छात्रों के लिए हर साल क्लैट 2024 परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा के जरिए स्टूडेंट्स देश के टॉप लॉ कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इस परीत्रा में हर साल लाखों की संख्या में छात्र शामिल होते हैं। लेकिन इस हाई कंपटीशन के दौर में बेस्ट लॉ कॉलेज में अपनी सीट पक्की करना थोड़ा मुश्किल है। ऐसे में जरूरी है कि आपकी तैयारी एकदम पक्की होनी चाहिए।

बता दें कि क्लैट परीक्षा 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 जुलाई 2023 से शुरू हो गई है। क्लैट परीक्षा 2024 के लिए आवेदन करने की 3 नवंबर को समाप्त हो चुकी है। वहीं यह एग्जाम 3 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। अगर पहली बार में इस एग्जाम को क्रैक करना चाहते हैं, तो आपको इन 5 बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपको यह भी पता चलेगा कि आपकी तैयारी कहां तक पहुंची है।

क्लैट 2024 का सिलेबस : अगर आप भी क्लैट परीक्षा देने के लिए तैयारी कर रहे हैं, तो इसके लिए सबसे पहले आपको परीक्षा का सिलेबस देखना चाहिए। सबसे पहले सिलेबस को चेक करें और फिर पिछले साल के सिलेबस को देखें। इससे आपको बता चलेगा कि परीक्षा के सिलेबस में कोई बदलाव तो नहीं हुआ है। क्लैट सिलेवस देखने के लिए आप इसकी ऑफिशियल वेबसाइट consortiu-mofnlus.ac.in पर भी विजिट कर सकते हैं।

एग्जाम पैटर्न : क्लैट परीक्षा का सिलेबस चेक करने के बाद आपको एग्जाम के पैटर्न पर फोकस करना चाहिए। क्योंकि इस साल क्लैट के परीक्षा पैटर्न में बदलाव हुआ है। इस साल से क्लैट परीक्षा 120 अंकों के लिए आयोजित होगी। इससे पहले यह परीक्षा 150 अंको के लिए होती थी। इसलिए एग्जाम पैटर्न को अच्छे से समझने के बाद यह तय करें कि इस निर्धारित समय में आप पेपर सॉल्व कैसे करेंगे।

ऐसे करें एग्जाम की तैयारी : हर स्टूडेंट्स की अपनी-अपनी क्षमता होती है। इसलिए सिलेबस को देखने के बाद आप तय करें कि आपको कैसे तैयारी कर सकते हैं। अगर आपको लगता है आप बिना कोचिंग के तैयारी कर सकते हैं। तो सिलेबस के अनुसार स्टडी मैटेरियल जुटाएं। लेकिन अगर आपको लगता है कि आपको कोचिंग करने की आवश्यकता है तो आप फौरन कोचिंग कर लें।

स्टडी मैटेरियल : अगर आपको एक बार में ही क्लैट परीक्षा में सफलता पानी है। तो आप अपने स्टडी मैटेरियल को हल्के में लेने की भूल ना करें। परीक्षा के लिए कौन सा स्टडी मैटेरियल अच्छा रहेगा। इस बारे में भी जानकारी जुटा लें। इसके लिए आप क्लैट टॉपर्स का इंटरव्यू देखें। या फिर किसी टॉपर से बात करें और उनसे जानें कि उन्होंने किस तरह से परीक्षा की तैयारी की थी।

कितनी पक्की आपकी तैयारी : परीक्षा में शामिल होने से पहले यह जरूर जाचें कि आपकी तैयारी कितनी पक्की है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा मॉक टेस्ट दें। अगर आप कोचिंग आदि कर रहे हैं, तो कोचिंग में होने वाले मॉक टेस्ट में जरूर शामिल हों। वहीं घर पर तैयारी करने वाले छात्र पुराने पेपर सॉल्व कर सकते हैं। आप कोशिश करें कि तय समय में पेपर सॉल्व करें। इससे आपको पता चलेगा कि आपकी तैयारी कितनी पक्की है।

पर्सनैलिटी में इस तरह लाएं निखार, कॅरियर में होगी ग्रोथ

कपड़े बिना बोले ही हमारी पर्सनैलिटी के बारे में काफी कुछ कह जाते हैं। इसलिए, जब भी आप तैयार होते हैं तो ओकेजन को ध्यान में रखकर रेडी हो। हमेशा सही तरह से ड्रेसअप होने से एक कॉन्फिडेंस आता है, जो आपके व्यक्तित्व में निखार लाता है। हम सभी अपने जीवन में तरक्की करना चाहते हैं और इसके लिए एक अच्छी जॉब पाने की हसरत हम सभी के मन में होती है। लेकिन एक अच्छी जॉब पाने के लिए सिर्फ आपकी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन या फिर वर्क एक्सपीरियंस ही महत्वपूर्ण नहीं है। बल्कि आपकी पर्सनैलिटी का भी एक गहरा प्रभाव पड़ता है। आप खुद को किस तरह कैरी करते हैं, उसका इंप्रेशन आपकी जॉब अपॉइटमेंट से लेकर ग्रोथ तक पड़ता है।

कपड़ों पर दें ध्यान

कपड़े बिना बोले ही हमारी पर्सनैलिटी के बारे में काफी कुछ कह जाते हैं। इसलिए, जब भी आप तैयार होते हैं तो ओकेजन को ध्यान में रखकर रेडी हो। हमेशा सही तरह से ड्रेसअप होने से एक कॉन्फिडेंस आता है, जो आपके व्यक्तित्व में निखार लाता है। बॉडी पर बहुत अधिक टैटू, पियर्सिंग या भड़कीले कलर आपको अनप्रोफेशनल दिखा सकते हैं।

अपनी बॉडी लैंग्वेज पर काम करें

बॉडी लैंग्वेज आपके व्यक्तित्व के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी आपके ओरल कॅम्युनिकेशन स्किल्स। यह आपके बारे में बहुत कुछ बताता है और लोगों को आपके बारे में सटीक अनुमान लगाने में मदद करता है। आपके चलने, बैठने, बात करने या खाने के तरीके सहित सब कुछ आपके आस-पास के लोगों पर प्रभाव डालता है। सही बॉडी लैंग्वेज होने से आपके व्यक्तित्व में निखार आता है। हमेशा सीधा चलने की कोशिश करें और बोलते समय हमेशा आंखों का संपर्क बनाएं। जब बात पर्सनैलिटी की होती है, तो आपका व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण बिन्दु है, जिस पर आपको ध्यान देना चाहिए। मसलन, हमेशा विनम्र रहें और सभी का मुस्कान के साथ अभिवादन करें। अपने साथियों की मदद करने में कभी भी संकोच न करें। इससे आपकी पर्सनालिटी में भी आत्मविश्वास आएगा। अपने जूनियर्स और सीनियर्स के लिए समान रूप से विनम्र और जमीन से जुड़े रहें।

एक अच्छे श्रोता बनें

जब कोई आपसे बात करे तो दिलचस्पी से सुनें और उन्हें पूरा ध्यान और महत्व दें। इस दौरान आई कॉन्टैक्ट बनाए रखें, ताकि सामने वाले व्यक्ति को यह महसूस हो कि आप उसे ध्यान से सुन रहे हैं। साथ ही, लोगों के बारे में बेहतर तरीके से जानने और उनसे बेहतर तरीके से जुड़ने में आपकी मदद करेगा।

❖ **मिताली जैन**

सूडोकु नवताल 6877

★★★★☆ मध्यम

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
			9				3	5
	6						7	
4	8				1		6	2
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6876 का हल

2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2

दैनिक पंचांग

08 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	तुला में	वृश्चिक	06.53 ब.से
चंद्र	सिंह में	धनु	09.09 बजे से
मंगल	तुला में	मकर	11.14 बजे से
बुध	वृश्चिक में	कुंभ	13.01 बजे से
गुरु	मेष में	मीन	14.33 बजे से
शुक्र	कन्या में	मेष	16.04 बजे से
शनि	कुंभ में	वृष	17.44 बजे से
राहु	मीन में	मिथुन	19.42 बजे से
केतु	कन्या में	कर्क	21.56 बजे से
राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक		सिंह	00.12 बजे से
		कन्या	02.24 बजे से
		तुला	04.34 बजे से

बुधवार 2023 वर्ष का 312 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण
तिथि दशमी 08.24 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी 19.19 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 16.10 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 08.24 बजे तदनन्तर बव 21.35 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.3 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 16° 26'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1871791
जूलियन दिन 2460256.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना रवि उस्सानी
तारीख 23

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7939



बाएँ से दाएँ

1.पेड़,दरख्त-2
3.प्रार्थना,पूजना-4
6.आदर्श,पैमाना-3
8.त्वचा,चमड़ी,खाल-2
10.सड़ने की प्रक्रिया,गलन-3
12.देव,देवता-2
13.चलने का ढंग-2
14.प्रशंसा,गुणगान-3
16.आरामदायक-5
17.कक्ष,रूम-3
19.हिंदू कलैंडर का एक महीना, भाद्रवा-2
20.500 कागजों की गड्डी-2
21.कबाड़,खराब वस्तु-3
24.मजा,मस्ती-2
26.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
28.शोरगुल,-4
29.तह,परत-2

ऊपर से नीचे

2.माफी-2
3.झूठी शान,घमंड-3
4.गर्दन से नीचे का शरीर,देह-2
5.अपराध,गुनाह-2
7.रग,नाड़ी-2
8.सूत कातने का यंत्र-3
9.एकाएक-4
11.शीश झुकाए हुए-5
12.भोर,प्रातः-3
15.ननद का पति-4
16.विश्राम,राहत-3
18.रोगी,बीमार-3
22.उच्चतम-3
23.गरबा,नृत्य-2
24.मृत्यु-2
25.रास्ता,मार्ग-2
27.आनंदित,मौजी-2

शब्द पहेली -7938 का हल

प्र	का	श		छ		आ	स	
हा		र	स	म	ला	ई		जों
र	म	ण		छ		ना	ह	क
	न			म			क	
अ	प	रा	ध		न	ह	ला	ना
	सं			जा			ह	
क	द	म		न		ब	ट	र
ब्र		द	शा	व	ता	र		ई
	फो	न		र		खा	लि	स

आज का राशिफल

मेष राशि : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्ध होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

वृष राशि : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

मिथुन राशि : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

कर्क राशि : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

सिंह राशि : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

कन्या राशि : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

तुला राशि : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

धनु राशि : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

मकर राशि : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कुंभ राशि : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

मीन राशि : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

कांग्रेस ने हमेशा गरीब और मध्यम वर्ग को लूटने का काम किया : मोदी

एजेंसी। सीधी

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि जनता के प्यार और उत्साह से साफ है कि मध्य प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। ईश्वर रूपी जनता मेरे मन और दिल में है। एमपी के मन में मोदी और भाजपा क्यों है, ये कोई रहस्य नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा गरीब और मध्यम वर्ग को लूटने का काम किया है। टेलीकॉम, कोयला घोटाला कर कांग्रेस ने आपके लाखों- करोड़ रुपये लूट लिए। आपके सेवक ने घोटाले बंद किए। प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश के सीधी जिले में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को सुविधा मिली है। भाजपा सरकार के समय तेजी से विकास हुआ है। दो लाख करोड़ रुपये से गरीबों को मुफ्त राशन और वैक्सीन दी गई। आप सभी के आशीर्वाद से मैंने निश्चय लिया है। प्रधानमंत्री

गरीब कल्याण योजना आने वाले पांच साल तक बढ़ाई जाएगी। अगर हम एक परिवार में 4-5 लोग मान लें तो मुफ्त राशन से हर महीने 7 से 8 सौ रुपये खर्च किये जाएंगे। आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख तक का मुफ्त इलाज कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र के तहत दवाइयों में 80 प्रतिशत छूट दी जा रही है। अगर कोई महिला हमारे परिवार में बीमार हो जाती है तो बताती नहीं है, सोचती है कि इलाज कराने से कर्ज बढ़ जाएगा। ये महिलाओं का स्वभाव है, लेकिन माताओं-बहनों का एक बेटा दिल्ली में बैठा है। मेरे कोई मां या बहन बीमारी झेलती-झेलती जिंदगी काटे, ये मैं देख नहीं सकता। आयुष्मान योजना से पैसे ही नहीं बल्कि पूरा परिवार बच जाता है। देशभर के गरीबों को पक्का घर मिले, इसकी गारंटी भी मोदी ने दी है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से एक पहेली पूछते हुए कहा कि कई दशक तक देश से लेकर पंचायतों तक कांग्रेस का ही शासन था। जरा सोचिए इनका पतन क्यों हुआ। ये गुत्थी सुलझाइए। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की एक विशेषता है ये सारे काम भूल जाते हैं, लेकिन एक काम कभी नहीं भूलते। ये मोदी को गाली देना कभी नहीं भूलते। सुबह शाम मोदी को गाली देते रहते हैं। अब मोदी के साथ-साथ पूरे ओबीसी समाज को गाली देते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं और किसानों सभी से झूठ बोला है। इनके चेहरे पर असर ही नहीं होता इतनी आसानी से झूठ बोल लेते हैं। कांग्रेस ने कहा था कि कर्ज माफ करेंगे, लेकिन इनका वादा झूठा निकला। मोदी सरकार जो कहती है वो करके दिखाती है। कांग्रेस के लंबे शासन काल में सबसे बुरी स्थिति आदिवासियों और दलितों की थी। भाजपा सरकार शत-प्रतिशत बस्तियों को सड़क से जोड़ने के लक्ष्य के करीब है। कांग्रेस के नेता बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन इनके परिवार ने जब पीढ़ी-दर-पीढ़ी सरकार चलाई तब इन्हें आदिवासियों की याद नहीं आई। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी बजट में पांच गुना वृद्धि की गई है। भाजपा सरकार बैगा, भारिया, गोंड, सहारिया इनके लिए योजनाएं चलाई हैं। विश्वकर्मा साथियों को कांग्रेस ने कभी नहीं पूछा, भाजपा उनके लिए विशेष विश्वकर्मा योजना लेकर आई है। इस पर 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। आज गांव-गांव, घर-घर कह रहा है कि फिर एक बार भाजपा सरकार। मोदी ने कहा कि सीधी बीरबल की जन्मभूमि है। बुद्धिमानी, सूझबूझ, पहेलियों को हल करना यहां के हर बच्चे को विरासत में मिला है।

मिजोरम में 76, छत्तीसगढ़ में 71 प्रतिशत मतदान

एजेंसी। नई दिल्ली

मिजोरम की सभी 40 और छत्तीसगढ़ की प्रथम चरण की 20 सीटों पर आज छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बने 126 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर चुनावी उत्सव में भाग लिया। शाम 5:00 बजे तक मिजोरम में 75.80 और छत्तीसगढ़ में 70.87 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदाता प्रतिशत अंतिम आंकड़ों में बढ़ सकता है।

चुनाव आयोग के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल सहित आयोग द्वारा अग्रिम योजना और व्यापक निगरानी ने मिजोरम और

छत्तीसगढ़ में स्वतंत्र, निष्पक्ष और बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित किया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधान में सुबह 8:00 बजे से 5:00 बजे तक मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र - मोहला मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह 7:00 से शाम 3:00 बजे तक मतदान हुआ।

छत्तीसगढ़ के दुर्गम एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों पर 156 मतदान दलों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान केंद्रों तक पहुंचाया गया। मतदान के बाद उन्हें हेलीकॉप्टर के माध्यम से ही वापस ले जाया गया। छत्तीसगढ़ में बस्तर संभाग के 126 गांवों के निवासियों ने खुशी मनाई, क्योंकि आजादी के बाद से 7 वामपंथी उग्रवादी (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों में उनके गांवों में पहली बार मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। मतदान केंद्रों ने इन गांवों में मतदाताओं के सामने आने वाली कठिनाइयों को दूर कर दिया, क्योंकि अब उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए घने जंगलों, पहाड़ियों, नदियों के माध्यम से लंबी यात्राएं नहीं करनी पड़तीं और वामपंथी उग्रवाद से उत्पन्न खतरों का सामना नहीं करना पड़ता।

बाइक दुर्घटना में 2 युवकों की मौत

गुवाहाटी। असम के कामरूप जिले में मंगलवार को एक बाइक सड़क के किनारे बिजली के खंभे से टकरा गई। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। यह दुर्घटना पलाशबाड़ी इलाके में हुई।

ऐसे ग्रेजुएट तैयार करने चाहिए, जो उद्योग के लिए तैयार हों : राष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुताबिक शिक्षा प्रणाली को वैश्विक स्तर पर हो रहे प्रौद्योगिकीय, आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ तालमेल बिठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को ऐसे ग्रेजुएट तैयार करने चाहिए, जो उद्योग के लिए तैयार हों और जो रोजगार सृजित कर सकें एवं प्रौद्योगिकी केन्द्रित विश्व में प्रतिस्पर्धा कर सकें। राष्ट्रपति ने कहा कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन और मृदा क्षरण जैसी समस्याओं से निपटने के लिए प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर बढ़ रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मंगलवार 7 नवंबर को गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं और यहां उन्होंने अपने संबोधन में यह बातें कहीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल भोजन की आदतों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के शोधकर्ता, वैज्ञानिक और संकाय सदस्य हमारे भोजन की आदतों में मोटे अनाज को प्राथमिकता देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने फसल प्रबंधन, नैनो-प्रौद्योगिकी, जैविक खेती आदि के माध्यम से कृषि में डिजिटल समाधान शुरू करने के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय की सराहना की।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कृत्रिम आसूचना के उपयोग के लिए भी कदम उठा रहा है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इस विश्वविद्यालय ने अपना स्वयं का कृषि ड्रोन विकसित किया है जो कुछ ही मिनटों में कई हेक्टेयर भूमि पर छिड़काव कर सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि ड्रोन प्रौद्योगिकी का लाभ शीघ्र ही किसानों को प्राप्त होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। स्थापना के बाद से, यह कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विकास के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र बन गया है।

गागर में सागर

पुंछ में सीमा रेखा के पास भारतीय सैनिक की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास ड्यूटी के दौरान मंगलवार को एक सैनिक की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नायक रोहन पटेल पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास ड्यूटी के दौरान बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने कहा कि उनकी मौत हो गई है। सूत्रों ने कहा, "चिकित्सा-कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।" अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

बीजेपी नेता डी.बी. चंद्रेगौड़ा का 87 साल की उम्र में निधन

चिक्कमगलुरु (कर्नाटक)। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री डी.बी. चंद्रेगौड़ा का मंगलवार को 87 साल की उम्र में कर्नाटक के चिक्कमगलुरु जिले के मुदिगेरे तालुक के दारादाहल्ली गांव में उनके आवास पर निधन हो गया।

असम : पुलिस मुठभेड़ में दो संदिग्ध डकैत ढेर

गुवाहाटी। असम के गोलपाड़ा जिले में पुलिस मुठभेड़ में दो संदिग्ध डकैत मारे गए। पुलिस ने कहा कि उन्हें सोमवार रात अगिया पुलिस स्टेशन के तहत निचिंता गांव के पास चल रही डकैती की सूचना मिली। पुलिस ने इसको लेकर एक अभियान चलाया। सोमवार की रात करीब 11:30 बजे ग्वालपाड़ा एएसपी ऋतुराज डोली के नेतृत्व में अगिया थाने की एक टीम डकैतों को पकड़ने के लिए गांव पहुंची। गोलपाड़ा के एसपी राकेश रेड्डी ने कहा, 'डकैतों ने पुलिस टीम पर गोलियां चला दी। जवाब में हमारे अधिकारियों ने भी उन पर गोलियां चलाई। इस दौरान अगिया पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी मनोज कुमार दास घायल हो गए। घायल डकैतों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

'जैविक उत्पाद को बढ़ावा' विषय पर आज दिल्ली में आयोजित होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली के आईसीएआर कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) की ओर से जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने विषय पर आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। यह जानकारी केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सोमवार को दी।

मंत्रालय के अनुसार कार्यक्रम के दौरान शाह एनसीओएल का लोगो, वेबसाइट और ब्रोशर का भी शुभारंभ करेंगे। इस दौरान शाह एनसीओएल सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। इस एक-दिवसीय संगोष्ठी के दौरान एनसीओएल के उद्देश्यों, जैविक उत्पादों के महत्व के साथ-साथ छोटे और सीमांत किसानों के उत्थान में सहकारी समितियों की भूमिका पर भी चर्चा की जाएगी।

मंत्रालय का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन के अनुरूप, भारत को जैविक उत्पादों में विश्व में अग्रणी बनाने के लिए एनसीओएल की स्थापना एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समिति के रूप में की गई है। सहकारिता मंत्रालय ने देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए पिछले

27 महीनों में 54 महत्वपूर्ण पहल की हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और लोकल से ग्लोबल की दिशा में जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समिति की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है।

उल्लेखनीय है कि एनसीओएल का लक्ष्य जैविक उत्पादक किसानों और उत्पादक संगठनों को बाजार तक सीधी पहुंच प्रदान करते हुए उपज पर मुनाफा बढ़ाना है। एक मजबूत ब्रांड के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिलने से एनसीओएल के सदस्यों को उनकी जैविक उपज के लिए बेहतर रिटर्न मिल सकेगा। संगोष्ठी के दौरान जैविक उत्पादन-समय की आवश्यकता, जैविक उत्पादों के लिए प्रमाणन प्रक्रिया और मानदंड, जैविक प्रमाणन प्रयोगशालाओं का महत्व आदि विषयों पर तकनीकी सत्र भी आयोजित होंगे। संगोष्ठी में एनसीओएल के सदस्यों, भारत सरकार, राज्य, केंद्रशासित प्रदेश के अधिकारियों, बहु-राज्य सहकारी समितियां, वित्तीय संस्थाएं,सहकारी संघ,जिला सहकारी संघ,जैविक प्रमाणन निकाय और परीक्षण प्रयोगशालाएं, जैविक क्षेत्र के विशेषज्ञ और देश भर से अन्य जैविक उत्पादक हितधारक सहित 1000 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे और बड़ी संख्या में प्रतिभागी ऑनलाइन भी जुड़ेंगे।

एनसीओएल को 25 जनवरी, 2023 को मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज एक्ट, 2002 के तहत पंजीकृत किया गया था। देश की तीन प्रमुख सहकारी समितियों- नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ), गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) और नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएएफईडी) और भारत सरकार के दो प्रमुख वैधानिक निकाय राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने संयुक्त रूप से एनसीओएल को प्रमोट किया है।

पटाखे संबंधी निर्देश सभी राज्यों पर लागू : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि पटाखे फोड़ने के खिलाफ उसके द्वारा जारी किए गए निर्देश सिर्फ दिल्ली-एनसीआर के लिए नहीं, बल्कि सभी राज्यों के लिए हैं। अदालत ने राज्य सरकारों को वायु/ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति ए.एस.बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ भारत में पटाखों की बिक्री, खरीद और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे थी। याचिकाकर्ता ने राजस्थान राज्य के लिए याचिका दायर कर शीर्ष अदालत से पिछले आदेशों को लागू करने का निर्देश देने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा, ऐसा लगता है कि आपके आधिपत्य का आदेश केवल दिल्ली-एनसीआर पर लागू होता है, हालांकि यह पूरे देश में लागू है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा कि यह गलत धारणा है कि जब पर्यावरणीय मामलों की बात आती है, तो यह केवल अदालत का कर्तव्य है।

दी मंजूरी शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का परीक्षण, 475 किमी. दूर था निशाना

चीन-पाक सीमा पर तैनात होगी 'प्रलय' मिसाइल

सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल 500-1000 किलो भार ले जाने में सक्षम

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार को सुबह 9:50 बजे ओडिशा के तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से प्रलय शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल की परीक्षण रेंज 475 किलोमीटर तक थी। यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 500 किमी. तक है। इसके अलावा इसकी मारक क्षमता वारहेड के वजन पर निर्भर करती है। रक्षा मंत्रालय ने प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों को चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनाती को मंजूरी दी है। भारत इस मिसाइल को अपनी रॉकेट फोर्स में भी शामिल करने पर विचार

कर रहा है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का उड़ान परीक्षण ओडिशा तट के कलाम द्वीप से किया। आज किये गए परीक्षण में मिसाइल की रेंज 475 किलोमीटर तक थी। मिशन ने अपने सभी उद्देश्यों को पूरा किया। इस दौरान निगरानी उपकरणों के जरिए तट रेखा से इसके प्रक्षेपण की निगरानी की गई। मिसाइल ने उच्च डिग्री की सटीकता के साथ निर्दिष्ट लक्ष्य को निशाना बनाया। मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने भी संतोषजनक प्रदर्शन किया। सभी सेंसर ने मिसाइल प्रक्षेपवक्र को ट्रैक करके सभी घटनाओं को कैप्चर किया।

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की मारक क्षमता को बड़ा बढ़ावा देते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनाती के लिए 'प्रलय' बैलिस्टिक मिसाइलों की एक रेजिमेंट की खरीद को मंजूरी दे दी है। चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर तैनाती करने के लिए यह भारतीय सेना के लिए एक बड़ा निर्णय है, क्योंकि प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल 150-500 किलोमीटर के बीच लक्ष्य को मार सकती है। मिसाइल में एक निश्चित दूरी तय करने के बाद अपना रास्ता बदलने की क्षमता है। सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल 500-1000 किलोग्राम का भार वहन करने में सक्षम है। इसे मोबाइल लॉन्चर से भी लॉन्च किया जा सकता है।

मिसाइल को पहले भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाएगा, जिसके बाद भारतीय सेना में शामिल किए जाने की संभावना है। इस तरह की मिसाइल प्रणाली का इस्तेमाल लंबी दूरी की दुश्मन वायु रक्षा प्रणालियों और अन्य उच्च-मूल्य वाले मिसाइलों को नष्ट करने के लिए किया जा सकता है। इन मिसाइलों को सशस्त्र बलों में शामिल करने के प्रस्ताव को ऐसे समय में मंजूरी दी गई है, जब भारत अपनी रॉकेट फोर्स बनाने की दिशा में काम कर रहा है, जो लंबी दूरी से दुश्मन के ठिकानों को मार गिरा सके। चीनी सेना के पास पहले से ही रॉकेट फोर्स है। भारत इस बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' को भी अपनी रॉकेट फोर्स में भी शामिल करने पर विचार कर रहा है।

FILMY हलचल

प्रसिद्ध बालीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने लिया बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद

मोहरा, अक्स और बड़े मियां छोटे मियां से स्टारडम की सफलता के

शिखर पर पहुंची फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित बालीवुड फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन ने अपनी पुत्री राशी के साथ मंगलवार को भगवान केदारनाथ के दर्शन किये और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। केदारनाथ दर्शन के पश्चात फिल्म अभिनेत्री दोपहर में बदरीनाथ धाम पहुंचीं। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड ने बताया कि फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन मंगलवार को बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय के साथ राजधानी देहरादून से केदारनाथ धाम पहुंचीं। केदारनाथ हेलीपैड पहुंचने पर बीकेटीसी और केदारनाथ तीर्थपुरोहित समाज ने उनका स्वागत किया। केदारनाथ मंदिर पहुंचकर फिल्म अभिनेत्री भगवान केदारनाथ की रुद्राभिषेक पूजा में शामिल हुईं। तत्पश्चात बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने फिल्म अभिनेत्री को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। फिल्म अभिनेत्री केदारनाथ मंदिर से बाहर आते ही प्रशंसकों से घिर गयीं और तीर्थयात्रियों ने उनके साथ सेल्फी ली।

दिल्ली की अदालत ने रैपर हनी सिंह और उनकी पत्नी को दिया तलाक

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को गायक और रैपर हनी सिंह और उनकी पत्नी को तलाक दे दिया। तलाक के मामले में हनी सिंह की पत्नी द्वारा लगाए गए घरेलू हिंसा के आरोप शामिल थे। जिसमें दावा किया गया था कि उन पर सिंह और उनके परिवार ने मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक, यौन और आर्थिक हिंसा की, जिसके परिणामस्वरूप वे डर में जी रही थी। हालांकि, बाद में पार्टियों के समझौते पर पहुंचने के बाद ये आरोप वापस ले लिए गए। इस समझौते के तहत पिछले साल सितंबर में सिंह ने अपनी पत्नी को एक करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट सौंपा था। तलाक का फैसला सुनाने से पहले फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश परमजीत सिंह ने पूछा कि क्या सुलह का प्रयास करने की कोई इच्छा है, जिस पर गायक ने जवाब दिया कि साथ रहने की कोई संभावना नहीं है।

'डॉन-3' में रणवीर के साथ नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा

फिल्म 'डॉन-3' की घोषणा के बाद हर कोई काफी उत्साहित था, लेकिन फैंस की ये उत्सुकता एक पल में गुस्से में बदल गई जब ये साफ हो गया कि लीड रोल के लिए रणवीर सिंह को लिया गया है। इस रोल के लिए रणवीर की पसंद से दर्शक बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हैं और उन्होंने इसकी आलोचना की है। अब एक नई अपडेट सामने आ रही है कि इस फिल्म से प्रियंका चोपड़ा जुड़ेंगी। मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'जी ले जरा' की कास्ट अभी फाइनल नहीं हुई है,

ऐसे में फरहान अख्तर पहले 'डॉन-3' पर फोकस करेंगे। फरहान जल्द ही प्रियंका चोपड़ा और रणवीर सिंह के साथ 'डॉन-3' की शूटिंग शुरू करेंगे। प्रियंका ने हाल ही में फरहान अख्तर से मुलाकात करके 'डॉन-3' के बारे में कुछ बातें कीं। डॉन के पिछले दोनों संस्करणों में प्रियंका रोमा के किरदार में नजर आई थीं। इससे पहले 'डॉन-3' के लिए कृति सेनन और कियारा अडवाणी को भी लिया गया था, लेकिन जब दोनों ने इस ऑफर को ठुकरा दिया तो आखिरकार फरहान ने प्रियंका को लेने का फैसला किया। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन यह तय है कि प्रियंका इस फिल्म में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इससे पहले रणवीर सिंह के साथ गुंडे, बाजीराव मस्तानी और दिल धड़कने दो में काम कर चुकी हैं।

सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास के साथ देश और राज्य का विकास हमारी पहली प्रथामिकता : कर्मवीर सिंह

पार्टी के दिये दायित्वों को इमानदारी से निर्वहन करुंगा : अमर बाउरी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता एवं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को मिले नए दायित्व की खुशी में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखण्ड प्रदेश के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संगठन महामंत्री, झारखण्ड कर्मवीर सिंह मुख्य रुप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्यय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम गीत के साथ हुई। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकताओं ने नेता विधायक दल अमर कुमार बाउरी को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, पुस्तक, प्रतिमा आदि दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्मवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मुलमंत्र के साथ देश का विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो कार्य 9 वर्ष में केन्द्र सरकार ने और झारखण्ड के पिछले भाजपा की सरकार ने कार्य किया है उसे आगे बढ़ाते रहना है। ताकि देश फिर से पिछड़े नहीं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से 2024 में भाजपा की सरकार को लाना है। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने जब से राज्य की बागडोर संभाली है तब से लेकर अब तक पहले तो नेता प्रतिपक्ष के मामले को लटकाए रखा वहीं दूसरी तरफ राज्य के युवा, महिला, खिलाड़ी, दलित, वंचित, सोशल सभी के साथ छल किया है। राज्य सरकार ने पूर्व के भाजपा सरकार की जितनी भी लोककल्याणकारी योजनाएं थी उसे बंद कर दिया वही परिवारवाद को बढ़ावा देते हुए अपने ही लोगों के नाम पर योजनाओं की शुरूआत कर राज्य की जनता को छलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का गेट वे हमारी पार्टी के सात मोर्चा है और सभी मोर्चा देश में अत्योदय की योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रही है। भाजपा ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को नेता प्रतिपक्ष के दायित्व को देकर भरोसा दिया है तो मैं इस दायित्व को पूर्ण रुप से निर्वहन करने की कोशिश करुंगा। उन्होंने अपने इस नये दायित्व के लिए मंच से केन्द्र एवं प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद दिया और पार्टी एवं जनता को आश्वस्त किया कि वर्तमान सरकार के उन सभी कार्यों के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करुंगा, जिस कारण राज्य के युवा, महिला, गरीब, दलित को नुकसान हुआ है। इस सरकार को उखाड़ फेकने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर करेंगे। उन्होंने कहा कि अब जब भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने मुझे नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी है तो मैं राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को यह आश्वस्त करता हूं कि उनकी आवाज और उनके अधिकार को संवैधानिक रुप से सदन के पटल पर रखुंगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य की जनता ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को देख लिया है और यह जान गयी है कि सरकार राज्य हित में किसी भी प्रकार की कोई भी राज्य और केन्द्र की योजनाओं को राज्य में लागु नहीं कर रही है। क्योंकि राज्य सरकार नहीं चाहती है कि राज्य की जनता का विकास हो।

गागर में सागर

एनटीपीसी ने देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : कोनार

रांची। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने मंगलवार को 49वां एनटीपीसी स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) टीके कोनार ने बिजली उत्पादन में एनटीपीसी की 48 वर्ष की यात्रा पूरी करने पर कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें भारत के सबसे बड़े ऊर्जा समूह का हिस्सा होने पर गर्व है, जिसने भारत जैसे प्रगतिशील देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी की स्थापित क्षमता बढ़कर 73874 मेगावाट हो गई है। एनटीपीसी समूह ने वित्त वर्ष 2022 में 361 बिलियन यूनिट की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में 399 बिलियन यूनिट का उच्चतम वार्षिक उत्पादन दर्ज किया, जो 11 प्रतिशत की वृद्धि है। एनटीपीसी कोयला स्टेशनों ने वित्त वर्ष 2023 के दौरान राष्ट्रीय औसत 64.21 प्रतिशत के मुकाबले 75.90 प्रतिशत का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) हासिल किया।

रिम्स के ओपीडी में वायरल बुखार के मरीजों की बढ़ी संख्या

रांची। नवंबर शुरू होते ही राज्य में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। तापमान में गिरावट होने के कारण वायरल बुखार और जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी है। अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुकाम, गला खराब होना तथा बुखार के सर्वाधिक मरीज पहुंच रहे हैं। रिम्स के फिजिशियन डॉ. बिंदे कुमार और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव मिश्रा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रिम्स के ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी है। करीब 30 से प्रतिशत तक मरीजों में इजाफा हुआ है। दोनों ही विभागों में मरीज 7-10 दिन बाद भी बुखार ठीक नहीं होने का लक्षण लेकर पहुंच रहे हैं। मरीज की इम्यूनिटी इतनी टूट जा रही है कि उनमें चलने की हिम्मत तक नही बच रही। कुछ मरीजों में बुखार व बदन दर्द-सर्दी को ठीक करने वाली दवा भी काम नहीं कर रही है। डॉ. बिंदे कुमार ने बताया कि मरीज को ओपीडी में जांच कराने की सलाह दी जा रही है। जांच कराने के बाद मरीजों में डेंगू के अलावा इंफेक्शन और टाइफाइड की पुष्टि हो रही है। टाइफाइड में लोगों को बुखार, सिरदर्द, गले में खराश, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, पेट दर्द और सूखी खांसी होती है। उन्हें भूख लगनी बंद हो जाती है।

वामदलों ने मार्च निकाल कर दिखाई एकजुटता

रांची। रांची के सैनिक मार्केट से अल्बर्ट एक्का चौक तक वामदलों ने युद्ध विरोधी मार्च निकाल कर फिलिस्तीन की जनता के साथ मंगलवार को एकजुटता दिखाई। सभा में संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के अनुरूप पश्चिम एशिया के गाजा में अविलंब युद्ध विराम लागू करने और युद्ध पीड़ितों के बीच मानवीय सहायता और राहत कार्य तेज करने की मांग की गई। इस दौरान फिलिस्तीन में महिलाओं और बच्चों सहित आम नागरिकों का नरसंहार बंद करो, अमेरिका के संरक्षण में इजराइल की ओर से गाजा पर हमला बंद करो, संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रस्ताव लागू करो, फिलिस्तीन और इजराइल दो राष्ट्र का सिद्धांत जिंदाबाद जैसे नारे लगाते हुए और तख्तियां थामे वामदलों के कार्यकताओं ने सैनिक मार्केट से अल्बर्ट एक्का चौक तक मार्च किया, जहां एक युद्ध विरोधी सभा की गयी। मार्च में माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, विनोद लहरी, नंदिता सहित अन्य मौजूद थे।

जनसंख्या असंतुलन को रोकने के लिए आरएसएस चलाएगा विशेष अभियान

रांची। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के संघ के स्वयंसेवक देश के लिए काम कर रहे हैं। देश की सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की कमी के कारण वहां के लोगों के पलायन करने और मतांतरण के कारण जनसंख्या असंतुलन पैदा हो रहा है। इसलिए, संघ ने देश के सीमावर्ती इलाकों में जनसंख्या असंतुलन रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने का फैसला लिया है। इसके लिए उन इलाकों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा और विकास के लिए संघ के स्वयंसेवक काम करेंगे। वे गुजरात के भुज में चल रहे संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। दत्तात्रेय ने कहा कि थल और जल दोनों सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन पर जोर दिया जाएगा।

श्री श्याम मंदिर में 75वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ हुआ संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मंगलवार को 75वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ आयोजन किया गया। श्री हनुमान चालीसा पाठ के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 75 वां कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। इस मौके पर सुनील मोदी, आशा मोदी, बलराम मोदी, शिखा मोदी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा मनीष मित्तल राजेंद्र अग्रवाल (मंगल) एवम मंजू चौधरी ने गिरीगोला सेवा निवेदित की। सुनील मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था।

उपायुक्त का कार्यालय, (समाज कल्याण शाखा), लातेहार

आम सूचना

सरकार के सचिव महिला, बाल विकास विभाग एवं समाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड रांची के आवंटनादेश संख्या 16 दिनांक 16.05.2023 के द्वारा राज्य योजनान्तर्गत समाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए सामुहिक विवाह कार्यक्रम एवं अंतिम संस्कार के लिए अनुदान हेतु राशि प्राप्त है। जिसमें सामुहिक विवाह के तहत प्रति जोड़ा को 2000.00 (दो हजार रू) एवं सामुहिक अंतिम संस्कार हेतु प्रति शव के लिए 2000.00 (दो हजार रू) दिए जाने का प्रावधान है।

उक्त परिपेक्ष्य में जिलान्तर्गत इच्छुक स्वयंसेवी संस्था / गैर सरकारी संस्था / निबंधित फर्म / समुदाय के द्वारा उक्त योजना के क्रियान्वयवन हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन, प्रथम तल, समाहरणालय परिसर, लातेहार / सभी संबंधित प्रखंडों के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से संपर्क कर सकते है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 310841 Women, Child Development & Social Security(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,चतरा

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)

निविदा सूचना संख्या–CTR/STATE_PLAN/DT/19/2023-24 दिनांक – 07.11.2023

A	Name of Work :- Construction of 125/115 mm dia 70m/90m/120m Mtrs D/T, Deep D/T, Extra Deep Drilled Tube Well and 300 x 125 mm 60m Depth GPT with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 (Under State Plan)					
	ग्रुप संख्या	ड्रिल्ड नलकूप संख्या	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	DT/70M/CTR/01	100 Nos.	89.17741	1.80	10,000/-	180 Days
2	DT/70M/CTR/02	100 Nos.	89.17741	1.80	10,000/-	180 Days
3	DT/70M/CTR/03	100 Nos.	89.17741	1.80	10,000/-	180 Days
4	DT/70M/CTR/04	100 Nos.	89.17741	1.80	10,000/-	180 Days
5	DT/70M/CTR/05	100 Nos.	89.17741	1.80	10,000/-	180 Days
6	DT/70M/CTR/06	100 Nos.	89.17741	1.80	10,000/-	180 Days
7	DT/70M/CTR/07	63 Nos.	56.18177	1.13	10,000/-	115 Days
8	DEEP-DT/90M/CTR/01	98 Nos.	99.16226	2.00	10,000/-	180 Days
9	DEEP-DT/90M/CTR/02	98 Nos.	99.16226	2.00	10,000/-	180 Days
10	DEEP-DT/90M/CTR/03	98 Nos.	99.16226	2.00	10,000/-	180 Days
11	DEEP-DT/90M/CTR/04	98 Nos.	99.16226	2.00	10,000/-	180 Days
12	DEEP-DT/90M/CTR/05	98 Nos.	99.16226	2.00	10,000/-	180 Days
13	DEEP-DT/90M/CTR/06	88 Nos.	89.04367	1.80	10,000/-	160 Days
14	EXTRA DEEP-DT/120M/CTR/01	55 Nos.	71.47265	1.43	10,000/-	100 Days
15	EXTRA DEEP-DT/120M/CTR/02	55 Nos.	71.47265	1.43	10,000/-	100 Days
16	EXTRA DEEP-DT/120M/CTR/03	54 Nos.	70.17314	1.41	10,000/-	100 Days
17	GPT/60M/CTR/01	45 Nos.	66.27607	1.33	10,000/-	85 Days
18	GPT/60M/CTR/02	45 Nos.	66.27607	1.33	10,000/-	85 Days
19	GPT/60M/CTR/03	45 Nos.	66.27607	1.33	10,000/-	85 Days
B	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	16.11.2023 समय 04:00 बजे अपराहन तक				
C	निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय	30.11.2023 समय 05:00 बजे अपराहन तक				
D	सरकार के सचिव, सूचना प्रौघोगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	30.11.2023 समय 05:00 बजे अपराहन तक				
E	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	02.12.2023 समय 02:00 बजे अपराहन तक				
F	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।				
G	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम	ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।				
H	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या	9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273				
I	ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0	0651–2480345				

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 310858 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना
(अपहृता नाबालीग बच्ची आरशी कुमारी, उम्र–2.5 वर्ष)

गढ़वा थाना कांड सं0–528/23 दिनांक–04.11.2023, धारा–365 भा0द0वि0 में अपहृता नाबालीग बच्ची आरशी कुमारी, उम्र–2.5 वर्ष, पिता–नवल किशोर विश्वकर्मा, माता–सुशीला देवी, सा0–सोनपुरवा, थाना व जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, की रहने वाली है। अपहृता बच्ची की माता–सुशीला देवी के द्वारा आवेदन में बताया गया की इनकी नाबालीग पुत्री आरशी कुमारी का दिनांक–03.11.2023 को समय करीब 19:30 बजे घर के दरवाजे पर से अज्ञात लोगों के द्वारा अपहरण कर लिया गया है। उक्त अपहृता नाबालीग बच्ची का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि अपहृता नाबालीग बच्ची आरशी कुमारी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

हुलिया:–

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 310814 Police(23-24).D

कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढवा

(आमसभा की सूचना)

निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 2167(6) दिनांक 21.09.2023 के आलोक में गढवा जिला अर्न्तगत निबंधित लैम्पस/पैक्स लि0 में बहुउद्धेशीय प्राथमिक सहकारी समिति लि0 (MPCS) को लागु करने हेतु लैम्पस लि0 की वर्तमान निबंधित उपविधियाँ की कंडिका 01 से 65 तक और पैक्स लि0 के निबंधित उपविधियाँ की कंडिका 01 से 61 तक के संशोधन पर विचार करने हेतु लैम्पस/पैक्स के सदस्यों से अनुरोध है कि प्रखण्डवार लैम्पस/पैक्स में अंकित सभा की तिथि एवं समय पर निर्धारित आमसभा/असाधारण आमसभा की बैठक में भाग लेकर सभा को सफल बनाने की कृपा की जाय।

क0	प्रखण्ड	लैम्पस/पैक्स का नाम	साधारण आमसभा/असाधारण आमसभा	स्थान	समय
1	गढवा	प्रखण्ड के सभी (23) पैक्स	17.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
2	डण्डा	प्रखण्ड के सभी (03) पैक्स	18.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
3	मेराल	प्रखण्ड के सभी (20) पैक्स	17.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
4	रमना	प्रखण्ड के सभी (10) पैक्स	18.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
5	डण्डई	प्रखण्ड के सभी (09) पैक्स	21.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
6	चिनियाँ	प्रखण्ड के सभी (07) पैक्स	22.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
7	नगर उटारी	प्रखण्ड के सभी (16) पैक्स	17.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
8	भवनाथपुर	प्रखण्ड के सभी (09) पैक्स	18.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
9	विशुनपुरा	प्रखण्ड के सभी (05) पैक्स	21.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
10	केतार	प्रखण्ड के सभी (07) पैक्स	17.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
11	काण्डी	प्रखण्ड के सभी (16) पैक्स	18.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
12	सगमा	प्रखण्ड के सभी (05) पैक्स	17.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
13	धुरकी	प्रखण्ड के सभी (08) पैक्स	18.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
14	खरौन्धी	प्रखण्ड के सभी (09) पैक्स	21.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
15	बरडीहा	प्रखण्ड के सभी (05) पैक्स	17.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
16	मझिऑव	प्रखण्ड के सभी (10) पैक्स	18.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
17	रंका	प्रखण्ड के सभी (14) पैक्स	17.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
18	रमकण्डा	प्रखण्ड के सभी (07) पैक्स	18.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
19	भण्डरियाँ	प्रखण्ड के सभी (06) लैम्पस	21.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन
20	बड़गड़	प्रखण्ड के सभी (04) लैम्पस	21.11.2023	समिति मुख्यालय	11:00 बजे पूर्वाहन

नोट :– संबंधित लैम्पस/पैक्स लि0 के अध्यक्ष/प्रबंध समिति के सदस्य/प्रबंधकों से आग्रह हे कि प्रकाशित इस सूचना को समिति के कार्यालय/सामुयायिक भवन/पंचायत भवन/पंचायत समिति/ऑगनबाड़ी केन्द्र/स्वास्थ्य केन्द्र/हाअ बाजार/अन्य महत्वपूर्ण केन्द्रों पर चिपकाना तथा रजिस्टर के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर सभी सदस्यों को अवगत करना सुनिश्चित करेंगे।

निवेदक

सहायक निबंधक,
सहयोग समितियाँ,गढवा अँचल, गढवा

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
गढवा

PR 310882 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24).D

झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना

निविदा सूचना संख्या : 07/2023–24 दिनांक : 07.11.2023

1	Name of Work:- Construction of 125 x 115 mm dia and 70m/90m/120m mtrs. deep drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted D.T.H Rig machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Lohardaga District under D. W. & S. Division, Lohardaga for the Year 2023-24.					
	ग्रुप संख्या	नलकूपों की संख्या	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
	LOH/DT/70M – Gr.01	74	65,99,128.00	1,32,000.00	10,000.00	135 Days
	LOH/DT/70M – Gr.02	74	65,99,128.00	1,32,000.00	10,000.00	135 Days
	LOH/DT/70M – Gr.03	74	65,99,128.00	1,32,000.00	10,000.00	135 Days
	LOH/DDT/90M – Gr.01	50	50,59,299.00	1,01,200.00	10,000.00	90 Days
	LOH/DDT/90M – Gr.02	50	50,59,299.00	1,01,200.00	10,000.00	90 Days
	LOH/EDDT/120M – Gr.01	62	80,56,906.00	1,61,200.00	10,000.00	115 Days
	LOH/EDDT/120M – Gr.02	62	80,56,906.00	1,61,200.00	10,000.00	115 Days
2	Name of Work:- Construction of 300 x 115 mm dia and 60m deep (Av.) Gravel Packed drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted Mechanical/ Hydraulic Reverse Rotary with mud pump Rig machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Lohardaga District under D. W. & S. Division, Lohardaga for the Year 2023-24.					
	LOH/GPT/60M – Gr.01	54	79,53,108.00	1,59,100.00	10,000.00	100 Days
	LOH/GPT/60M – Gr.02	54	79,53,108.00	1,59,100.00	10,000.00	100 Days
	LOH/GPT/60M – Gr.03	53	78,05,828.00	1,56,200.00	10,000.00	95 Days
	LOH/GPT/60M – Gr.04	53	78,05,828.00	1,56,200.00	10,000.00	95 Days
3	वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि	16.11.2023 समय 02.00 बजे अपराहन् तक				
4	निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय	30.11.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक				
5	सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	30.11.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक				
6	तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय	02.12.2023 समय 04.00 बजे अपराहन्				
7	तकनीकी बीड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा।				
8	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम ;-	ई0 अनुप कुमार हांसदा:, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा।				
9	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0	8084784990				
10	ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0	8084784990				

नोट – केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 310857 Lohardaga (23-24)_D

मैक्सवेल के दोहरे शतक के आगे पस्त हुआ अफगानिस्तान

ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से रौंदा

एजेंसी। मुंबई

पैर में जकड़न के बावजूद ग्लेन मैक्सवेल के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और कप्तान पैट कमिंस के साथ उनकी रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया ने बेहद विषम परिस्थितियों से उबरते हुए मंगलवार को यहां अफगानिस्तान को तीन विकेट से हराकर लगातार छठी जीत के साथ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

अफगानिस्तान के 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैक्सवेल (128 गेंद में 201 रन, 21 चौके, 10 छक्के) ने दोहरा शतक जड़ा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर सात विकेट गंवाने के बावजूद 46.5 ओवर में सात विकेट पर 293 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैक्सवेल ने कमिंस (68 गेंद में नाबाद 12) के साथ आठवें विकेट के लिए 202 रन की अटूट साझेदारी की जो एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में अंतिम तीन विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इस साझेदारी में मैक्सवेल के दबदबे का अंदाजा इससे लगता है कि उनका योगदान इसमें 179 रन का रहा। मैक्सवेल ने मुजीब उर रहमान पर लगातार तीन छक्के और एक चौका जड़कर ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले मुजीब ने ही उनका कैच टपकाया था। मैक्सवेल इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया की ओर से एकदिवसीय क्रिकेट में शीर्ष स्कोरर बने। उन्होंने शेन वाटसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने अप्रैल 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 185 रन बनाए थे। साथ ही यह लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप में सबसे बड़ी जीत भी है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया के आठ मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं और टीम तीसरे स्थान पर है। इससे पहले सचिन तेंदुलकर की हौसलाअफजाई से प्रेरित इक्कीस साल के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने 143 गेंद में आठ चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 129 रन की पारी खेली जिससे अफगानिस्तान ने पांच विकेट पर 291 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान की टीम अंतिम पांच ओवर में 64 रन जोड़ने में सफल रही। राशिद खान ने डेथ ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंद में नाबाद 35 रन बनाए।

वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

टीम	मैच	जीत	हार	नेट प्वाइंट्स	नेट प्वाइंट्स
भारत	8	8	0	16	+2.456
सा. अफ्रीका	8	6	2	12	+1.376
ऑस्ट्रेलिया	8	6	2	12	+0.861
न्यूजीलैंड	8	4	4	8	+0.398
पाकिस्तान	8	4	4	8	+0.036
अफगानिस्तान	8	4	4	8	-0.338
श्रीलंका	8	2	6	4	-1.160
नीदरलैंड्स	7	2	5	4	-1.398
बांग्लादेश	7	1	6	2	-1.446
इंग्लैंड	7	1	6	2	-1.504

स्कोर बोर्ड

अफगानिस्तान	रन	बॉल	4	6
रहमानउल्लाह गुरबाज	21	25	2	0
इब्राहिम जदरान	129	143	8	3
रहमत शाह	30	44	1	0
हशमतउल्लाह शहीदी	26	43	2	0
अजमतउल्लाह ओमरजाई	22	18	1	2
मोहम्मद नबी	12	10	0	1
राशिद खान	35	18	2	3

अतिरिक्त : 16, **कुल :** 291/5 (50 ओवर)
विकेट पतन: 1-38, 2-121, 3-173, 4-210, 5-233 . डीआरएस
गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 9-0-70-1, जॉश हेजलवुड 9-0-39-2, ग्लेन मैक्सवेल 10-0-55-1, पैट कमिंस 8-0-47-0, ऐडम जैम्पा 10-0-58-1, ट्रैविस हेड 3-0-15-0, मार्कस स्टॉयनिस 1-0-2-0

ऑस्ट्रेलिया	रन	बॉल	4	6
डेविड वॉर्नर	18	29	3	0
ट्रैविस हेड	0	2	0	0
मिचेल मार्श	24	11	2	2
मार्नस लाबुशेन	14	28	2	0
जॉश इंग्लस	0	1	0	0
ग्लेन मैक्सवेल	201	128	21	10
मार्कस स्टॉयनिस	6	7	1	0
मिचेल स्टार्क	3	7	0	0
पैट कमिंस	12	68	1	0

अतिरिक्त : 15, **कुल :** 293/7 (46.5 ओवर)
विकेट पतन: 1-4, 2-43, 3-49, 4-49, 5-69, 6-87, 7-91 . डीआरएस
गेंदबाजी : मुजीब उर रहमान 8.5-1-72-0, नवीन उल हक 9-0-47-2, अजमतउल्लाह ओमरजाई 7-1-52-2, राशिद खान 10-0-44-2, नूर अहमद 10-1-53-0, मोहम्मद नबी 2-0-20-0

शाकिब-बांग्लादेश का रवैया स्पष्ट रूप से अपमानजनक था : मैथ्यूज

एजेंसी। नई दिल्ली

श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ टाइम-आउट दिए जाने के बाद शाकिब अल हसन और बांग्लादेश टीम की हरकतों को स्पष्ट रूप से अपमानजनक बताया। मैथ्यूज ने कहा, मैंने अपने 15 साल के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के दौरान कभी किसी टीम या खिलाड़ी को इतना नीचे गिरते हुए नहीं देखा। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच में उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि कोई अन्य टीम ऐसा करेगी।" एंगल मैथ्यूज को टाइम-आउट का हवाला देते हुए गेंद का सामना किए बिना आउट दिए जाने के बाद शब्द-युद्ध की शृंखला शुरू हो गई। मैथ्यूज बल्लेबाजी क्रीज पर आ गए थे और शाकिब की गेंदबाजी का सामना करने की तैयारी कर रहे थे, जब उन्होंने हेलमेट को कसने का प्रयास किया तो उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया, हेलमेट बदलने की मांग करते हुए, उन्हें बांग्लादेश की अपील पर लगभग तीन मिनट और 20 सेकंड में आउट दे दिया गया। मैथ्यूज ने कहा, यह शाकिब और बांग्लादेश के लिए स्पष्ट रूप से अपमानजनक था। अगर वे इस तरह से विकेट लेना चाहते हैं और उस स्तर तक गिरना चाहते हैं, तो इसमें बहुत बड़ी गड़बड़ी है।

बांग्लादेश ने जिस तरह से खेला वह बेहद निराशाजनक है। अगर यह मांकड़िंग या क्षेत्ररक्षण में बाधा डाल रहा था, तो कोई समस्या नहीं है। आईसीसी की खेलने की शर्तें यह निर्धारित करती हैं कि नए बल्लेबाज को आउट होने के दो मिनट के भीतर गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार होना चाहिए, यदि नहीं तो उसे आउट दिया जा सकता है।

हालाँकि, सोमवार की घटना में, समरविक्रमा का कैच पूरा होने के लगभग एक मिनट और 55 सेकंड बाद मैथ्यूज के हेलमेट का पट्टा टूट गया, जब मैथ्यूज शाकिब का सामना करने के लिए अपनी अंतिम तैयारी कर रहे थे - हालांकि उन्होंने अभी तक अपना बचाव नहीं किया था। दो मिनट के भीतर मैं क्रीज पर था, और जब मैं क्रीज पर था तभी मेरा हेलमेट टूट गया। अंपायरों ने ये देख लिया. मेरे पास अभी भी पांच सेकंड बचे थे। जब मैंने अपना हेलमेट दिखाया तो अंपायरों ने कहा कि (बांग्लादेश) ने अपील की है। तो मैंने पूछा कि सामान्य ज्ञान कहाँ था क्योंकि मेरे दो मिनट भी नहीं बीते थे।"

पीकेएल : रोहित ने गुजरात के लिए फिर से खेलने पर जताई खुशी, कहा-

अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार

एजेंसी। अहमदाबाद

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 10वां सीजन 2 दिसंबर, 2023 से अहमदाबाद के एरेना बाय ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम में शुरू हो रहा है, जहां घरेलू टीम अदानी गुजरात जायंट्स का सामना तेलुगु टाइटंस से होगा। गुजरात के स्टार रेडर रोहित गुलिया अपनी टीम के लिए अपनी भूमिका निभाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी घर वापसी पर बात करते हुए, रोहित ने कहा, हमारे पिछले प्रो कबड्डी लीग के नतीजों के मद्देनजर, हम इस साल अपनी तैयारियों में पूरी ताकत लगा रहे हैं। कोच राम मेहर सिंह भी हमारी भूमिकाओं को बेहतर ढंग से संप्रेषित करने में टीम की सहायता कर रहे हैं, हर बार जब बातचीत होती है, तो टीम हमेशा उनकी मूल्यवान विशेषज्ञता को अपनाती है और उसे मैट पर लागू करने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा, पांचवें और छठे सीजन के फाइनल में हमारे रेडरों और डिफेंस के बीच संयोजन का मुद्दा था, जिससे हमारे प्रदर्शन में बाधा आई। तब से, हमारी आक्रमण टीम ने पिछले दो सीजन में काफी प्रगति की है, जैसा कि आप हमारी टीम के संतुलन से देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह देखते हुए कि पिछले सीजन में हमारा प्रदर्शन प्रक्षेपवक्र केवल बढ़ा है, हम इस बार पासा पलटने को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि हमारे रोस्टर में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का एक बेहतरीन संयोजन है। जब उनसे पूछा गया कि वह अपने प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करने के लिए कितने उत्साहित हैं, तो रेडर ने कहा, यह हमेशा एक प्रेरणा होती है जब प्रशंसक बड़ी संख्या में अदानी गुजरात के दिग्गजों का समर्थन करने आते हैं। जब मैं घरेलू दर्शकों के सामने खेलता हूं, तो मुझे लगता है मेरी टीम के लिए प्रदर्शन करने के लिए ऊर्जा में वृद्धि हुई है और मैं परम गौरव की मेरी खोज में मेरा समर्थन करने के लिए राम मेहर सर और मेरे साथियों का आभारी हूं। जैसे-जैसे टूर्नामेंट करीब आ रहा है, हमारा बंधन और मजबूत होता जा रहा है और हम हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। युवा एथलीटों के बारे में भी दृढ़ता से बोलते हुए, रोहित कहते हैं, हमारे पास रेडर्स रोस्टर में कुछ अद्भुत प्रतिभाएं हैं।

स्वीयाटेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता और फिर बनी नंबर एक

एजेंसी। मैक्सिको

पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने सोमवार को संयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया और अपनी विश्व नंबर 1 रैंकिंग फिर से हासिल कर ली। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वीयाटेक ने पेगुला की सर्विस पांच बार तोड़ी और 59 मिनट के संघर्ष में अंतिम 11 गेम जीते। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सीजन में अपने करियर के कुल 17 खिताबों में से छह जीते और लगातार दूसरे साल विश्व नंबर 1 बनीं। स्वीयाटेक ने मैच के बाद कहा, जो टीम पूरे सीजन मेरे साथ रही, उसमें हमारे साथ कई उतार-चढ़ाव आए। यह निश्चित रूप से एक उतार-चढ़ाव है। अगर हम इसी तरह काम करते रहे तो हमारे पास निश्चित रूप से और भी बहुत कुछ होगा। पेगुला ने कहा, वह स्पष्ट रूप से वास्तव में वह रैंकिंग चाहती थी। मेरा मतलब है, जिस तरह से वह यहां प्रतिस्पर्धा कर रही थी, आप बता सकते हैं।

विश्व कप : आज इंग्लैंड बनाम नीदरलैंड

एजेंसी। पुणे

विश्व कप में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन कर खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी गत चैम्पियन इंग्लैंड की टीम बुधवार को जब नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने जीत के साथ चैम्पियंस ट्रॉफी में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने की चुनौती होगी। इंग्लैंड सात मैचों में महज एक जीत के साथ 10 टीमों की तालिका में आखिरी पायदान पर है जबकि नीदरलैंड की स्थिति उससे थोड़ी बेहतर है।

टीम इतने ही मैचों में दो जीत और चार अंक के साथ नौवें स्थान पर है। दोनों टीमें आधिकारिक तौर पर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर है। इंग्लैंड शनिवार को चिर-प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया से 33 रन की हार का सामना करना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट के दौरान बताया कि मेजबान पाकिस्तान के अलावा विश्व कप की शीर्ष सात टीमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके बाद से सभी टीमों ने इसमें जगह बनाने के लिए जोर लगाना शुरू कर दिया। चार साल बाद चैम्पियन बनी इंग्लैंड की टीम के लिए इस बार विश्व कप में कुछ भी अच्छा नहीं रहा।

इससे पहले इंग्लैंड की कोई भी टीम विश्व कप में इतने अधिक मैच नहीं हारी है। हालात यह है कि नीदरलैंड के खिलाफ भी टीम को तगड़ा दावेदार नहीं माना जा रहा है। चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने के लिए इंग्लैंड को नीदरलैंड और फिर पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी।

टीमें इस प्रकार है

इंग्लैंड : जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम करन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, डेविड विली, मार्क वुड और क्रिस वोक्स।

नीदरलैंड : स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान और विकेटकीपर), कोलिन एकरमैन, वेस्ले बारेसी (विकेटकीपर), बास डी लीडे, आर्यन दत्त, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, रेयान क्लेन, तेजा निदामानुरु, मैक्स ओडोड, साकिब जुल्फिकार, शारिज अहमद, लोगान वान बीक, रोल्फ वान डर मर्वे, पॉल वान मीकेरेन और विक्रमजीत सिंह।

हॉकी इंडिया में शामिल हुए दो नए अकादमी सदस्य

एजेंसी। नई दिल्ली

जमीनी स्तर पर युवा प्रतिभाओं को सामने लाने के अपने प्रयास को जारी रखते हुए, हॉकी इंडिया ने मंगलवार को दक्षिणी अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी और रितु रानी हॉकी अकादमी को दो नए अकादमी सदस्यों के रूप में शामिल किया है। यह निर्णय हॉकी इंडिया कार्यकारी निकाय द्वारा 03 नवंबर 2023 को मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मीटिंग हॉल में आयोजित 13वीं कांग्रेस में औपचारिक रूप से लिया गया था। बेंगलुरु, कर्नाटक में स्थित दक्षिणी अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना पार्थसारथी झा ने की थी। अकादमी विभिन्न खेल कार्यक्रमों में उत्कृष्टता का वादा करती है। पूर्व भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रितु रानी के नाम पर, रितु रानी हॉकी अकादमी की स्थापना श्री हर्ष शर्मा ने की थी और श्री बलजिंदर सिंह अकादमी के निदेशक हैं। अकादमी पंजाब के पटियाला में स्थित है। नए शामिल किए गए अकादमी सदस्यों पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, "हॉकी इंडिया में हमारे लिए दो नए अकादमी सदस्यों - दक्षिणी अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी और रितु रानी हॉकी अकादमी- को शामिल करना गर्व का क्षण है। यह वास्तव में खेल के विकास और जमीनी स्तर पर नई प्रतिभाओं की खोज में हमारे प्रयासों को मजबूत करता है। मैं दोनों अकादमियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं और उम्मीद करता हूँ ये खेल के कल्याण के लिए अपना अनुकरणीय कार्य जारी रखेंगे।" हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, "अधिक अकादमियों के आने से, खेल जमीनी स्तर पर विभिन्न तरीकों से बढ़ रहा है और हमें दक्षिणी अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी और रितु रानी हॉकी अकादमी के नए सदस्यों के रूप में बोर्ड पर आने से खुशी है।" नए सदस्यों को शामिल करने के साथ, हॉकी इंडिया में वर्तमान में 27 स्थायी सदस्य, 33 एसोसिएट सदस्य, 51 अकादमी सदस्य और 2 हॉक-की सदस्य हैं।

प्राइम टेबल टेनिस का दूसरा सीजन जनवरी 2024 में

एजेंसी। मुंबई

पहले सीजन के सफल प्रदर्शन के बाद, प्राइम टेबल टेनिस ने दूसरे सीजन के लिए अपने कार्यक्रम की घोषणा कर दी है, जो 6-7 जनवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। पहले सीजन में ठाणे जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित किया गया था, लेकिन दूसरा सीजन बड़ा और बेहतर होने वाला है। लीग ने पहले ही महाराष्ट्र राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के साथ 5 साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, जो खेल को लोकप्रिय बनाने, इसे अधिक सुलभ और व्यापक दर्शकों के लिए आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीजन 2 में 8 टीमें होंगी, जिसमें कुल 56 शीर्ष स्तरीय एथलीट होंगे और प्रत्येक टीम में 7 खिलाड़ी होंगे। खिलाड़ियों का चयन 5 को आयोजित खिलाड़ी नीलामी के माध्यम से किया गया था। मार्की पुरुष वर्ग में, दीपित पाटिल, चिन्मय सोमैया, और सिद्धेश पांडे शीर्ष तीन खरीददार थे, जिन्होंने तीव्र प्रतिस्पर्धा के लिए मंच तैयार किया। मार्की महिला वर्ग में समान रूप से उल्लेखनीय अधिग्रहण देखा गया, जिसमें श्रुति अमृते, श्रेया देशपांडे और समृद्धि कुलकर्णी ने सबसे अधिक बोली हासिल की, जो टेबल टेनिस प्रतिभा में बढ़ती रुचि और निवेश को दशार्ता है।

एफआईएच विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम

एजेंसी। नई दिल्ली

झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का खिताब जीतने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईच विश्व रैंकिंग में अब 2368.83 अंकों के साथ छठें स्थान पर आ गई है। हाल के दिनों में, टीम 8वें स्थान पर थी, लेकिन 19वें एशियाई खेलों हांग्जो 2022 में कांस्य पदक और झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत ने भारतीय महिला हॉकी टीम को अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्थान पर वापस ला दिया है, जहां जून 2022 में एफआईच प्रो लीग के दौरान भारतीय टीम थी। नीदरलैंड 3422.40 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया 2817.73 अंकों के साथ दूसरे और अर्जेंटीना 2766.90 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत से ऊपर रैंकिंग वाली अन्य दो टीमें बेल्जियम 2608.77 अंकों के साथ चौथे और जर्मनी 2573.72 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में उछाल टीम के लिए आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारियों के लिए एक बड़ा मौका है, जो 13 जनवरी से 19 जनवरी 2024 तक रांची, भारत में आयोजित होने वाला है। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए जर्मनी, न्यूजीलैंड, जापान, चिली, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली और चेक गणराज्य से भिड़ेगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा, मैं इस रैंकिंग को हासिल करने के लिए टीम को बधाई देना चाहता हूं, यह उनके अब तक के करियर में की गई कड़ी मेहनत और बलिदान का प्रमाण है। लक्ष्य समय के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाना है और यह एक अच्छे संकेतक के रूप में कार्य करता है कि टीम आगे बढ़ रही है। पीटर हैबरल के भी मानसिक कंडीशनिंग कोच के रूप में सेटअप में शामिल होने से मुझे विश्वास है कि टीम निकट भविष्य में और मजबूत होगी और खुद को आगे बढ़ाएगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम ने दुनिया की छठी सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है, वे सभी प्रशंसा की पात्र हैं। और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर भी आने वाले हैं, यह दुनिया को यह दिखाने का एक शानदार अवसर है कि भारत एक ताकत है।

विश्व कप 2023 | **बांग्लादेश टेस्ट दौरे के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित**

रवींद्र, फिलिप्स सहित 5 स्पिनर शामिल

एजेंसी। वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश में अपनी आगामी दो मैचों की टेस्ट शृंखला के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में रचिन रवींद्र और ग्लेन फिलिप्स सहित पांच स्पिनरों को शामिल किया गया है। जनवरी 2022 में माउंट माउंगानुई में बांग्लादेश से करारी हार के बाद टेस्ट टीम से बाहर किए गए रवींद्र को ब्रेकआउट वनडे विश्व कप के बाद वापस बुला लिया गया है। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक आठ पारियों में 523 रन बनाए हैं और पुरुष वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए तीन शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

मिचेल सेंटनर भी जून 2021 के बाद टेस्ट टीम में लौट आए हैं। सेंटनर ने नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए 2022-23 प्लंकेट शील्ड सीजन में 15 विकेट लिए और तीन मैचों में 312 रन बनाए हैं। मार्च में हैमिल्टन में अपने घरेलू मैदान पर, सेंटनर ने लगभग 43 ओवर तक गेंदबाजी की और अंतिम पारी में उनमें से चार विकेट लिए, जिसमें दो गेंदों में दो विकेट भी शामिल है, जिससे नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स ने दो रन से महत्वपूर्ण जीत हासिल की थी। हालाँकि, एजाज पटेल स्पिन आक्रमण का नेतृत्व करना जारी रखेंगे और अपने साथ लंबे प्रारूप में मजबूत फॉर्म लेकर आएंगे। उन्होंने हाल ही में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के लिए अपना 250वां प्रथम श्रेणी विकेट हासिल किया और इससे पहले मई में, उन्होंने ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ डरहम के लिए एक काउंटी खेल में दस विकेट हासिल किए थे। फिलिप्स और लेगस्पिनर ईश सोढ़ी दो अन्य स्पिनर हैं। न्यूजीलैंड के स्पिनर पाकिस्तानी दिग्गज सकलैन मुश्ताक के साथ काम करेंगे, जिन्हें इस दौरे के लिए न्यूजीलैंड के स्पिन-गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, हमने एक ऐसी टीम चुनी है जो हमें लगता है कि बांग्लादेश में प्रतिस्पर्धा कर सकती है और सफल हो सकती है। एजाज, ईश, मिच, ग्लेन और रचिन के साथ, हमारे पास एक मजबूत स्पिन समूह है जो शृंखला के दौरान अच्छी विविधता और विकल्प प्रदान करेगा। पिछली गर्मियों में मिच के पास प्लंकेट शील्ड अभियान में एक मजबूत बैक हाफ था और उसने अपनी लाल गेंद की गेंदबाजी में अच्छी प्रगति की है। रचिन एक बाएं हाथ के स्पिनर का विकल्प लाते हैं और गेंद के साथ पिछले 18 महीनों में काफी सुधार हुआ है - और बल्ले से उनका प्रदर्शन विश्व कप में सबके सामने है। यह न्यूजीलैंड का दस साल में बांग्लादेश का पहला टेस्ट दौरा होगा। उन्हें 2020 में देश का दौरा करना था, लेकिन कोविड-19 के कारण इसे रद्द कर दिया गया।

न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है

टिम साउथी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, केन विलियमसन, विल यंग।